कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


केंद्र ने नकली दवा बनाने वाली 18 कंपनियों पर कसा शिकंजा, निरीक्षण के बाद लाइसेंस किये रद्द











## प्रयागराज के एमपी-एमएलए कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

# माफिया सरगना अतीक समेत तीन को उम्रकैद

- 17 साल पुराने उमेश पाल अपहरण केस में अशरफ समेत सात बरी
- गिरोह के खिलाफ दर्ज 101 मामलों में से पहले में सुनायी गयी सजा
- वापस साबरमती जेल ले जाने के आदेश के बाद पुलिस उसे लेकर सड़क मार्ग से निकली




आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रयागराज।** माफिया सरगना अतीक अहमद को मंगलवार को प्रयागराज की एमपी-एमएलए कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनायी। 17 साल पुराने उमेश पाल अपहरण केस में यह सजा मंगलवार को सुनायी गयी। अदालत ने अशरफ उर्फ खालिद अजीम, फरहान, जावेद उर्फ बज्जू, आबिद, इसरार, आशिक उर्फ मल्ली और एजाज अख्तर को मामले से बरी कर दिया। पुलिस रिकॉर्ड में अतीक गैंग पर 101 मुकदमे दर्ज हैं। यह पहला मामला है, जिसमें अतीक को दोषी ठहराया गया और सजा मिली है। इस बीच उसे साबरमती जेल वापस भेजने का आदेश मिलने के कुछ देर बाद उसे लेकर पुलिस टीम सड़क मार्ग से रवाना हो गयी। जज दिनेश चंद्र शुक्ल ने अतीक के अलावा खान सौलत हनीफ और दिनेश पासी को भी उम्रकैद की सजा सुनायी है। तीनों पर एक-एक लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। यह रकम उमेश के परिवार को दी जायेगी। अतीक के वकील दया शंकर मिश्रा ने कहा है कि हम फैसले के खिलाफ हाइकोर्ट में अपील करेंगे। सजा सुनाये जाने के बाद दोपहर साढ़े तीन बजे अतीक और अशरफ को वापस नैनी जेल ले जाया गया। इस दौरान मीडियाकर्मियों ने अतीक-अशरफ से सवाल किये, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। अतीक और अशरफ को नैनी जेल वापस लाने के बाद जेल के अंदर नहीं लिया गया। दोनों कैदी वाहन में थे और वाहन जेल गेट पर खड़ा रहा। वरिष्ठ जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह ने अतीक को जेल में लेने से मना कर दिया। इसके थोड़ी देर बाद ही अतीक को वापस साबरमती और अशरफ को बरेली जेल भेजने के लिए समन पहुंच गया। आनन-फानन में दोनों को शिफ्ट करने की तैयारी की गयी और देर शाम दोनों को लेकर पुलिस की टीमें निकल गयीं। अतीक को जेल से जिस पुलिस वैन में लाया गया, उसमें सीसीटीवी लगे थे। जेल से कोर्ट तक की 10 किलोमीटर की दूरी 28 मिनट में तय हुई। अतीक को सोमवार शाम को अहमदाबाद की साबरमती जेल से और उसके भाई अशरफ को बरेली जेल से प्रयागराज लाया गया था। दोनों को नैनी सेंट्रल जेल में हाइ सिक्योरिटी बैरक में रखा गया था।

**फैसले से पहले अतीक को सुप्रीम कोर्ट से झटका :** इस बीच, उमेश पाल मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट ने अतीक अहमद की सुरक्षा देने की अपील खारिज कर दी है। अतीक ने याचिका में कहा था कि जब तक वह उत्तर प्रदेश पुलिस की कस्टडी में है, उसे सुरक्षा दी जाये। अतीक ने कहा था कि वह यूपी की जेल में शिफ्ट नहीं होना चाहता। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने अतीक के वकील से कहा कि अपनी शिकायत लेकर हाइकोर्ट जायें।

**उमेश की मां ने फांसी की मांग की :** अदालत के फैसले के बाद उमेश की मां शांति देवी ने कहा, अतीक अहमद ने मेरे बेटे की हत्या करायी। तीन लोगों की जान गयी। वह पुराना खूंखार बदमाश और डकैत है। वह पैसों के बल पर कुछ भी कर सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि अतीक को फांसी दी जाये।

## 30 जून तक कर सकते हैं पैन और आधार लिंक

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पैन-आधार को लिंक करने की अंतिम तिथि 31 मार्च से बढ़ाकर 30 जून कर दी है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी है। आधार-पैन लिंक करने की अंतिम तारीख पहले कई बार बढ़ायी जा चुकी है। सबसे पहले इसकी अंतिम तारीख 31 मार्च, 2022 तय की गयी थी।

## राजीव अरुण एक्का से लगातार दूसरे दिन इडी ने की पूछताछ

### विशाल चौधरी के साथ रिश्तों की बाबत पूछे गये सवाल

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का से इडी ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी करीब नौ घंटे पूछताछ की। इस दौरान उनसे विशाल चौधरी के साथ उनके रिश्तों की बाबत सवाल किये गये। उन्हें वह वीडियो भी दिखायी गयी, जिसे भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने जारी किया था। जानकारी के अनुसार इडी अब एक्का के जवाब की समीक्षा करने के बाद अपनी आगे की कार्रवाई के बारे में फैसला करेगी। फिलहाल उस वीडियो में एक्का के बगल में खड़ी महिला से पूछताछ करने का फैसला किया गया है। जानकारी के अनुसार उनके और विशाल चौधरी के बीच के संबंधों के बारे में पूछताछ की गयी। एक्का ने इडी से कहा कि विशाल चौधरी उनका मित्र है। इडी ने उनसे यह भी जानने की कोशिश की कि वह विशाल चौधरी के घर क्या कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वह उसे कागजात तैयार करने के तरीके के बारे में बताते हुए फाइल दिखा रहे थे। इसके अलावा उससे कोई दूसरा संबंध नहीं है। इडी के ट्रांसफर-पोस्टिंग से संबंधित सवाल के जवाब में राजीव अरुण एक्का ने तमाम आरोपों को बेबुनियाद बताया। 1994 बैच के आइएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का दिन में करीब 11 बजे हिनू स्थित इडी के कार्यालय पहुंचे। गाड़ी से उतरने के बाद वह सीधे भीतर चले गये। वहां मीडियाकर्मियों के उनसे बात करने के किसी सवाल का जवाब उन्होंने नहीं दिया। बता दें कि सोमवार को भी उनसे करीब 10 घंटे तक पूछताछ की गयी थी। राजीव अरुण एक्का देर शाम करीब आठ बजे बाहर निकले।

# कृषि मानव व्यवस्था को भी मजबूत करती है : मुख्यमंत्री

- किसानों को स्वावलंबी, सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए लगातार हो रहे प्रयास
- किसान पाठशाला के माध्यम से उन्नत कृषि के लिए किसानों को प्रशिक्षित किया जायेगा



### 17 एजेंसियों के साथ एमओयू , 26 पशु चिकित्सकों को दिया गया नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में किसान पाठशाला के लिए 17 सूचीबद्ध कार्यकारी एजेंसियों और पशुधन आपूर्तिकर्ताओं के साथ एमओयू हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 26 पशु चिकित्सकों और सात कर्मियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि कृषि सिर्फ अर्थव्यवस्था ही नहीं, बल्कि मानव व्यवस्था को भी मजबूत करती है। विशेषकर झारखंड जैसे राज्य की 'आत्मा' कृषि में बसती है, क्योंकि यहां की 70 प्रतिशत आबादी कृषि और पशुधन से जुड़ी है। ऐसे में सरकार का कृषि और किसानों के विकास पर विशेष फोकस रहा है। किसानों-पशुपालकों के स्वावलंबन, सशक्तीकरण और आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में किसान पाठशाला के माध्यम से किसानों को उन्नत कृषि और कृषि कार्य के आधुनिक तकनीकों की जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी है। मुख्यमंत्री मंगलवार को समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना -सह- कृषक पाठशाला के लिए सूचीबद्ध एजेंसियों और पशुधन आपूर्तिकर्ताओं के साथ एमओयू और नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**किसानों के लिए चल रहीं कई योजनाएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की जरूरतों और आवश्यकताओं को कैसे पूरा किया जाये, इस दिशा में नीति निर्धारण करने के साथ कई योजनाएं शुरू की गयी हैं। सरकार ने बजट में कृषि के लिए चार हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान रखा है। किसानों को सशक्त बनाने के लिए हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना और किसान पाठशाला जैसी योजनाओं के साथ तालाब निर्माण, कूप निर्माण और सिंचाई परियोजनाओं को मजबूत किया जा रहा है। वहीं, पशुधन योजनाओं से किसानों को जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा वन उपज को बढ़ावा देने के लिए सिदो-कान्हू कोऑपरेटिव फेडरेशन बनाया गया है। इन सभी का मकसद किसानों को आत्मनिर्भर बनाना है।

**कृषि पदाधिकारियों की हुई नियुक्ति :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 32 वर्षों के बाद कृषि पदाधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। इसका मकसद कृषि से जुड़े कार्यों और खेती के लिए किसानों को सहयोग करना है। उन्होंने कहा कि आज किसान खेतिहर मजदूर बनते जा रहे हैं।

**पशुधन योजना के तहत दिये जाने वाले पशुओं का होगा इंश्योरेंस :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों को दिये जाने वाले पशुओं का भी इंश्योरेंस कराया जायेगा, ताकि किन्ही वजहों से मवेशियों की मौत होने पर किसानों को किसी प्रकार का आर्थिक नुकसान नहीं उठाना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि समृद्ध किसानों-पशुपालकों के पशुओं के इंश्योरेंस के लिए भी बैंकों से बातचीत की जायेगी।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर कृषि मंत्री बादल, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीक और कृषि निदेशक चंदन कुमार सिंह, निदेशक उद्यान निसार अहमद, कृषि विभाग के विशेष सचिव प्रदीप हजारी और अपर सचिव अंजनी कुमार समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।




आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 56,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 73,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 29 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in


# राहुल गांधी प्रकरण के बाद आकार लेने लगी है विपक्षी एकता

## ■ कांग्रेस के नेतृत्व में 14 दलों का संयुक्त मोर्चा आ सकता है सामने

## ■ सावरकर पर बयानबाजी ने उद्धव ठाकरे को किया नाराज, राहुल मना लेंगे!

आजाद सिपाही विशेष

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द किये जाने पर जिस तरह सभी विपक्षी दल उनके समर्थन में उतर आये हैं, उससे इस बात के संकेत मिलने लगे हैं कि 2024 से पहले कांग्रेस के नेतृत्व में एक संयुक्त मोर्चा आकार लेने लगा है। सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी द्वारा कांग्रेस के नेतृत्व में 14 विपक्षी दलों की 'डिनर पॉलिटिक्स' के बाद जदयू अध्यक्ष ललन सिंह ने जिस तरह विपक्षी एकता के प्रति सकारात्मक बयान दिया, उससे तो यही निष्कर्ष निकलता है, लेकिन इसमें अभी कई पेंच सुलझने बाकी हैं। दरअसल तीसरे मोर्चे की कवायद में जुटे कुछ सक्रिय दल राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने के बाद अचानक पूरे विपक्ष का संयुक्त मोर्चा बनाने की बात करने लगे हैं। खासतौर पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की शीर्ष नेता ममता बनर्जी ने इस घटना के बाद अचानक अपना रुख बदल लिया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और कई अन्य विपक्षी नेताओं ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए राहुल गांधी के प्रति एकजुटता प्रकट की है और कांग्रेस के नेतृत्व में एकजुट होकर भाजपा का मुकाबला करने का मन बना लिया है। वैसे विपक्षी दल भी कांग्रेस की कमियों और उसकी परेशान हालत से वाकिफ हैं, लेकिन कानूनी लड़ाई के अलावा जनता के बीच जाने के सिवा विपक्ष के पास अब कोई दूसरा चारा भी नहीं है। सवाल यह है कि राहुल प्रकरण से पैदा हुई आपदा को अवसर में बदलने के लिए ये सभी विपक्षी दल एक साथ आ सकेंगे, जबकि पहले कदम पर ही उद्धव ठाकरे ने राहुल गांधी द्वारा सावरकर के बारे में की गयी बयानबाजी पर गहरी आपत्ति जता दी है और कई दूसरे दलों को भी लगता है कि विपक्षी एकता में सबसे बड़ी बाधा राहुल गांधी का व्यक्तित्व ही है। ऐसे में क्या हो सकता है विपक्षी एकता का आधार और स्वरूप और उसमें क्या अड़चनें हैं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

आगामी लोकसभा चुनाव में भले ही अभी करीब साल भर का समय बाकी है, लेकिन देश का राजनीतिक तापमान बहुत तेजी से बढ़ने लगा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को सूरत की अदालत से मानहानि के एक आपराधिक मामले में दो वर्ष की सजा सुनाये जाने के बाद संसद की सदस्यता के अयोग्य ठहरा दिया गया है, जिससे कांग्रेस की राजनीति अभी एक निर्णायक मोड़ पर आ गयी है। अभी तक गैर-भाजपा दल कांग्रेस को विपक्ष का नेतृत्व सौंपने में आनाकानी कर रहे थे, लेकिन 23 मार्च की घटना के बाद कांग्रेस को गैर-भाजपा विपक्षी दलों का व्यापक समर्थन मिला है। सोनिया-प्रियंका द्वारा आयोजित 'डिनर पॉलिटिक्स' का जो परिदृश्य सामने आया है, उससे लगता है कि राहुल प्रकरण पर विपक्ष की एकता आकार लेने लगी है। अब सुरक्षित तौर पर कहा जा सकता है कि यह कांग्रेस के लिए एक सुनहरा अवसर है, लेकिन क्या कांग्रेस इस स्थिति का राजनीतिक लाभ उठाने में सक्षम है? क्या वह सभी गैर-भाजपा दलों को साथ लेकर भाजपा को टक्कर दे पायेगी?

इन सवालों का जवाब आसान नहीं है। इस 'डिनर पॉलिटिक्स' के बाद दो बातें उभर कर सामने आयी हैं। पहला तो यह कि विपक्षी दल अब 2024 में कांग्रेस का नेतृत्व स्वीकार करने के लिए मानसिक रूप से तैयार होने लगे हैं। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने तो बाकायदा इस बारे में घोषणा भी कर दी कि 2024 में विपक्ष एकजुट होकर उतरेगा। मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई इस बैठक का दूसरा संदेश उद्धव ठाकरे की नाराजगी के रूप में था, जब उन्होंने राहुल गांधी द्वारा सावरकर पर की गयी टिप्पणी के प्रति नाराजगी दिखायी और बैठक में शामिल नहीं हुए। हालांकि अब राहुल गांधी की ओर से सावरकर पर टिप्पणी नहीं करने का एलान किया गया है। इसलिए अभी संभावना पूरी तरह खारिज नहीं हुई है।

लेकिन कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों को इस बात का एहसास है कि विपक्षी एकजुटता के रास्ते में एक बड़ी अड़चन खुद राहुल गांधी का व्यक्तित्व है। इस घटना के बाद बाकी विपक्षी नेताओं की तुलना में उनका राजनीतिक कद बहुत बढ़ गया है, लेकिन इस कद के साथ उन्हें न्याय करना होगा। और यहीं पर कई अड़चनें दिखायी देती हैं।



उन्हें ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, के चंद्रशेखर राव, नीतीश कुमार जैसे विपक्षी नेताओं के साथ तालमेल बना कर चलना होगा, जो बड़ा कठिन काम है। जबसे राहुल राजनीति में सक्रिय हैं, उन्होंने सहयोगी दलों के नेताओं के साथ एक तरह से दूरी बना कर रखी। एमके स्टालिन को छोड़ दें, तो बाकी सहयोगी दलों के नेताओं के साथ कभी राहुल ने गर्मजोशी नहीं दिखायी, बल्कि कई बार उन्होंने अपने बयानों से अन्य सहयोगी दलों के नेताओं के लिए मुश्किल ही खड़ी कर दी, जैसे सावरकर को लेकर दिये गये बयान के जरिये उन्होंने उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना को कठिनाइयों में ही डाल दिया। मगर अच्छी बात यह है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के तमाम गैर-भाजपा, गैर-राजग दलों से बहुत अच्छे संबंध हैं। लेकिन सवाल है कि जिस तरह महाभारत में अर्जुन के सारथी बने थे श्रीकृष्ण, क्या खड़गे वह भूमिका निभा पायेंगे।

राहुल गांधी के साथ जो हुआ है, उसके दो पहलू हैं। एक तो अदालती पहलू है और दूसरा राजनीतिक पहलू है। यह ध्यान रखना होगा कि जब भी किसी व्यवस्था के खिलाफ विपक्ष लड़ता है, तो वह लड़ाई लंबी होती है। उस लड़ाई को सतत जारी रखने के लिए सिविल सोसाइटी का सहयोग बहुत जरूरी होता है। ऐसा जेपी आंदोलन में भी हुआ था, राजीव गांधी के खिलाफ वीपी सिंह के अभियान में भी हुआ था, और हाल ही में अन्ना आंदोलन के दौरान भी सिविल सोसाइटी की सक्रिय भूमिका देखी गयी थी। यहीं पर कांग्रेस की जमीन कमजोर मालूम पड़ती है। अतीत में भी ऐसा कोई उदाहरण नहीं मिलता कि कांग्रेस ने सिविल सोसाइटी का राजनीतिक फायदा उठाया हो। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के समय जरूर सौ-डेढ़ सौ के करीब सिविल सोसाइटी उनके साथ जुड़ी थीं, पर उनमें से अधिकांश गैर-राजनीतिक सिविल सोसाइटी थीं। अब कांग्रेस या राहुल गांधी उन सबको अपने साथ जोड़ पायेंगे, इसे लेकर संशय है।

तीसरी बात, भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों को एकजुट करने के लिए कांग्रेस को उदार हृदय से एक को-ऑर्डिनेशन कमेटी बनानी चाहिए, जिसमें शरद पवार, फारूक अब्दुल्ला, चंद्रबाबू नायडू जैसे लोगों को शामिल करना चाहिए, जिनकी राजनीतिक साख दलों से ऊपर है। ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, के चंद्रशेखर राव जैसे नेताओं को इसमें सक्रिय भूमिका में लाना चाहिए। बेशक थोड़े-बहुत वैचारिक या मुद्दे आधारित मतभेद हो सकते हैं, लेकिन इन सबको एकजुट करके पटरी पर लाना बहुत कठिन, मगर महत्वपूर्ण होगा। इसके अलावा सोशल मीडिया के जमाने में एक और चीज महत्वपूर्ण है-समय, क्योंकि लोगों की याददाश्त बहुत छोटी होती है। जैसे, अभी बहुत से लोगों (जो घोषित रूप से कांग्रेस या भाजपा के समर्थक नहीं हैं) को लगता है कि राहुल गांधी भले ही उतने परिपक्व नेता न हों, लेकिन आपराधिक मानहानि के मामले में जिस तरह उनकी संसद सदस्यता खत्म की गयी, वह अनुचित थी। लोगों को लगता है कि यह राजनीति से प्रेरित है, क्योंकि सत्तारूढ़ भाजपा सहित विभिन्न दलों में बहुत से ऐसे नेता हैं, जिन्होंने अनाप-शनाप टिप्पणियां की हैं, लेकिन उन्हें कोई सजा नहीं मिली। ऐसा सोचने वाले करोड़ों लोग हैं, जो किसी पार्टी के समर्थक नहीं होते हैं, लेकिन चीजों को देखते-समझते और उनका संज्ञान लेते हुए वोट डालते हैं। तो ऐसे वर्ग का लाभ उठाने के लिए कांग्रेस और बाकी विपक्ष को तेजी से और चरणबद्ध तरीके से अपना अभियान चलाना होगा।

इस बात में कोई संदेह नहीं है कि राहुल गांधी प्रकरण ने कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष को एक अवसर प्रदान किया है, जिसका लाभ उठाने की पूरी जिम्मेवारी विपक्षी दलों पर ही है। इस अवसर को ये दल कितना भुना पाते हैं, यह देखना अभी बाकी है।

---

दारोगा नियुक्ति मामला

## हाइकोर्ट ने जेएसएससी की दलील को सही माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दारोगा पद पर नियुक्ति मामले में आरक्षण के लिए अपने ऑनलाइन आवेदन में दिये गये बीसी-2 कैटेगरी का सर्टिफिकेट नहीं देने की वजह से उन्हें सामान्य कैटेगरी में माने जाने और उनका चयन नहीं होने को लेकर जिज्ञासा गुप्ता की अपील की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में मंगलवार को हुई। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन का पक्ष जानने के बाद पार्थी की अपील को खारिज कर दिया।

कोर्ट ने एकल पीठ आदेश को बरकरार रखा। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि झारखंड संयुक्त पुलिस अवर निरीक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2017 में दारोगा पद पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन संख्या 5/ 2017 झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन ने निकाला था। प्रार्थी ने ऑनलाइन आवेदन में आरक्षण का लाभ लेने के लिए खुद को बीसी -2 कैटेगरी में डिक्लेयर किया था। बाद में उनका चयन जेएससीसी द्वारा कर लिया गया था। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के दौरान जब उन्हें बुलाया गया, तो उन्होंने अपना कैटेगरी सर्टिफिकेट बीसी 2 का नहीं दिया। उन्होंने बीसी 1 का सर्टिफिकेट



दिया। उनकी ओर से कहा गया कि ऑनलाइन आवेदन में उनकी ओर से गलती से बीसी-2 कैटेगरी भरा गया था। जेएसएससी ने उनकी इस बात को नहीं माना और उन्हें सामान्य श्रेणी में मानते हुए उनको चयनित नहीं किया, जिसके खिलाफ प्रार्थी ने हाइकोर्ट की एकल पीठ में याचिका दाखिल की। याचिका में कहा कि उन्हें बीसी में कंसीडर नहीं किया गया। गलती से उन्होंने आरक्षण के लिए बीसी-2 भर दिया था। एकल पीठ ने प्रार्थी की याचिका खारिज कर दी थी, जिसके खिलाफ उन्होंने हाइकोर्ट की खंडपीठ में एलपीए दाखिल की थी।

हाइकोर्ट की खंडपीठ ने प्रार्थी को राहत नहीं देते हुए उनकी अपील को खारिज कर दिया। खंडपीठ ने कहा कि विज्ञापन की शर्त के अनुसार एक बार कैटेगरी भरे जाने के बाद सलेक्शन के अंतिम प्रोसेस में इसमें सुधार नहीं किया जा सकता है। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल और प्रिंस कुमार ने पैरवी की।

---

## सरना धर्मगुरु डॉ प्रवीण उरांव का निधन, शोक की लहर

एसएस मोमोरियल कॉलेज में भूगोल विभाग के लेक्चरर थे

अंतिम संस्कार 29 मार्च को रातू में किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरना प्रार्थना सभा के राष्ट्रीय धर्मगुरु और संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज के भूगोल विभाग के लेक्चरर डॉ प्रवीण उरांव का मंगलवार को हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया। डॉ उरांव 58 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 29 मार्च को रातू में किया जायेगा। डॉ उरांव का पैतृक निवास स्थान रातू स्थित काठीटांड़ में है। उनकी कोई संतान नहीं है। उनकी पत्नी मंती उरांव गुमला बीएड कॉलेज में लेक्चरर हैं। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को दिन के करीब 12 बजे डॉ प्रवीण उरांव की तबीयत बिगड़ गयी। इनके भाई उन्हें निकट के हेल्थ केयर अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार, डॉ उरांव को हार्ट अटैक हुआ था। 24 मार्च को वह रातू में सरहुल शोभायात्रा में शामिल हुए थे और पूरी तरह से स्वस्थ थे। डॉ उरांव झारखंड आंदोलनकारी भी रहे हैं।



### आदिवासी समाज के लिए अपूरणीय क्षति : बंधु तिर्की



झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने झारखंड अलग प्रदेश निर्माण के आंदोलनकारी एवं सरना धर्मगुरु डॉ. प्रवीण उरांव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डॉ उरांव के निधन से झारखंड ने अपने एक वैसे हितैषी को खो दिया है, जिसके दिल में झारखंड रहता था। डॉ प्रवीण उरांव वैसे कुछेक गिने-चुने लोगों में से एक थे, जो हमेशा झारखंड की जमीनी समस्याओं के प्रति बेहद सतर्क रहते थे। तिर्की ने कहा कि विशेष रूप से आदिवासियों की मानसिकता के उन्नयन, आदिवासियों में स्वयं के प्रति आत्मसम्मान जागृत करने और आदिवासी समाज की प्रतिष्ठा को बढ़ाने में डॉ प्रवीण उरांव के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। तिर्की ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. प्रवीण उरांव के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके सपनों का झारखंड बनायें, जहां आदिवासियों की संस्कृति, संस्कार, मान-सम्मान और उनकी प्रतिष्ठा को हमेशा सबसे ऊंचा स्थान मिले। साथ ही किसी के लिए भी कोई अभाव या संकट ना हो।

### इन्होंने जताया शोक

उनके निधन पर विधायक राजेश कच्छप, नेहा शिल्पी तिर्की, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, देवकुमार धान, पूर्व टीएसी सदस्य रतन तिर्की, राजी पड़हा सरना प्रार्थन सभा के रवि तिग्गा, धर्म गुरु बंधन तिग्गा, कुंदरसी मुंडा, पवन तिर्की, निरंजन हेरेंज टोप्पो, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, बबलू मुंडा, फूलचंद तिर्की, शिवा तिर्की, पाहन जगलाल, प्रेमशाही मुंडा, अंतु तिर्की, डॉ करमा उरांव, अरविंद तिर्की, प्रो हरि उरांव, राजू नागवंशी सहित कई ने गहरा शोक प्रकट किया है।

---

## श्रम, नियोजन और रोजगार सचिव 6 अप्रैल को हाइकोर्ट में हाजिर हों

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने श्रम, नियोजन और रोजगार विभाग के सचिव को सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया है। अदालत ने उन्हें 6 अप्रैल को कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है। वीटीपी (वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोवाइडर) इशमत अंसारी के द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए हाइकोर्ट ने यह निर्देश दिया है। झारखंड हाइकोर्ट में इशमत अंसारी ने अपने अधिवक्ता नवीन कुमार के माध्यम से याचिका दाखिल की है। याचिका में उन्होंने कहा है कि एसीबी जांच के बाद भी उनके बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है। दरअसल, कौशल विकास केंद्र में कई वीटीपी (वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोवाइडर) की नियुक्ति की गयी थी, जिसमें 38 संस्थानों के खिलाफ एसीबी जांच हुई थी। मामले में क्लीन चिट मिलने के बाद भी इनके बिल का भुगतान विभाग नहीं कर रहा। इसके बाद बिल भुगतान की मांग को लेकर प्रार्थी ने हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस मामले की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में हुई।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

---

## रकीबुल ने गवाह पेश करने के लिए सीबीआइ कोर्ट से मांगा समय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची सीबीआइ कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में तारा शाहदेव से जुड़े मामले की मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई में नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के यौन उत्पीड़न केस में बचाव पक्ष ने गवाह प्रस्तुत करने के लिए कोर्ट से समय मांगा है। कोर्ट ने बचाव पक्ष यानी रंजित कोहली के आग्रह को स्वीकार करते हुए गवाह प्रस्तुत करने के लिए 11 अप्रैल का समय दिया है। इससे पहले सभी आरोपितों का 313 का बयान दर्ज किया जा चुका है। सीबीआइ ने इस मामले में 26 गवाह अदालत के समक्ष पेश किये हैं।



रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल के साथ हाइकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद और रकीबुल की मां ट्रायल फेस कर रही हैं। आरोपितों के खिलाफ कोर्ट ने 2 जुलाई, 2018 को आरोप गठित किया था। इसके बाद सीबीआइ ने इस केस को वर्ष 2015 में टेक ओवर किया था।

## नक्सल प्रभावित छह जिलों में लगेंगे मोबाइल टॉवर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चतरा, चाइबासा समेत छह जिलों के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (यूएसओएफ) परियोजना के तहत मोबाइल टॉवर लगाये जायेंगे।

इसको लेकर मंगलवार को एडीजी अभियान ने संबंधित जिले के एसपी के साथ झारखंड पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक की। जिन जिलों के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में मोबाइल टॉवर लगाये जायेंगे, उसमें चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, सरायकेला, चाइबासा और गढ़वा शामिल हैं। बता दें कि मोबाइल टावर के चालू होने से ब्रॉडबैंड की पहुंच बढ़ेगी। इससे कई गांवों को कवरेज प्रदान करने और डिजिटल विभाजन को रोकने में मदद मिलेगी। मोबाइल कवरेज इन नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में वामपंथी उग्रवाद से निपटने में गेम चेंजर साबित हो सकता है।

# जेल से रिहा कैदियों की काउंसिलिंग, ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग की व्यवस्था हो: हेमंत सोरेन

**झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में 24 कैदियों को रिहा करने पर सहमति**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में आजीवन सजा काट रहे 50 कैदियों की रिहाई की समीक्षा हुई। इस दौरान अदालतों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और प्रोबेशन पदाधिकारी के मंतव्य पर विचार-विमर्श के बाद 24 कैदियों को रिहा करने पर सहमति बनी।

**रिहा होनेवाले कैदियों का डाटा बैंक हो :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी कैदी रिहा किये जाते हैं, उनका डाटा बैंक बनाया जाये।



जेल से निकलने के बाद इन कैदियों की गतिविधियों की ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय-समय पर इन कैदियों की प्रॉपर काउंसिलिंग भी होनी चाहिए। इसके अलावा इन्हें सरकार की योजनाओं से भी जोड़ा जाये, ताकि वे मुख्यधारा से जुड़े रहें। वहीं, जरूरतमंद कैदियों के पुनर्वास की भी व्यवस्था होनी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, विभाग के प्रधान सचिव सह विधि परामर्शी नलिन कुमार, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, न्यायिक आयुक्त, रांची अरुण कुमार राय और कारा महानिरीक्षक उमांशंकर सिंह मौजूद थे।

# स्वर्णरखा पुल के नीचे शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के ओबरिया रोड स्वर्णरेखा पुल के नीचे एक अज्ञात शव बरामद किया गया है। शव को देखने से उसकी उम्र लगभग 45 साल लगती है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने शव देखा, तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गयी है। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो सकी है।

**DR. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY**
Ranchi, Jharkhand.
CORRIGENDUM-TENDER NOTICE

This is to notify that with reference to Tender No.: **DSPMU/G/201/23** which was inadvertently published on 22.03.2023 as **"Making of one Bust Size Statue (48 Inch) and a Full-Size Statue (72 Inch) with Bronze Metal"** has been amended and should be read as **"Making of Two Full-Size Statues with Bronze Metal".**

Inconvenience caused is sincerely regretted.

Sd/-
Registrar
DSPMU, Ranchi

Memo No: DSPMU/G/211/23 Date: 28/03/2023

## भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की रांची सांसद संजय सेठ की तारीफ, कहा-

# हर सांसद को संजय सेठ की तरह काम करना चाहिए

आजाद सिपाही संवाददाता

**दिल्ली/रांची।** मंगलवार को संसद भवन में आयोजित भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी सांसदों और नेताओं को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि जैसे-जैसे पार्टी की ख्याति-लोकप्रियता बढ़ेगी, विपक्ष अभी और निचले स्तर पर हमला करेगा। मजबूत लड़ाई के लिए तैयार रहें। इसके साथ ही उन्होंने सभी सांसदों से कहा कि वे 15 मई से 15 जून तक यानी एक महीने के लिए अपने संसदीय क्षेत्र में जायें और लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में बतायें। वहीं अपने संबोधन की शुरुआत में प्रधानमंत्री ने रांची सांसद संजय सेठ की जम कर



तारीफ की।

उन्होंने कहा कि एक सांसद का काम सिर्फ जिंदाबाद और मुर्दाबाद करना नहीं होता है। हर सांसद को कुछ सकारात्मक और रचनात्मक करने की जरूरत है। कहा कि संजय सेठ एक दिन मेरे आवास पर मुझसे मिलने आये थे। मुलाकात के दौरान सांसद ने मुझे बताया कि कैसे उन्होंने इस होली पर अपने संसदीय क्षेत्र रांची में मोटे अनाज की होली मनायी। उन्होंने मोटे अनाज से पकवान तैयार करवाया और लोगों ने उसे चाव से खाया।

यह अपने आपमें एक अलग और सकारात्मक पहल है, जिसमें त्योहार के दौरान बनने वाले पकवानों को मोटे अनाज से बनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने संजय सेठ द्वारा रांची में सांसद खेल महोत्सव के सफल आयोजन की भी तारीफ करते हुए कहा कि एक सांसद को ऐसे ही काम करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि सांसद सेठ ने मुझे इस मुलाकात के दौरान उनके द्वारा अयोजित सांस्कृतिक महोत्सव के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि झारखंड के कलाकारों को प्रोत्साहित करने और उनकी कला को मंच देने के उद्देश्य से वह सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित कर रहे हैं। कहा कि सांसद सेठ के कार्यक्रमों के बारे में जान कर मुझे बहुत खुशी हुई। सासंद द्वारा किये जा रहे कार्यो से प्रधानमंत्री इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने सासंद संजय सेठ को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी जाने का न्योता देते हुए वहां भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कराने को कहा। उसके बाद सांसद संजय सेठ वाराणसी गये और उन्होंने वहां दो दिन बिताया। रांची के सांसद की प्रधानमंत्री के मुख से इतनी तारीफ गौरव की बात है।

# अप्रैल को सामाजिक न्याय माह के रूप में मनायेगी आजसू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी अप्रैल माह को सामाजिक न्याय माह के रूप में मनायेगी। इसके तहत 5 से 30 अप्रैल तक महापुरुषों की जयंती और शहादत दिवस मनाये जायेंगे। कार्यक्रम प्रखंड से लेकर राज्य स्तर तक होगा। वहीं 6, 7 और 8 अक्टूबर को आजसू पार्टी का अधिवेशन होगा। उपरोक्त जानकारी आजसू के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण ने दी। उन्होंने



कहा कि आजसू पार्टी ने रिसर्च एंड एनालिसिस विंग का गठन किया है, जिसमें झारखंड के मुद्दों पर रिसर्च किया जायेगा।

## अप्रैल में होने वाले कार्यक्रम

5 अप्रैल को रघुनाथ महतो का शहादत दिवस मनाया जायेगा। 11 अप्रैल को सिदो-कान्हू की जयंती मनायी जायेगी। 13 अप्रैल को जिला स्तरीय सामाजिक न्याय मार्च निकाला जायेगा। 14 अप्रैल को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती मनायी जायेगी।

15 अप्रैल को गंगाराम जयंती मनायी जायेगी। 27 अप्रैल को राज्य स्तरीय सामाजिक न्याय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। 27 अप्रैल को अनुसूचित जनजाति सम्मेलन भोगनाडीह में किया जायेगा। 30 अप्रैल को अनुसूचित सम्मेलन चतरा में आयोजित किया जायेगा।



## बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं को मुंह और दांतों के रख रखाव की मिली जानकारी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** विश्व मुँख स्वास्थ्य दिवस के तहत राष्ट्रीय मुँख स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शरद कुमार के नेतृत्व में एक डेंटल टीम ने झारखंड बालिका आवसीय विद्यालय डोमचांच के कक्षा छः से कक्षा आठ तक की छात्राओं को मुँहऔर दाँतों के रख रखाव कैसे किया जाए, इसकी जानकारी दी गयी। साथ ही कुल 128 छात्राओं की ओरल स्क्रीनिंग भी की गई। ब्रश करने का तरीका बताया गया और रात में सोने से पहले अपनी दाँतों की सफाई अवश्य करें, यह सुझाव दिया गया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शरद कुमार ने बताया कि पिछले छह महीनों से लगातार कोडरमा जिला राज्य में प्रथम स्थान पर है। स्कूल के सभी बच्चियों को टूथ ब्रश,टूथ पेस्ट और हाथ धोने की साबुन वितरित किया गया। मौके पर झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डन सुनीता कुमारी रवानी, शिक्षिका ललिता कुमारी, विनीता कुमारी, नीलम सिन्हा मौजूद थीं, जबकि कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजन करने में जिला एनसीडी के जिला कार्यक्रम सहायक प्रदीप कुमार, जिला तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के परामर्शी दीपेश कुमार, डेंटल हैजिनिस्ट जितेंद्र कुमार मिश्रा मौजूद थे।

## डीएवी झुमरीतिलैया का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** 28 मार्च को डीएवी पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। सभी बच्चों ने अपनी कठिन मेहनत और परिश्रम से पूरे वर्ष अपना शैक्षणिक प्रदर्शन दिखाते हुये परीक्षा में सफलता प्राप्त की। बच्चों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। मौके पर विद्यालय की प्रातः कालीन सभा में शिक्षकों, बच्चों व अभिभावकों की गौरवमयी उपस्थिति में विद्यालय की प्रभारी शिक्षिका सह सुपरवाईजरी हेड मौसुमी मल्लिक ने प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को रिपोर्ट कार्ड प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जो बच्चे प्रथम , द्वितीय और तृतीय स्थान नहीं प्राप्त किये उन्हें निराश नहीं होना चाहिए। वे कठिन परिश्रम करके पुनः उस स्थान को प्राप्त कर सकते हैं। जो बच्चे परिश्रम करते हैं सफलता अवश्य उनके कदमों को चुनती हैं। उन्होंने इस अवसर पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों में आठवीं कक्षा की पल्लवी कुमारी और मावरा जया को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इन बच्चों ने पाँच हजार रुपए का पुरस्कार व शील्ड भी प्राप्त किया। नासो ओलम्पियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों में शाम्भवी सिंह, आयुष, ख्याति राज्यन, आयुष राज, आयुष नमन को गोल्ड मेडल व प्रशशित पत्र प्रदान किया। उन्होंने पूरे वर्ष सीसीए में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को, वेल ड्रेस, मोस्ट डिसिप्लिन बॉयज, गर्ल्स, बेस्ट इंस्ट्रुमेंटल प्लेयर, बेस्ट इन अकेडमिक, बेस्ट आर्टिस्ट, बेस्ट सिंगर तथा स्टूडेंट्स ऑफ द इयर का पुरस्कार अमन कुमार बारहवीं विज्ञान के छात्र को प्रदान किया। चारों सदनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सदनों में राजा राम मोहन राय सदन उपविजेता एवं रामकृष्णा सदन विजेता घोषित हुआ।

## हजारीबाग यूथ विंग रामनवमी के दिन 251 किलो लड्डू का वितरण करेगा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्म उत्सव रामनवमी पर्व को लेकर जहां पूरा हजारीबाग भगवा मय हो चुका है, तो वहीं दूसरी ओर हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा राम नवमी के पावन पर्व पर नवमी को 251 किलो लड्डू का वितरण किया जाएगा। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। ढोल नगाड़ों के साथ प्रभु श्री राम को 11 किलो की एकमात्र लड्डू से भोग लगाया जाएगा जिसके पश्चात सभी राम भक्तों एवं हजारीबाग की आम जनता के बीच लड्डू महा भोग का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ समाजसेवी सहित कई लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम को विशेष रूप से सफल बनाने में संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, अध्यक्ष लखन खंडेलवाल, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल,विकास तिवारी, जय प्रकाश खण्डेलवाल, बिट्टू बिहारी, विजय अग्रवाल,सनी देव, अजीत चंद्रवंशी, डॉक्टर वी वेंकटेश, अमित कुमार, सिद्धांत मद्धेशिया, सत्या नारायण सिंह सहित कई लोग कार्यक्रम को सफल बना रहे हैं।1

## माता का पट खुलते ही दर्शन से निहाल हुए भक्त



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र में दुर्गा पूजा हर्षोउल्लास के साथ मनाया जा रहा है। या देवी सर्व भूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता नमस्तस्ये नमस्तस्ये नमस्तस्ये नमो नमः से पूरा प्रखण्ड गूंज उठा पूरा प्रखण्ड भक्ति मय हो गया है महासप्तमी के माता रानी के पट्ट खुलते ही माता के दर्शन से निहाल हुए भक्त गाजे बाजे के साथ भक्तगण डोली में नवपत्रिका को लेकर महेंद्र पंडा ज्योतिष पंडा गंगाधर पंडा चतुर्भुज पांडेय, विकास पांडेय, छोटी ठाकुर, तालाब में स्नान करा कर मंडप में प्रवेश किया गया कलश स्थापना प्राण प्रतिष्ठा के साथ महसप्तमी का पूजा अर्चना कर आरती किया गया इधर प्रखण्ड के झरपो , होलंग, और कोल्हू में दुर्गा पूजा हो रही है कमिटी के अध्यक्ष सचिव पूजा को शान्ति पूर्वक मनाने का अपील किये है। वीडियो साइना तिग्गा ,थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार अपने दल बल से साथ पंडाल का भ्रमण किया और थाना क्षेत्र में रामनवमी को देखते हुए दारू दुकानों में छापेमारी की जा रही है छापेमारी के दौरान झरपो और धर्मपुर से 25 किलो जावा महुआ और 5 लीटर महुवा दारू को नष्ट किया गया थाना प्रभारी कमिटी के अध्यक्ष सचिव से कहा कि जो भी पूजा में हुड़दंग करते हुए पकड़ा जाएगा तो सूचना प्रशासन को दिया जायेगा।

## 11 हजार वोल्ट के तार की चपेट में आने से हाइवा ट्रक में लगी आग



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत महतोआहर गझण्डी रोड स्थित तुलषयान फैक्ट्री के नजदीक मंगलवार की सुबह पत्थर लदे हाइवा ट्रक में आग लगने के कारण चालक गंभीर रूप से झुलस गया। जानकारी के अनुसार लालमनदिग्थु, थाना चंदवारा निवासी विनोद यादव, पिता अनिल यादव पत्थर लोड कर हाईवा से गझण्डी रोड की ओर जा रहा था। इसी दौरान 11 हजार वोल्ट के तार की चपेट में आने से हाईवा में आग लग गई, जिससे चालक गंभीर रूप से झुलस गया। वही घटना के बाद हाइवा धू-धु कर जल गया। बाद में घटना की जानकारी होने के बाद तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार एवं एसआई सोनी प्रताप घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

### महाराष्ट्र के रणबाध ढोल ताशा के साथ मराठा कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

# सार्वजनिक रामनवमी महासमिति कोर्रा ने सप्तमी को निकाली झंडा शोभा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** रामनवमी के रंग में पूरा हजारीबाग रंग चुका है। हर ओर जय श्री राम के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान है। सनराइज ग्रुप के शोभायात्रा के बाद मंगलवार को सार्वजनिक रामनवमी महासमिति, कोर्रा द्वारा रामनवमी महापर्व को लेकर सप्तमी के अवसर पर शहर के विभिन्न मार्गों में आकर्षक झंडा शोभायात्रा निकाला गया। पुरानी परंपरा एक बार फिर हजारीबाग में जीवंत होता प्रतीत हो रहा है। पुराने समय के अनुसार हजारीबाग में आधुनिक तरीके से पूरी तरह सौहार्दपूर्ण वातावरण में अनुशासित होकर झंडा यात्रा की अनोखी शुरूआत सनराइज ग्रुप ने की तो उनका यह पहल अन्य क्लबों के लिए भी प्रेरक साबित हो रहा है। जिसमें देश के मशहूर महाराष्ट्र के रणबाध ढोल ताशा पथक के साथ मराठा कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति कर समाँ बांध दिया। शोभा यात्रा के दौरान महावीरी पताके और भगवा ध्वजों से पूरा शहर पट गया। पित्त परिधानों से सजी युवती और महिलाएं जहां यात्रा का अगुआई कर रही थी, वहीं हाथों में तलवार लिए भगवा रंग में रंगे युवती रानी लक्ष्मी बाई के वेश में घोड़े पर सवार होकर शोभा यात्रा का अगुवाई कर रही थी। शोभा यात्रा में परंपरागत कला कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। बाल-गोपालों द्वारा भी झंडों का परचम लहराया गया। शोभायात्रा का उद्घाटन सदर विधायक मनीष जायसवाल, बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव, समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, दिनेश सिंह राठौड़, हरीश श्रीवास्तव, विजय कुमार, नरेंद्र कुमार, पंकज गुप्ता, अनिल गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोगों ने झंडा दिखाकर किया ।

## आयकर विभाग ने झुमरीतिलैया में कई जगहों पर मारे छापे

आजाद सिपाही संवाददाता




**झुमरीतिलैया ।** झारखंड में इन दिनों ईडी और इनकम टैक्स के छापे पड़ना आम सी बात है। लेकिन इस बार यह छापे झुमरीतिलैया में पड़े हैं। आयकर विभाग ने शहर के कई प्रतिष्ठानों पर एक साथ रेड मारी है। इसमें मुख्य रूप से ग्रिजली विद्यालय के निदेशक अविनाश सेठ के आवास, कार्यालय, राइस मिल, बीएड कॉलेज के अलावा उनके संबंधी के कन्हैया मिष्ठान सहित अन्य जगहों पर एक साथ रेड मारी गई। इसके अलावा आर्यन हॉस्पिटल भी शामिल है। आयकर विभाग की टीम ने सोमवार की शाम को ही शहर के कई प्रतिष्ठानों में एक साथ सर्वे शुरू किया। शहर के कन्हैया मिष्ठान भंडार में जांच के दौरान किसी भी ग्राहक को अंदर प्रवेश नहीं करने दिया गया। जांच के दौरान ग्राहकों और अन्य लोगों को रोकने के लिए पुलिस मुख्य गेट पर तैनात रही। जबकि अधिकारी कागजातों की छानबीन में जुटे रहे। तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में भी सोमवार और मंगलवार को आयकर का सर्वे जारी रहा। रेड सोमवार की शाम से शुरू होकर मंगलवार की देर शाम तक जारी रही। रेड को लेकर आयकर विभाग के अधिकारी कुछ भी बताने से इंकार कर रहे हैं। वही रेड में कोडरमा, हजारीबाग एवं रांची की टीम शामिल है।

सनद हो कि 90 के दशक में ग्रिजली चिटफंड कंपनी शुरू हुआ था और आज ग्रिजली विद्यालय, बीएड कॉलेज, बचपन स्कूल, ग्रिजली पब्लिक स्कूल, राइस मिल के अलावा भी कई व्यवसाय तथा निवेश हैं। यहां आयकर की रेड होने के बाद लोगों के बीच तरह-तरह की बातें चर्चा में है। वहीं झुमरीतिलैया में आर्यन हॉस्पिटल में भी आयकर की टीम ने सर्वे किया जिसके संचालक डॉ प्रवीण कुमार हैं। इधर आयकर छापे की खबर के बाद मंगलवार को ग्रिजली के चौपारण स्थित कार्यालय में ताला लटका पाया गया।

## डिवाइन स्कूल के दो छात्रों का राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए हुआ चयन

आजाद सिपाही संवाददाता




**बरकट्ठा।** प्रखंड के गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के दो छात्रों का राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में अपने वेट में झारखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ।छत्तिसवां राष्ट्रीय सब जुनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में राजेश कुमार का 21 किलोग्राम कैटेगरी में और पांचवां राष्ट्रीय के-डेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में मुकेश कुमार का 51 किलोग्राम कैटेगरी में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयन किया गया है। यह प्रतियोगिता 28 मार्च से 31 मार्च तक राजस्थान में आयोजित किया जाएगा। पूरे झारखंड राज्य में में इस वेट कैटेगरी में केवल राजेश कुमार और मुकेश कुमार का चयन हुआ है। इनका चयन होने में सबसे ज्यादा योगदान ताइक्वांडो प्रशिक्षक गुलाम हसन का है जो अपने कड़े प्रशिक्षण से इन बच्चों को इस योग्य बनाया कि ये केवल विद्यालय का ही नहीं बल्कि झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने योग्य हो गए। विद्यालय निदेशक आई पी भारती ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। विद्यालय प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यालय में छात्रों के हर क्षेत्र के विकास का ध्यान रखा जाता है।

## डीसी ने बैठक कर योजनाओं की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं, मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना, नीलांबर पीताम्बर जल समृद्धि योजना, टीसीबी, पौधारोपण, डोभा निर्माण व आजीविका संवधन को लेकर गांव स्तर पर किये जा रहे कार्यों के क्रियान्वयन हेतु बैठक आहूत किया गया। बैठक में जेएसएलपीएस के कर्मी, बीपीओ, रोजगार सेवक व अन्य शामिल हुए। उपायुक्त श्री रंजन ने प्रखंडवार गांव में किये गये कार्यों की जानकारी प्राप्त किये। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी, जल संरक्षण के लिए टीसीबी की निर्माण, डोभा इत्यादि कार्यों की जानकारी ली। उपायुक्त ने सभी कर्मियों को निर्देश दिये कि लक्ष्य के अनुरूप टीसीबी, फील्ड बंड, पौधरोपण, मेढ़ बंदी कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। जल संरक्षण के लिये अधिक से अधिक टीसीबी व फील्ड बंड का निर्माण सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त सभी गांवों में अधिक से अधिक पौधे लगायें। उपायुक्त ने कहा कि चिन्हित किए गए तालाबों का जीर्णोद्धार और गहरी करण करें। साथ ही मेंढ़ के चारों ओर पौधारोपण करें। तालाब में आजीविका के साधन बढ़ने के लिए तालाब में मछली पालन हेतु दिशा निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से जेएसएलपीएस डीपीएम, पीएमयू सदस्य धनपाल, बीपीओ व अन्य मौजूद रहे।

## रामनवमी की तैयारियों में सद्भावना विकास मंच की अहम भूमिका

दीपक सिंह



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** 2016 में स्थापित सद्भावना विकास मंच प्रत्येक वर्ष विभिन्न पर्व त्यौहार के अवसर पर सांप्रदायिक सौहार्द आपसी भाईचारे हिंदू मुस्लिम एकता सर्व धर्म समभाव के लिए अपनी विशिष्ट भूमिका विगत 7 वर्षों से निरंतर निभाते आ रहा है। इस वर्ष भी रामनवमी और रमजान के शांतिपूर्ण समापन हेतु जिला प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर सद्भावना विकास मंच की टीम लगी हुई है। डीसी नैंसी सहाय एवं एसपी मनोज रतन चौथे की अध्यक्षता में सद्भावना विकास मंच की बैठक जिला प्रशासन के साथ हुई जिसमें सद्भावना विकास मंच ने रामनवमी पर्व के मद्देनजर विभिन्न मोहल्लों में हिंदू मुसलमानों के साथ बैठक आपसी सद्भाव बनाने के लिए पंपलेट का वितरण, जुलूस में शामिल राम भक्तों के लिए शुद्ध पेयजल, सत्तू, पूड़ी सब्जी, खिचड़ी, चना का वितरण, प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था का संकल्प लिया है। इसी क्रम में सद्भावना विकास मंच की टीम ने रामनवमी जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया तथा मार्ग में बिजली के तार सड़कों पर पड़े ईट बालू छरी गलियों में व्याप्त गंदगी बिजली से संबंधित समस्याओं चलंत शौचालय एवं ग्रामीण महिलाओं के लिए अस्थाई शौचालय एवं टॉयलेट की व्यवस्था से संबंधित समस्याओं की ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करवाकर इसका समाधान करवाया। सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष इरफान अहमद उर्फ काजू, सचिव मनोज गोयल, उपाध्यक्ष दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष मकसिर आलम, मीडिया प्रभारी जेपी जैन, सोहेल खान, शोएब अख्तर, शिवली अहमद, महताब आलम, शाहिद खान, सरदार रम्मी सिंह, मिथिलेश कुमार शर्मा, अशोक अग्रवाल, मोहम्मद वारिस, मोहम्मद अली, मोंटी सिंह, खेसाल अहमद, डॉ भैया असीम, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार राजू, नगर निगम के पूर्व उपमहापौर आनंद देव, आकाश, सुबोध समाजसेवी मुन्ना सिंह, मोहम्मद रेहान, धर्मेंद्र कुमार जैन, एमडी अकरम, सुनील गुप्ता, रवि प्रकाश अग्रवाल, एमडी नौशाद समेत भूमिका निभा रहे हैं ।

## एनटीपीसी ने जिला प्रशासन को टी-शर्ट और लाठी सौंपी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** केरेडारी कोयला खनन परियोजना, एनटीपीसी लिमिटेड के महाप्रबंधक सह परियोजना प्रमुख फैज तैयब ने अनुमंडल पदाधिकारी, सदर विधा भूषण कुमार के अनुरोध पर जिला प्रशासन को रामनवमी 2023 के अवसर पर सहयोग स्वरुप 2100 सौ टी शर्ट तथा पांच सौ लाठी का योगदान दिया। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी लिमिटेड आगे भी जिला प्रशासन का हरसंभव सहयोग करता रहेगा।

## कैंपियन बेसिक एकेडमी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले विद्यार्थी सम्मानित



**इचाक (आजाद सिपाही)।** मानव विकास संस्था द्वारा संचालित विद्यालय कैंपियन बेसिक अकैडमी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय सचिव बीरबल प्रसाद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कक्षा नवम से श्वेता कुमारी, मौली कुमारी, सागर कुमार ,सिमरन कुमारी ,शुभम कुमार देव ,अर्पणा कुमारी , लाडली कुमारी कक्षा अष्टम से सुलेखा कुमारी, खुशी कुमारी ,सुप्रिया कुमारी, सुशांत कुमार मेहता ,मीठी गुप्ता वहीं कक्षा सप्तम से शशि भास्कर, आर्यन राज, साक्षी कुमारी, सुजल कुमार, नमन कुमार इत्यादि ने बेहतर प्रदर्शन करते हुवे क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त किया ।इस अवसर पर श्री प्रसाद ने कहा कि लगातार मेहनत करने वाले विद्यार्थी निश्चित रुप से सफलता प्राप्त करते हैं। पढ़ाई के लिए बच्चों के बीच में हमेशा प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। कोई भी विद्यार्थी तेज या कमजोर नहीं होता, उनका मेहनत, पढ़ाई के प्रति लगन उन्हें तेज या कमजोर बनाता है। मौके पर उपस्थित प्रबंधक गणेश शंकर मदन ने कहा कि कम नम्बर लाने वाले विद्यार्थी हतोत्साहित ना हो आप लगातार मेहनत करें आपका भी परिणाम अच्छा होगा। वहीं प्राचार्य सुरभि वर्मा ने भी बच्चों को सफलता के कई टिप्स बताए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## विधायक ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन




**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा परिसर में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन विधायक अमित कुमार यादव, प्रमुख रेणु देवी, बीडीओ,जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया सीएचसी प्रभारी डॉ रत्ना रानी,बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष कुदूश अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मंच का संचालन प्रकाश पंडित ने किया। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्र मे जनमानस तक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढे और लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि वरीय पदाधिकारियों से बात कर जल्द ही चिकित्सक की कमी को पूरा किया जाएगा एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य मेला में दर्जनों स्टॉल लगाया गया जहां लोगों ने अपने अपने स्वास्थ्य की जांच करते हुए निशुल्क दवाइयां प्राप्त की। कार्यक्रम में पंसस युसुफ अंसारी, रामचंद्र साव, बीपीएम रंजीत सिंह, डॉ निशांत बेग, डॉ जसीम, डॉ फातिमा, डॉ अमित भंडारा, डॉ प्रिती प्रिया,भावेश सिंह,विशाल सिंह,अनिवेश कुमार, राकेश सिंह, संजय कुमार, विवेक कुमार, पल्लवी कुमारी,किरण कुमारी, जयंती कुमारी, हीरालाल महतो, इम्तियाज अंसारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद,जिप सदस्य प्रतिनिधि सीके पाण्डेय, दिनेश प्रसाद,भोला राम, मिथलेश भारती, श्रीकांत पाण्डेय,बीरेंद्र मेहता, राजकुमार यादव, मुकेश यादव समेत उपस्थित थे।

## मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी ने आकर्षक झंडा शोभायात्रा निकाली

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की ओर से सप्तमी को भव्य झंडा आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड मातृशक्ति प्रखंड अध्यक्ष कंचन देवी एवं कोमल कुमारी ने किया। भव्य शोभायात्रा चैती दुर्गा मंदिर से अखाड़ा चौक, हॉस्पिटल चौक, सातमाइल मोड़ से वापसी ब्लॉक रोड, अंबेडकर चौक, तेली मोहल्ला, कसेरा मोहल्ला, बोलियांगंज होते हुए चैती दुर्गा मंदिर में समापन किया गया। शोभा यात्रा के दौरान अनुश्रेया कुमारी ने अपनी मधुर आवाज से सभी विष्णुगढ़ वासियों का मन मोह लिया। इस शोभायात्रा में नरेश रवानी, शंकर सोनी, वरुण कुमार, ओंमकारनाथ शर्मा, सिकंदर साव, विकास सिंह, कुंदन शर्मा, पवन प्रताप सिंह, विनोद सिंह, अजय साव, शशि लाहकार, अक्षय कुमार, संजय पांडेय, रोशन पांडेय नंदनी कुमारी, अंजली कुमारी, डोली कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, पायल कुमारी, रेखा कुमारी, छोटी कुमारी, सोनी देवी, पूजा कुमारी समेत सैकड़ों की संख्या में महिलाएं मौजूद थे।

## दिव्यांग छात्रा रेखा कुमारी को उपायुक्त ने दी बैटरी ऑपरेटेड ट्राइसाइकिल




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त नैंन्सी सहाय के द्वारा बाल विकास परियोजना,चौपारण अन्तर्गत दैहर ग्राम की दिव्यांग छात्रा रेखा कुमारी, माता पिता– लीला देवी और दशरथ दांगी को वर्ष 2022 में उत्क्रमित विद्यालय दैहर, चौपारण से प्रथम श्रेणी में मैट्रिक उत्तीर्ण होने के उपरांत समाज कल्याण विभाग के ओर से नि:शुल्क बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराया गया है। जिलान्तर्गत समाज कल्याण विभाग की ओर से बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल प्राप्त करने वाली ये पहली लाभुक हैं। वितरण के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इन्दु प्रभा खलखो भी उपस्थित थे।

## हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने खिरगांव के आलोक को किया सम्मानित




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** खिरगांव पाण्डेय मोहल्ला निवासी आलोक नाथ पाण्डेय को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने नगद इनाम, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पे उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा, एनएसएस दिल्ली निदेशालय के निदेशक जंगजिलोंग ने भी बधाई और शुभकामनायें दि। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के एमसीए के छात्र आलोक जिन्हे 2019– 20 के राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। स्वयंसेवक आलोक अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो(डॉ) टंकेश्व कुमार, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो आनंद शर्मा एवं कार्यक्रम समन्वयक प्रो दिनेश चहल को देते हुए बताया की उनसे मिले प्रेरणा के कारण ही यह सब संभव हो पाया है। साथ साथ वो अपने कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रदीप एवं डॉ रेणु को भी सफलता का श्रेय देते हुए उनका धन्यवाद किया।

## महाअष्टमी का व्रत एवं पुष्पांजलि भक्तों के लिए काफी लाभकारी: राम कुमार पाठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही )।** महाअष्टमी का व्रत एवं मां की पुष्पांजलि देने से मां अपने भक्तों के जीवन में सुख-शांति समृद्धि प्रदान करती है। उक्त बातें जवाहरनगर निवासी सह मां दुर्गा के उपासक पंडित राम कुमार पाठक ने ने कही। उन्होंने बताया कि इस वर्ष महाअष्टमी का व्रत 29 मार्च बुधवार को प्रातः काल से व्रत करें। अगर आप समर्थ है तो निर्जला व्रत करें। अन्यथा सुबह मां की पूजा कर शरबत एवं फल ग्रहण करें। रात्रि में जब अष्टमी तिथि खत्म हो रहा हो और नवमी तिथि प्रवेश कर रहा हो उसके 10 मिनट का समय सबसे महत्वपूर्ण होता है। हर सनातनी को यह क्षण नहीं गंवाना चाहिए। क्योंकि मां का एक कथन है जो भक्त भक्ति भाव से मेरा सुमिरन करता है मैं उसके जीवन के सारे कष्टों को दूर कर देती हूं। इसलिए रात्रि 9:50 बजे मां के सम्मुख बैठ जाए। सामने मंदिर है तो वहां चले जाएं अथवा अपने घर में पूजा रूम में बैठें। अगर यह भी सुविधा नहीं है तो आप जिस स्थान पर हैं वहीं बैठकर मां का ध्यान लगाते हुए ओम दुर्गाय नमः मंत्र जपते हुए ध्यान करें। श्री पाठक ने बताया कि रात्रि 10:01 बजे मां के चरणों में पुष्पांजलि चढ़ाएं। यदि कोई व्यक्ति व्रत नहीं किए हैं तो वह भी मां का ही संतान है इसलिए मन में मां दुर्गा का ध्यान करते हुए मन में भाव लाकर मां दुर्गा के चरणों में फूल अर्पण करें। क्योंकि नवरात्रा का यह क्षण मां दुर्गा की आठों शक्ति सिद्धिदात्री से मिलन करती है। इसलिए मां दुर्गा के नवशक्ति का पुण्य मनुष्य के जीवन में मिलता है। मां की असीम कृपा प्राप्त होती है।

## जिला कारा समिति की बैठक में डीसी ने दिये कई निर्देश



**रामगढ़ (आजाद सिपाही )।** जिला समाहरणालय के सभागार में मंगलवार को डीसी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में जिला कारा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में डीसी माधवी मिश्रा के द्वारा उपकारा रामगढ़ में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। जानकारी लेने के उपरांत डीसी ने उपकारा रामगढ़ में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों, स्वास्थ्य उपकरणों, लाइटिंग आदि के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को कारा का संचालन नियामानुसार सुनिश्चित करने एवं इससे संबंधित प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में सचिव डालसा व्यवहार न्यायालय, पुलिस उप अधीक्षक विशेष शाखा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी सामान्य शाखा, अधीक्षक उपकारा रामगढ़, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, एसएमपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

## श्री अग्रसेन स्कूल में आरटीइ के तहत नामांकन शुरू



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही )।** श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत सत्र 2023-24 के लिए अभिवंचित व कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए निशुल्क नामांकन की घोषणा की है। विद्यालय के प्राचार्य विवेक कुमार प्रधान ने कहा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी के निदेर्शानुसार अभिभावक 15 अप्रैल तक आवेदन जमा कर सकते हैं। इस अधिनियम के तहत अभिवंचित व कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए स्कूल के प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित है। उन्होंने कहा कि बच्चों का नामांकन पूरी तरह निःशुल्क होगा। प्रत्येक कार्यदिवस को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक अभिभावक स्कूल कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। नामांकन कार्य भी 15 अप्रैल को किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि यदि सीटें खाली रह जाती है, तो वैसी परिस्थिति में 29 अप्रैल तक नामांकन लिया जाएगा।

## विधायक ने कि यज्ञ मंडप में टेका माथा

**गिद्दी (आजाद सिपाही )।** रेलिगड़ा स्थित बजार शिव मंदिर परिसर में आयोजित वार्षिकोत्सव नव दिवसीय महायज्ञ के सातवें दिन मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने दौरा किया तथा यज्ञ मंडप एवं बाबा भोलेनाथ के समकक्ष माथा टेका तथा कहा कि यज्ञ में जिन मन्त्रों का उच्चारण किया जाता है उन की शक्ति असंख्यों गुनी अधिक होकर संसार में फैल जाती है, और उस शक्ति का लाभ सारे विश्व को प्राप्त होता है। मंत्र की सद्बुद्धि शक्ति को यज्ञों के द्वारा जब आकाश में फैलाया जाता है तो उसका प्रभाव समस्त प्राणियों पर पड़ता है और वे सद्बुद्धि से, सद्भावना से, सत्प्रवृत्तियों से अनुप्राणित होते हैं। वहीं इसके पश्चात यज्ञ समिति के द्वारा विधायक का स्वागत अंग दे कर किया गया मौके पर राकेश सिंह, सुदिप चौधरी, सेवालाल महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## छठ व्रतियों ने उगते सूर्य को दिया अर्घ्य



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था व सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व चैती छठ मंगलवार को समापन हो गया।36 घंटे की उपवास रखते हुये छठ व्रतियों ने सोमवार शाम को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को पहला अर्द्ध दिया। अर्द्ध अर्पित करने के बाद चूंदरू धाम सूर्य मंदिर परिसर में सूर्य भगवान की कथा भाग लिया।वही मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर अपने सपरिवार की खुशहाली व सुख शांति की कामना किया। प्रसिद्ध चूंदरू धाम सूर्य मंदिर परिसर में सूर्य मंदिर समिति द्वारा छठ वर्तियो के लिए चार दिनों तक मंदिर में समस्त चाक चौबंध किया गया।चैती महा छठ पर्व श्रद्धा व भक्ती भाव में औरंगाबाद बिहार देव के मुकाबले में चतरा, हजारीबाग,रांची जिले के छठ व्रती चुंदुरु धाम पहुंचे। चुंदरु धाम स्थित गेरुवा व चुंदरु नदी में छठव्रतियों की भीड़ उमड़ी।श्रद्धालुओं ने मंदिर समिति को जम कर दान पूण्य किया।इस अवसर पर भंडारा एव प्रसाद की वितरण किया गया।इस मौके पर मंदिर समिति अध्यक्ष मिथिलेश कुमार गुप्ता, सचिव जब मंगल देव नायक,सचिव अनिल दास,रंजीत गुप्ता,प्रेम भगत समेत सैकड़ो श्रद्धालुओं पर्व में शामिल रहे।

## सिरु में नीलांबर-पीतांबर का शहादत दिवस मना

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** दुलमी प्रखंड क्षेत्र की आजसू पार्टी के आजसू कार्यालय बुध बाजार सिरु में वीर शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर का शहादत दिवस मनाया गया तथा शहीदों के बताए गए दिशा निर्देश पर चलने का संकल्प लिया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामगढ़ के पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रहमदेव महतो व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष दिलीप कु. महतो व आजसू छात्र संघ प्रखण्ड अध्यक्ष अनिल इगनेश उपस्थित थे कार्यक्रम में सर्वप्रथम शुरूआत पार्टी के द्वारा पुष्प गुछ देकर सम्मानित किया गया।उसके बाद ब्रहमदेव महतो सहित अन्य अतिथियों ने नीलाम्बर पीताम्बर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं श्रद्धांजलि दी गई तत्पश्चात अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया.मौके पर प्रकाश प्रभाकर,सुरेश पटेल,तपेश्वर महतो,मृत्युंजय महतो,कुणाल सिंह,गणेश साव,रामबृक्ष महतो,जीतेंद्र ,बरुन महतो,राजेन्द्र महतो,दुबराज महतो,नागेंद्र महतो,बिकाश कुमार, दीपेन टाइगर, चिरंजीवी कुमार, खगेन्द्र कुमार, पंकज कुमार, बिपुल कुमार, पटेल कुमार आदि कई लोग उपस्थित थे।

### महासमिति ने पगड़ी पहना और तलवार देकर अतिथियों को किया सम्मानित

# रामगढ़ में मंगला जुलूस को लेकर भक्तों में दिखा उत्साह





मंगला जुलूस में शामिल हुए सांसद सीपी चौधरी, विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** श्री राम मंदिर निर्माण और रामनवमी पूजा से पूर्व रामगढ़ में भव्य मंगला जुलूस का आयोजन किया गया। आस्था में डूबे लोगों ने ऐसी राम भक्ति दिखाई कि हर तरफ जय श्रीराम के नारे गूंजने लगे। मंगलवार को शहर के बाजार टांड़ स्थित सिद्धू-कान्हू मैदान से शुरू हुआ मंगला जुलूस चट्टी बाजार, झंडा चौक, गांधी चौक, सुभाष चौक होते हुए छावनी फुटबॉल ग्राउंड पहुंचा। इस दौरान मंगला जुलूस में जिले के हर कोने से हाय राम भक्तों ने अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन किया। इस जुलूस में गोला, चितरपुर, कुजू, सांडी, अरगड्डा, पतरातू, भुरकुंडा से आए लोगों ने शिरकत किया। जुलूस में रामगढ़ और हजारीबाग के कई दिग्गज नेता भी शामिल हुए। बाजार टांड़ में सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी इस जुलूस में शामिल हुए। यहां रामनवमी महासमिति के पदाधिकारियों ने सांसद को पगड़ी, अंग वस्त्र और तलवार देकर सम्मानित किया। इसके बाद परंपरागत अस्त्र और भगवा झंडे के साथ चंद्रप्रकाश चौधरी जुलूस में शामिल हुए।

### मंगला जुलूस में राम भक्तों में दिखा उत्साह

मंगला जुलूस के दौरान राम भक्तों में गजब की उत्साह देखी गई। इस दौरान राम भक्तों ने तलवार लाठी डंडे का जगह-जगह प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वही, लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाकर उनका अभिवादन भी किया।

राम, लक्ष्मण, जानकी और हनुमान की भूमिका में नजर आए कलाकार मंगला जुलूस में एक तरफ भक्ति गानों पर अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन करते लोग थे, तो दूसरी तरफ कुछ कलाकार राम, लक्ष्मण, जानकी और हनुमान की भूमिका में भी नजर आए। उनकी वेशभूषा ऐसी थी कि वे खुद ही लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गए। उन कलाकारों के साथ जुलूस में शामिल लोग अपनी तस्वीर खिंचवाते हुए नजर आए। सबसे ज्यादा आकर्षक वीर बजरंगी ही नजर आ रहे थे। उनका जोश लोगों के उत्साह को बढ़ा रहा था।

### जुलूस में ये लोग हुए शामिल

मंगला जुलूस में सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय, मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, सांसद प्रतिनिधि रंजीत पांडेय, सरदार अनमोल सिंह, विनोद मिश्रा, आजाद सिंह, महासमिति के अध्यक्ष छोटू वर्मा, दीपक मिश्रा, संजय सिंह, राजेश ठाकुर, पंकज महतो, निशि पांडे, कीर्ति गौरव, अनामिका श्रीवास्तव, नीरज मंडल, बीजू गोयनका, ब्रजेश पाठक, विशाल जायसवाल, विशाल विश्वकर्मा, अमन कुमार, बरुन गुप्ता, अंकित अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल सहित कई लोग शामिल थे।

### विमल बुधिया गुट ने झोंकी अपनी ताकत, समर्थन मांगा

# व्यवसायी हित हमारी पहली प्राथमिकता



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** व्यवसायी और उद्योगपतियों के हितों की रक्षा के साथ उनके सुरक्षा और सम्मान के लिए विमल बुधिया की टीम चुनावी मैदान में उतरी हुई है। हर हाल में व्यवसाय के लिए सुरक्षित माहौल प्रदान करवाना हमारी टीम के लिए सर्वोपरि है। उक्त बातें चेंबर चुनाव में उतरे बिमल बुधिया ने कही। मंगलवार को विमल बुधिया की टीम ने गोला चितरपुर तथा व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ताओं सहित बाजार समिति के व्यवसायियों से मिलकर कर समर्थन मांगा। विमल बुधिया के सदस्यों ने अपील किया कि एक साथ और स्वच्छ चेंबर के निर्माण में आप मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। आगे बढ़ना है।

### कौन -कौन थे उपस्थित

मौके पर अमित कुमार सिन्हा, अमरेश कुमार सिंह, अरुण कुमार राय, विमल बुधिया, जितेंद्र कुमार अग्रवाल (जीतू) जितेंद्र प्रसाद (डब्लू) जितेंद्र सिंह पवार, मनोज कुमार मंडल, नंद किशोर गुप्ता उर्फ नंदू बाबू, नीरज सिंह, निलेश कुमार गुप्ता, रवि शंकर चोराशिया, विजय कुमार मेवाड़, विकास सेठी (जैन) विनोद कुमार पंकज आदि उपस्थित थे।

### चैंबर चुनावः सुख-दुख में साथ निभाना ही मूलमंत्रः विनय अग्रवाल

# विनय अग्रवाल गुट ने चलाया जनसंपर्क अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** चेंबर चुनाव को लेकर चुनावी मैदान में कूदे प्रत्याशियों की जनसंपर्क अभियान रफ़्तार पकड़ ली है। चुनावी अभियान को लेकर प्रत्याशी अपने अपने टीम के साथ पूरे जिले में मतदाताओं से मिलकर सेवा करने का मौका मांग रहे है। इसी को लेकर मंगलवार को विनय कुमार अग्रवाल गुट के प्रत्याशियों ने जोरदार तरीके से जनसंपर्क अभियान चलाया। टीम में शामिल सदस्यों ने टायर मोड, रामगढ़ कॉलेज गेट, बिजुलिया, सुभाष चौक, कुजू ट्रांसपोर्ट नगर, सारूबेड़ा, घाटो में जनसंपर्क कर समर्थन मांगा। सदस्यों ने कहा कि व्यवसायियों के सुख दुख में साथ निभाना ही मेरी टीम का मूलमंत्र है। वही कुजू ट्रांसपोर्ट नगर,सारूबेड़ा एवं घाटों के व्यवसायियों ने विनय गुट को भारी मतों से विजय बनाने का आश्वासन दिया।

### रामगढ़ चैंबर की अलग पहचान

गुट के अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल ने कहा कि रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज पूरे झारखंड के सभी क्षेत्रों में अपना एक अलग स्थान रखता है। यहां के अध्यक्ष पदाधिकारी एवं सदस्य व्यापारियों की समस्या के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

### कौन कौन थे उपस्थित

मौके पर चैंबर के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, आनंद अग्रवाल, मनजी सिंह,पंकज प्रसाद तिवारी, रविन्द्र कुमार साहू,विनय कुमार अग्रवाल,गोपाल शर्मा,मनोज चतुवेर्दी उर्फ मानू,संतोष तिवारी, इंद्रपाल सिंह सैनी,मुरारी लाल अग्रवाल, दिनेश पोद्धार अशोक कुमार सिंह,जयप्रकाश सिंह, मनजीत सहानी, सरोज कुमार सिंह उपस्थित थे।

### चतरा में फ्लैग मार्च, डीसी-एसपी शामिल हुए

# व्यवस्था बिगाड़नेवालों पर होगी कार्रवाई



आजाद सिपाही, संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान एवं पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के नेतृत्व में चतरा शहर में जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला। इसका मुख्य उद्देश्य अफवाह एवं सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचने हेतु पूरे चतरा वासी को जागरूक किया गया। साथ ही असामाजिक तत्वों द्वारा सांप्रदायिक भावना को भड़काने वाले से भी निपटने हेतु फ्लैग मार्च किया गया। यह मार्च सदर थाना से होते हुए जतराहीबाग, केसरी चौक, पुराना पेट्रोल पंप, मारवाड़ी मोहल्ला, मेन रोड, काली मंदिर एवं पोस्ट ऑफिस चौक तक किया गया।

आम जन से अपील है कि सोशल मीडिया पर फैल रहे अफवाह पर ध्यान नहीं दें, अगर किसी भी व्यक्ति द्वारा सांप्रदायिक भावना को भड़काने के उद्देश्य से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया जाता है तो उसकी सूचना अविलंब जिला प्रशासन को दें।

फ्लैग मार्च में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा अविनाश कुमार, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी अविनाश कुमार, सदर बीडीओ गणेश रजक, अंचल अधिकारी भागीरथ महतो, सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली के साथ बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी सैकड़ो जवान व महिला पुलिस जवान शामिल थे।

## उपद्रवियों पर काबू पाने के लिए तैयार है रामगढ़ पुलिस



**रामगढ (आजाद सिपाही )।** रामनवमी पूजा रामगढ़ में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाने वाला है। इसको लेकर तैयारियां जोरों पर है। सड़कों पर उतरने वाली हजारों की भीड़ में कोई उपद्रवी शांति व्यवस्था भंग ना कर दे, इसको लेकर रामगढ़ पुलिस भी काफी सतर्क है। मंगलवार को रामगढ़ पुलिस ने उपद्रवियों पर काबू पाने को लेकर की गई तैयारी के आधार पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया। पुलिस लाइन परिसर में आयोजित इस मॉक ड्रिल का नेतृत्व रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक कर रहे थे। जुलूस के दौरान उपद्रवी किस तरह हंगामा करते हैं, इसकी रूपरेखा तैयार की गई थी। उपद्रवियों की भूमिका निभा रहे सिपाहियों और अधिकारियों ने पुलिस प्रशासन हाय हाय के नारेबाजी के साथ पथराव किया। इस दौरान पुलिस ने भी राहत बचाव कार्य के साथ-साथ उपद्रवियों को पकड़ने के लिए की गई तैयारी की भूमिका भी निभाई। पुलिस ने उपद्रवियों को न सिर्फ पकड़ा बल्कि उन्हें थाने ले जाने की पूरी तैयारी इस मॉक ड्रिल के तहत दिखाई। मॉक ड्रिल के बाद मीडिया से बात करते हुए एसडीपीओ किशोर कुमार रजक ने बताया कि रामगढ़ में रामनवमी के त्यौहार को लेकर तैयारी पुख्ता की गई है। 2 दिनों तक रामगढ़ की जनता झांकी और जुलूस में सड़क पर रहेगी। शांतिपूर्ण माहौल में यह त्योहार संपन्न हो और उपद्रवियों की कोई मंशा सफल ना हो इसको लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यह मॉक ड्रिल उसी तैयारी का एक नमूना है। उम्मीद करते हैं कि त्यौहार के दौरान कोई भी अप्रिय घटना ना घटे। इस दौरान सार्जेंट किशोर कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**पतरातू (आजाद सिपाही )।** पतरातू प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रांगण में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिप सदस्य राजाराम प्रजापति, विशिष्ट अतिथि प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉ नितिन तुलस्यान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। मौके पर जिप सदस्य राजाराम प्रजापति ने स्वास्थ विभाग के प्रयास की तारीफ किया और कहा कि इस तरह के आयोजन का लाभ सभी को मिले इसके लिए व्यापक तरीके से प्रचार प्रसार होना चाहिए। वही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नितिन तुलस्यान ने कहा कि इस तरह के मेले का आयोजन का मकसद विभिन्न प्रकार की जांच सुविधा उपलब्ध कराना है।


## कार्यालय नगर परिषद सिमडेगा

### चतुर्थ बन्दोबस्ती सूचना सं.- 22/2022-23

वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वीर शहीद तेलंगा खड़िया बस पड़ाव/टैक्सी स्टैण्ड/दैनिक बाजार एवं साप्ताहिक बाजार सिमडेगा का बन्दोबस्ती नीचे अंकित तिथि एवं समय पर नगर परिषद सभा कक्ष में होगी। बन्दोबस्ती की अवधि 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक होगी।

सुरक्षित जमा राशि एवं जमानत की राशि निम्नलिखित है:-

| क्रमांक | सैरात का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि | डाक की तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|
| i | ii | iii | iv | v |
| 1 | वीर शहीद तेलंगा खड़िया बस स्टैण्ड सिमडेगा | 44,28,650.00 | 4,42,865.00 | 31.03.2023 अपराह्न 12:00 बजे |
| 2 | टैक्सी स्टैण्ड | 43,30,900.00 | 4,33,090.00 | |
| 3 | साप्ताहिक बाजार | 50,04,800.00 | 5,00,480.00 | |
| 4 | दैनिक बाजार | 34,16,679.00 | 3,41,668.00 | |
| 5 | मोटरसाईकल शेड़ भाग - IV | 33,120.00 | 3,312.00 | |

इच्छुक व्यक्ति निश्चित तिथि एवं समय पर डाक में निम्न शर्तों के साथ भाग ले सकते है।

1. अद्यतन आचरण प्रमाण पत्र उपायुक्त/पुलिस अधीक्षक स्तर से विगत छः माह के अन्दर का निर्गत हो/निवास से संबंधित आधार कार्ड/होल्डिंग टैक्स संबंधित रसीद की छायाप्रति दाखिल करना अनिवार्य होगा।
2. आचरण प्रमाण-पत्र का मूल प्रति कार्यालय में एक दिन पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा।
3. डाक कक्ष में डाकवक्ता के द्वारा किसी भी प्रकार का अभद्र व्यवहार किये जाने पर कठोर कार्रवाई की जायेगी।
4. विगत तीन वित्तीय वर्षो का आयकर जमा का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है एवं पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।
5. डाक बोलने के पूर्व सरकारी सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत राशि जमानत के रूप में कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सिमडेगा के नाम से DD के रूप में कार्यालय अवधि में जमा करना अनिवार्य होगा, जिसकी पावती दी जायेगी।
6. उच्चतम डाकवक्ता को 60% राशि 24 घंटे के अन्दर एवं शेष 40% राशि माह अगस्त 2023 तक जमा करना अनिवार्य होगा।
7. एकरारनामा कराने के पश्चात ही वसूली कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।
8. उच्चतम डाकवक्ता द्वारा संपूर्ण राशि जमा नहीं करने की स्थिति में द्वितीय डाकवक्ता से एकरारनामा करते हुये बन्दोबस्ती उनके नाम से की जाएगी एवं असफल डाकवक्ता को तीन वर्ष हेतु डाक में सम्मिलित करने से वंचित कर दिया जाएगा एवं जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी।
9. डाक की बोली में सिर्फ डाकवक्ता ही भाग लेंगे। डाक में भाग लेने वाले डाकवक्ता शपथ पत्र (नोटरी/कार्यपालक दण्डाधिकारी के कार्यालय से निर्गत), DD कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सिमडेगा के नाम से निर्गत एवं आचरण प्रमाण-पत्र (उपायुक्त/पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत) एवं नगर परिषद सिमडेगा से डाक संबंधी कोई बकाया नही है का प्रमाण-पत्र के साथ दिनांक 31.03.2023 दिन शुक्रवार पुर्वाह्न 11:00 तक नगर परिषद कार्यालय में जमा करेंगे। इस अवधि के बाद किसी प्रकार दावा मान्य नही होगा।
10. दुकानदारों से वसूली की जाने वाली राशि पूर्ववत्त रहेगी। दिनांक 31.03.2023 को होने वाले डाक में सिर्फ वे ही व्यक्ति भाग ले सकेंगे, जो उपरोक्त कंडिका 09 के सभी शर्तो को पूर्ण करेंगे।
11. वीर शहीद तेलंगा खड़िया बस पड़ाव सिमडेगा का पार्किंग शुल्क प्रति बस 80.00 (अस्सी) रूपये वसूलनीय होगा।
12. निर्धारित दर से यदि उच्चतम डाकवक्ता द्वारा अधिक टैक्स वसूली की जाएगी तो बिना कारण बताये एकरारनामा रद्द कर दिया जायगा।
13. बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड एवं मोटरसाईकल शेड का रंगाई पोताई का कार्य संवेदक द्वारा किया जाएगा, जिसका भुगतान स्वयं करेंगें।
14. संवेदक द्वारा बस स्टैण्ड एवं टैक्सी स्टैण्ड में रोशनी की व्यवस्था की जायेगी।
15. बस स्टैण्ड का शौचालय को साफ सुथरा रखने का दायित्व संवेदक का होगा।
16. सभी सैरात परिसर में सफाई की व्यवस्था संबंधित संवेदक द्वारा कराया जायेगा एवं जमा की गई कुड़ा का उठाव नगर परिषद द्वारा किया जायेगा।
17. बस स्टैण्ड/टैक्सी स्टैण्ड/साप्ताहिक बाजार एवं मोटरसाईकल शेड परिसर में अस्थायी/स्थायी किसी तरह का निर्माण कार्य करना वर्जित रहेगा।
18. बिना कारण बताए डाक को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
19. संवेदक द्वारा बन्दोबस्ती की राशि जमा करने के पश्चात किसी भी हालत में राशि वापस नही की जायेगी।
20. टैक्सी स्टैण्ड/बस स्टैण्ड के अन्दर दुकान का वसुली संवेदक द्वारा नहीं किया जायेगा।
21. संवेदक द्वारा किसी भी प्रकार का कोई अतिक्रमण नहीं कराया जायेगा। अतिक्रमण कराये जाने पर संवेदक के विरूद्ध कानुनी कार्रवाई की जायेगी।
22. संवेदको द्वारा राजस्व वसुली हेतु निर्गत रसीद में संवेदक का हस्ताक्षर/मो0 नं0/कार्यालय मुहर अंकित रहना अनिवार्य है।
23. ऐसे संवेदक जिन्होने सैरात की बकाया राशि जमा नही किये है, वे उक्त सैरात बन्दोबस्ती में भाग लेने हेतु अयोग्य माने जायेगे। इस संबंध में नगर परिषद सिमडेगा से NOC लेना अनिवार्य होगा।
24. डाक की बोली में प्रत्येक चक्र पर 1000.00 (एक हजार) रूपये की राशि वृद्धि करनी होगी, जो मान्य होगा।
25. यदि सफल डाकवक्ता शर्त्त अनुसार संपूर्ण राशि जमा करने में असफल होते है तो उसे दोषी घोषित करते हुए अगले तीन वर्ष तक किसी डाक में शामिल होने से वंचित कर दी जायेगी।
26. सभी सैरात में वसूली की जाने वाली राशि (दर) में कोई वृद्धि नही की गई है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद सिमडेगा।

ज्ञापांक 431 (ii), दिनांक : 28.03.2023

# कांग्रेस की उम्मीद

मानहानि मामले में दो साल कैद की सजा सुनाये जाने के बाद राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द होना कांग्रेस और विपक्षी दलों के लिए कम से कम शुरुआती तौर पर पॉजिटिव नतीजा लाता दिख रहा है। इस फैसले के बाद रविवार को कांग्रेस ने देश भर में सत्याग्रह और धरना-प्रदर्शन का कार्यक्रम चलाया, तब तक अन्य विपक्षी दलों के नेता भी इस मसले पर राहुल गांधी के पक्ष में बयान दे चुके थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के चैंबर में सोमवार को बुलायी गयी बैठक में तृणमूल कांग्रेस के भी नेता शामिल हुए, जो कुछ समय पहले तक विपक्षी एकजुटता के नाम पर समाजवादी पार्टी और बीजेडी जैसे गैर-कांग्रेस दलों को साथ लाने की कोशिश में जुटी थी। संसद में गांधी प्रतिमा से लेकर विजय चौक तक पैदल मार्च में भी विपक्षी दलों के नेता साथ नजर आये। इस पूरे घटनाक्रम में ही संभवतः उस सवाल का भी जवाब छुपा है, जो कानून के जानकार सदस्यता रद्द होने के बाद से ही पूछ रहे हैं कि आखिर कांग्रेस सूरत अदालत के फैसले को तत्काल ऊपरी अदालत में चुनौती क्यों नहीं दे रही। असल में राहुल गांधी की सांसदी रद्द होने को चाहे जितना भी बड़ा राजनीतिक मसला बनाने की कोशिश की जाये, जानकारों के मुताबिक इसमें कानून के उल्लंघन का कोई आरोप ठहरना मुश्किल है। ऐसे में स्वाभाविक ही कांग्रेस कानूनी लड़ाई को प्राथमिकता देती नहीं दिखना चाहती। वह देर-सबेर इसे अदालत में चुनौती दे भी देगी, पर उससे पहले इसका पूरा राजनीतिक लाभ लेना चाहती है, लेकिन क्या सचमुच उसे इस मामले का राजनीतिक लाभ मिलने वाला है? इसका साफ-साफ जवाब तत्काल नहीं दिया जा सकता। सच है कि आप, बीआरएस, तृणमूल और समाजवादी जैसे दल जो कांग्रेस से दूरी बरत रहे थे, आज उसके साथ दिख रहे हैं। लेकिन उनका समर्थन राहुल गांधी की सांसदी रद्द होने के खास मुद्दे पर है। जब साथ मिल कर चुनाव लड़ने की बात आयेगी और उसमें सीटों के बंटवारे का सवाल उठेगा तब तक यह विपक्षी एकजुटता कितनी बनी रहेगी, कहना मुश्किल है। उससे पहले इसे कई राज्यों के विधानसभा चुनावों की अग्निपरीक्षा से भी गुजरना है। सबसे बड़ी बात यह कि इस पूरी कवायद के बाद अगर कांग्रेस बनाम बीजेपी या राहुल बनाम मोदी का ही सीन बनना है, तो इसके लिए विपक्ष कितना तैयार है। यह बात सत्तारूढ़ दल के नेता ही नहीं, तृणमूल जैसे विपक्षी दल भी उठाते रहे हैं कि राहुल बनाम मोदी की लड़ाई बीजेपी के हित में है। मगर समय के साथ चीजें बदलती हैं। राहुल भी आज वह राहुल नहीं जो भारत जोड़ो यात्रा से पहले थे। ऐसे में देखने वाली बात यह होगी कि कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में विधानसभा चुनाव के बाद उनकी क्या और कैसी छवि उभरती है। उसके बाद ही अगले आम चुनावों में विपक्षी गठबंधन की तस्वीर साफ हो सकेगी।

**सल में राहुल गांधी की सांसदी रद्द होने को चाहे जितना भी बड़ा राजनीतिक मसला बनाने की कोशिश की जाये, जानकारों के मुताबिक इसमें कानून के उल्लंघन का कोई आरोप ठहरना मुश्किल है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**दरअसल शराब नीति में हुई अनियमितता पर पिछले एक साल से उत्पाद विभाग और झारखंड के मुख्यमंत्री बैकफुट पर नजर आये हैं। सरकार नीति में संशोधन करती रही। राजस्व के नये लक्ष्य निर्धारित करती रही और स्पष्टीकरण देते रही। इसकी अहम वजह रही है मुख्य विपक्षी दल विशेषकर विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का शराब नीति निर्धारण में होने वाली अनियमितता को लेकर मुखर होना।**

# गले नहीं उतर रही झारखंड की 'शराब' नीति

मृत्युंजय शर्मा



**नयी शराब नीति के तहत थोक व्यापार के लिए 25 लाख रुपये का नॉन रिफंडेबल आवेदन शुल्क रखा गया, लेकिन इसके लिए राजस्व पर्षद से आवश्यक अनुमति भी नहीं ली गयी। पिछली नीति के तहत राज्य में बिक्री पर राजस्व का प्रावधान था जबकि नयी नीति में शराब के उठाव पर राजस्व का प्रावधान किया गया।**

राज्य सरकारों के लिए राजस्व का एक बड़ा श्रोत माना जाने वाला मद्य विभाग अब सरकारों के साथ साथ राजनेताओं के गले की फांस बनता जा रहा है। शराब नीति में संशोधन कर राजस्व में वृद्धि की दलील देने वाले राजनेता निजी स्वार्थ साधने में लग गये हैं। ऐसे ही एक मामले में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी हुई तो धड़कने झारखंड में भी तेज हो गई हैं।

दरअसल शराब नीति में हुई अनियमितता पर पिछले एक साल से उत्पाद विभाग और झारखंड के मुख्यमंत्री बैकफुट पर नजर आये हैं। सरकार नीति में संशोधन करती रही। राजस्व के नये लक्ष्य निर्धारित करती रही और स्पष्टीकरण देते रही। इसकी अहम वजह रही है मुख्य विपक्षी दल विशेषकर विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का शराब नीति निर्धारण में होने वाली अनियमितता को लेकर मुखर होना। नीति निर्धारण के समय उन्होंने जो आपत्तियां जतायी, हूबहू वही बातें परत दर परत खुलती जा रही हैं। मरांडी ने छत्तीसगढ़ की उन चार कंपनियों के नाम पहले ही सार्वजनिक कर दिये थे, जिन्हें सरकार ने निविदा जारी होने के बाद राज्य में शराब बिक्री का जिम्मा सौंपा। यहीं से शराब नीति में गड़बड़ी की आशंका प्रबल होती गयी।

**नयी शराब नीति लागू होने पर प्रथम माह अप्रैल 2022 में सिर्फ 109 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त हुआ।**

लगभग एक साल पहले सरकार ने शराब नीति में संशोधन कर नयी शराब नीति लागू की। उत्पाद विभाग ने राजस्व बढ़ाने के नाम पर जनता को सब्जबाग दिखाये। छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (CSMCL) को झारखंड सरकार ने परामर्शी नियुक्ति किया। उक्त कंपनी ने छत्तीसगढ़, केरल और तमिलनाडु की तर्ज पर निजी एजेंसी द्वारा दुकान चलाने का सुझाव दिया और बताया कि इससे शराब की कीमत बढ़ाये बिना अभी मिल रहे 1900 करोड़ रुपये की जगह लगभग 2300 करोड़ रुपये का राजस्व मिलेगा।

हालांकि यह भी तय हुआ कि इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने वाला खर्च राज्य सरकार को वहन करना होगा। जब सरकार नयी नीति ला रही थी, उसी समय झारखंड खुदरा शराब व्यापरियों ने विरोध किया कि नयी उत्पाद नीति लागू होने के बाद नामी ब्रांड की शराब महंगी हो जायेगी, लेकिन राज्य सरकार ने स्थानीय व्यापारियों की बातों पर ध्यान देने की बजाय नयी शराब नीति को हरी झंडी दे दी।

नयी शराब नीति के तहत थोक व्यापार के लिए 25 लाख रुपये का नॉन रिफंडेबल आवेदन शुल्क रखा गया, लेकिन इसके लिए राजस्व पर्षद से आवश्यक अनुमति भी नहीं ली गयी। पिछली नीति के तहत राज्य में बिक्री पर राजस्व का प्रावधान था, जबकि नयी नीति में शराब के उठाव पर राजस्व का प्रावधान किया गया। साथ ही यह भी तय किया गया कि शराब का जहां उत्पादन हो रहा है। वहीं पर 'ऑनलाइन होलोग्राम' देकर कोड उपलब्ध कराया जायेगा।

नयी शराब नीति लागू होने पर प्रथम माह अप्रैल 2022 में सिर्फ 109 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि अगले महीने उत्पाद विभाग के सचिव ने प्रेस वार्ता का आयोजन कर अपनी पीठ थपथपाते हुए बताया कि राज्य की नयी शराब नीति की वजह से मई 2022 के दौरान राजस्व संग्रहण में 70 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गयी, जो कि एक कीर्तिमान है। विभाग ने कहा कि राज्य को 79 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ। अपनी शराब नीति को सफल बताने वाली सरकार के दावे तब हवा हवाई हो गये, जब नवंबर महीना पहुंचते तक आबकारी विभाग को मिलने वाले राजस्व में 500 करोड़ की गिरावट आयी। ग्राहकों की शिकायत रही कि गुणवत्तापूर्ण तथा अच्छे ब्रांडों के शराब राज्य में नहीं मिल रहे और जो उपलब्ध हैं, उन पर भी अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक की वसूली की जा रही है।

इसी बीच राज्य सरकार और CSMCL के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया। एजेंसी ने बताया कि राज्य में मांग के अनुरूप शराब की आपूर्ति नही हो रही और बीते अक्टूबर माह से ही समय से शराब की आपूर्ति नही की गयी। इसके कुछ ही दिनों बाद हेमंत सोरेन ने नवंबर 2022 में समीक्षा बैठक की और शराब दुकानों के संचालकों की कार्यशैली पर गहरी नाराजगी जतायी थी। कमोबेश यह वही समय था जब राज्य सरकार को भी इस बात का अंदाजा हो चला था कि उनकी शराब नीति हर स्तर पर न सिर्फ असफल रही, बल्कि उसके क्रियान्वन में कई तरह की अनियमितताएं भी सामने आती दिख रही थी।

उधर शराब घोटाले में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद झारखंड के विभागीय मंत्री ने आनन फानन में कंपनी का अनुबंध समाप्त करते हुए 44 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। अब जबकि प्रभावी शराब नीति के महज एक - दो हफ्ते ही शेष बचे हैं। इस समय तक का कुल राजस्व अब भी सरकारी आंकड़ों के अनुसार अपने लक्ष्य से 600 करोड़ रुपये कम है। वहीं शराब व्यापार से जुड़े लोगों की माने तो इस अव्यावहारिक नीति के कारण राज्य को 1000 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हो चुका है, यानी शराब नीति की आड़ में एक बड़े घोटाले को अंजाम दिया जा चुका है।

यह विडंबना है कि पिछले तीन सालों के दौरान झारखंड में बन रही हर नीति विवादों में फंसती नजर आ रही है। एक लोकतांत्रिक सरकार का मुखिया होने के नाते हेमंत सोरेन की भी जिम्मेदारी बनती है कि वो हठधर्मिता छोड़ विपक्ष द्वारा सुझाये जा रहे बिंदुओं पर अमल करें और सभी के परामर्श से राज्य के लिए हित कर एवं दीर्घकालिक आबकारी नीति लागू करें।

**(लेखक : झारखंड भाजपा के चुनाव प्रबंधन प्रमुख हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# अधिवक्ताओं की सुरक्षा और चुनाव को लेकर वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बीते दिनों शहर के नये कोर्ट स्थित 3 नंबर गेट के बाहर फायरिंग की घटना को लेकर अधिवक्ताओं ने सुरक्षा को लेकर बैठक की। मंगलवार को बैठक मे अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी। इस अवसर पर नये सिरे से कोर्ट की सुरक्षा की समीक्षा कर कदम उठाने की बात पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कोर्ट के गेट में वाहन प्रवेश के लिए नये सिरे से पास जारी किया जायेगा। बिना पास वाली किसी गाड़ी को इंट्री नहीं दी जायेगी। तीनों गेट से अंदर आने वाले व्यक्ति की चेकिंग की जायेगी, ताकि बिना चेकिंग के कोई आ नहीं सके। इसमे सभी अधिवक्ता से सहयोग करने की अपील की जायेगी। तीन नंबर गेट के पास पार्किंग एरिया को खाली कराने की मांग भी की जायेगी।

एसएसपी से मुलाकात कर सुरक्षा गार्ड की तैनाती व पेट्रोलिंग की सुविधा के लिए वार्ता की जायेगी। वही बैठक में जिला बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए फैसला लिया गया। तय किया गया 11 सदस्यीय कमेटी बनायी जायेगी। कमेटी का सुपरविजन एडहॉक कमेटी के दो सदस्य रंजनधारी सिंह एवं सुनीस पांडेय करेंगे। 11 सदस्यीय कमेटी के द्वारा आने वाले चुनाव के लिए वोटर लिस्ट को फाइनल किया जाएगा। रेगुलर प्रैक्टिशनर व नन रेगुलर प्रैक्टिशनर की पहचान की जायेगी। कमेटी में अधिवक्ता अमित कुमार सिंह, अमित कुमार, जेकेएम राजू, लीना मोहंती, रवींद्र कुमार, पीपी भगत, अजय कुमार सिंह, निलेश कुमार, रवींद्र कुमार, गणेश टुडू को शामिल किया गया। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता लाला अजीत कुमार अंबष्टा, तापस मित्रा, रंजनधारी सिंह, टीएन ओझा, जयप्रकाश, सुनील पांडेय शामिल रहे।

# धालभूमगढ़ एयरपोर्ट निर्माण के लिए लोकसभा में सांसद ने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** धालभूमगढ़ एयरपोर्ट के मामले को सांसद विद्युत वरण महतो ने लोकसभा में नियम 377 के अधीन सूचना देते हुए उठाया। उन्होंने कहा जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र औद्योगिक घराने के नाम से मशहूर है। जहा टाटा स्टील विश्व के सबसे बड़े उद्यमी स्थापित हैं। एमएसएमइ का एक बड़ा सेक्टर भी आदित्यपुर में है।ऑटोमोबाइल सेक्टर में छोटे-बड़े उद्योगों को मिलाकर लगभग दो हजार उद्योग स्थापित हैं। बगल में ही माइंस का बड़ा खदान है। व्यापारी सुविधाओं को देखते हुए केंद्र सरकार ने धालभूमगढ़ एयरपोर्ट के निर्माण की स्वीकृति दी थी। एयरपोर्ट अथोरिटी ऑफ इंडिया ने इसके लिए लगभग सौ करोड़ रुपये आवंटित भी किये है। एयरपोर्ट की स्वीकृति के बाद जनवरी 2019 में भारत सरकार के द्वारा भूमि पूजन कर शिलान्यास भी किया गया।लेकिन एयरपोर्ट के लिए वन विभाग के द्वारा एनओसी नही मिला। इस मामले में 7 फरवरी 2023 को लोकसभा में नियम 377 के तहत उठाया गया था। जवाब में राज्यमंत्री नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार,जनरल डॉ वी के सिंह का पत्र 28 फरवरी 2023 को प्राप्त हुआ। पत्र में कहा गया है पर्यावरण मूल्यांकन समिति ने देखा प्रस्तावित स्थल जंगलों में पड़ता है। बड़ी संख्या में हाथियों का निवास स्थान है। हाथी गलियारे के रूप में जाना जाता है। बैठक में निष्कर्ष निकला प्रस्तावित स्थल हवाईअड्डे के विकास के लिए उपयुक्त नहीं है। समिति वर्तमान स्थल चयन से सहमत नहीं थी।परियोजना के प्रस्ताव को एक वैकल्पिक स्थल का पता लगाने के लिए कहा गया। सांसद श्री महतो ने कहा जवाब से घोर निराशा हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है आज तक एक भी हाथी को यहां के लोगों ने देखा ही नहीं तो हाथियों का गलियारा कहां से हो जाएगा। पता नहीं कौन सी चयन समिति है कब वह गयी स्थल निरीक्षण करने इसका भी स्थानीय सांसद होने के नाते मुझे जानकारी नहीं मिली। सांसद ने वन भूमि का अनापत्ति प्रमाण निर्गत कराते हुए धालभूमगढ़ एयरपोर्ट निर्माण की कार्य को प्रारंभ करने की अपील की, ताकि झारखण्ड, पश्चिम बंगाल के खड़गपुर, मिदनापुर, झाड़ग्राम, पुरुलिया, ओड़िशा के बारिपदा मयूरभंज, बालेश्वर को जमशेदपुर जैसे बड़े शहर से जुड़ जा सके।

## ओड़िशा की खबरें

# जी-20 एजुकेशन वर्किंग ग्रुप की तीसरी बैठक भुवनेश्वर में

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** शिक्षा मंत्रालय की संयुक्त सचिव नीता प्रसाद और कौशल विकास मंत्रालय की संयुक्त सचिव सोनाल मिश्र ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कहा कि ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में उत्कल दिवस से लेकर 29 अप्रैल तक लगभग एक महीने तक जी-20 से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन की भारत की अध्यक्षता को सफल और मजबूत बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'जन भागीदारी' का प्रयास किया जायेगा। माह भर चलने वाले इस कार्यक्रम जिसमें पूरे महीने राज्य के सभी जिलों में प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। इस के दौरान 'एजुकेशन वर्किंग ग्रुप' की तीसरी बैठक मे फेयर होटल, भुवनेश्वर में 27 से 29 अप्रैल तक तीन दिनों तक चलेगी। इसमें जी-20 देशों के प्रतिनिधिमंडलों के भाग लेने का कार्यक्रम है। केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के विजन और मार्गदर्शन में एजुकेशन वर्किंग ग्रुप के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। निर्धारित विषय वस्तु पर चर्चा के साथ देश के युवाओं तक यह सब पहुंचाने का प्रयास किया जायेगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पास जिलों की उभरती कौशल आवश्यकताओं और निरंतर कौशल विकास, री-स्किलिंग और अप-स्किलिंग की आवश्यकता और इसे ओडिशा में हर जगह पहुंचाने की योजना के बारे में एक स्पष्ट चिंता धारा है।

जी-20 शिक्षा कार्य समूह की तीसरी बैठक का उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री श्री सुभाष सरकार द्वारा किया जायेगा। आधिकारिक बैठक प्राथमिक साक्षरता और सांख्यिकी, प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षण, भविष्य के दृष्टिकोण और अनुसंधान साझेदारी जैसे चार प्रमुख विषयों पर केंद्रित होगी। इस बैठक की पूर्व संध्या पर 26 अप्रैल को भुवनेश्वर में आइएमएमटी में जी-20 प्रतिनिधिमंडल भविष्य की कार्रवाई पर एक सेमिनार और प्रदर्शनी में भाग लेंगे। प्रतिनिधिमंडल 28 अप्रैल को कोणार्क के सूर्य मंदिर का दौरा करेगा। कला, संस्कृति, हस्ततंत्र और हस्तशिल्प में ओडिशा की उत्कृष्टता प्रतिनिधि मंडली को प्रदान की जायेगी। सभी को राज्य की पहचान से जोड़ने के लिए पारंपरिक व्यंजन परोशा जायेगा। इसके अलावा 23 अप्रैल से 29 अप्रैल तक भुवनेश्वर में जी-20 पर एक पृथक प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। प्रदर्शनी में जी-20 देशों के 75 संगठन, उद्योग, सरकारी संस्था, आइटी कंपनियां और कौशल विकास संस्थान भाग लेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों, शिक्षाविदों और उद्योग को जोड़ना और कृषि के भविष्य पर अपने अनुभवों को स्टार्ट-अप और युवा उद्यमियों, विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में काम करने वालों को साझा करना होगा। इस कार्यक्रम के दौरान आइआइटी भुवनेश्वर, आइआइएम संबलपुर, आइएमएमटी भुवनेश्वर, इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, हैदराबाद, डेलॉइट, सीआइआइ, यूएसएआइबीसी जैसे संस्थानों द्वारा 23 अप्रैल से 25 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। विचार-विमर्श अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी को मजबूत करने और भविष्य की कार्रवाई के लिए एक रूपरेखा तैयार करने पर केंद्रित होगा। अत्याधुनिक तकनीकों, एआइ, मेटावर्स, ऑटोमेशन, मशीन लर्निंग आदि पर भी चर्चा की योजना है।

गौरतलब है कि ओडिशा के 35 से अधिक संस्थानों की ओर से राज्य के सभी जिलों में एक माह तक विभिन्न कार्यक्रम व सेमिनार आयोजित किये जायेंगे। इसके अलावा राज्य के 30 जिलों में क्विज प्रतियोगिता, रचना, बकरूता, मॉक जी-20 एवं युवा समाचार जैसे भारत की जी-20 अध्यक्षता पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इन सभी कार्यक्रमों की गुरु दायित्व युवा और महिलाएं करेंगी।

जी-20 की विभिन्न बैठकों और कार्यक्रमों में ओडिशा की जनजातियों द्वारा बनाये गये उत्पादों को प्रदर्शित करने पर विशेष गुरुत्व दिया जायेगा। चूंकि 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया गया है, इसलिए जी-20 प्रतिनिधियों को पारंपरिक भारतीय भोजन और मंडिया भोजन परोसा जायेगा। संयुक्त सचिव नीता प्रसाद ने बताया कि राज्य सरकार जी-20 के लिए भी सहयोग प्रदान करेगी।

# छात्रवृत्ति के लिए अनएकेडमी की ऑनलाइन परीक्षा शुरू

**26 मार्च से 16 अप्रैल तक पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक और शाम चार से पांच बजे के बीच ली जा रही है परीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अनएकेडमी ने शिक्षार्थियों की बढ़ती आकांक्षाओं का समर्थन करते हुए अनएकेडमी स्कॉलरशिप टेस्ट (यूएसटी) की घोषणा की। परीक्षा 26 मार्च से 16 अप्रैल तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक और शाम चार से पांच बजे के बीच ऑनलाइन आयोजित की जा रही है।

यूएसटी के साथ, अनएकेडमी का लक्ष्य शिक्षार्थियों को भारत के शीर्ष शिक्षकों से सीखने का अवसर देना और उनके सपनों के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सर्वोत्तम शिक्षाशास्त्र है। योग्य शिक्षार्थी अनएकेडमी प्लेटफॉर्म और अनएकेडमी सेंटर पर 100% तक छात्रवृत्ति प्राप्त करने में सक्षम होंगे, जिसमें शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को विशेष रैंकर्स समूह तक पहुंच प्राप्त होगी।

यूएसटी सभी पात्र शिक्षार्थियों के लिए 100 करोड़ रुपये तक की छात्रवृत्ति और पुरस्कार की पेशकश कर रहा है, ताकि उनकी शैक्षिक यात्रा में मदद की जा सके। छात्रवृत्ति परीक्षा आइआइटी, जेइइ, एनइइटी, यूजी और फाउंडेशन (कक्षा 8 से 12) के उम्मीदवारों के लिए है।

टॉप रैंकर्स को अनएकेडमी के ऑनलाइन और ऑफलाइन कार्यक्रमों में प्रवेश पाने का अवसर प्रदान किया जायेगा, जिससे उनके सीखने के अनुभव और आइआइटी जेइइ और एनइइटी यूजी परीक्षाओं के लिए तैयारी में वृद्धि होगी। इस पहल का उद्देश्य देश भर के शिक्षार्थियों के लिए अवसरों का एक मंच तैयार करना है, जो ऑफलाइन और ऑनलाइन परिदृश्यों में उन्नत शिक्षण विकल्पों की तलाश कर रहे हैं।

# श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल ने निकाला भव्य मंगला जुलूस

**नारी शक्ति भी हुई जुलूस में शामिल, भक्तिमय हुआ गढ़वा जिला**

**भव्य विशाल रूप में हनुमान जी का रूप धारण किया कलाकार, रहा आकर्षण का केंद्र**

आजाद सिपाही संवाददाता







**गढ़वा।** श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल के द्वारा भव्य मंगला जुलूस का आयोजन किया गया जुलूस का नेतृत्व जेनरल के अध्यक्ष दौलत सोनी के द्वारा किया गया। जुलूस का संचालन महासचिव उमेश कश्यप, आशीष वैद्य के द्वारा किया गया। जिसमें नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ा एवं अगल-बगल ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ा के लोग राम भक्त शामिल हुए। मां काली मंदिर के एकत्रित होकर 2:00 बजे दिन में जुलूस प्रारंभ हुआ। मेन रोड होते हुए श्री रामलला मंदिर पहुंचकर सोनपुरवा बाजार होते हुए पुनः रंका मोड़ संकट मोचन मंदिर के पास पहुंच कर हनुमान मंदिर में महाआरती करके कार्यक्रम को समाप्त किया गया। कार्यक्रम का शोभा बढ़ाने के लिए भव्य विशाल रूप में हनुमान जी का रूप धारण कर कलाकार आकर्षण का केंद्र रहा। बंगाल हल्दिया से छऊ नृत्य का आयोजन कराया गया। जो गढ़वा वासियों ने देखकर मंत्रमुग्ध हुए। श्री महावीर मझिआंव मोड़ झंडा चौक के द्वारा भी झांकी निकालकर जुलूस की शोभा बढ़ाई। विभिन्न अखाड़ा के लोग भी गाजे-बाजे के साथ जुलूस में आए। जुलूस में बहुत सारे महिलाएं बच्चे एवं पुरुष उपस्थित हुए। जेनरल के अध्यक्ष दौलत सोनी ने कहा कि बहुत ही हर्ष की बात है कि गढ़वा में राम नवमी पूजा दिन प्रतिदिन बहुत ही धूमधाम और उल्लास से मनाया जा रहा है । हम सभी आशा करते हैं कि आने वाले समय में गढ़वा का रामनवमी पूरे झारखंड में आकर्षण का केंद्र होगा। जुलूस शांति तरीके से संपन्न होने पर हम जेनरल टीम की ओर से जिला प्रशासन को बधाई देते हैं। जिला प्रशासन के कुशल नेतृत्व मार्गदर्शन से कार्यक्रम संपन्न हुआ। राम भक्तों के लिए विभिन्न संस्था के द्वारा जगह-जगह जलपान की व्यवस्था किया गया। जनरल की ओर से उन सभी संस्था के लोगों को भी बहुत-बहुत बधाई। कार्यक्रम में उपस्थित रामनवमी पूजा महासमिति के सभी पदाधिकारी सदस्य संरक्षक गढ़वा के विभिन्न संस्था से आए हुए सम्मानित समाजसेवी विभिन्न राजनीतिक दल के साथी जुलूस में उपस्थित थे।

## भवनाथपुर में हनुमान चालीसा पाठ के साथ निकला बाइक जुलूस



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रामनवमी पूजा समिति के तत्वावधान में रामनवमी को लेकर सप्तमी तिथि मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ के साथ मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया। मोटरसाइकल जुलुस पहाड़ी शिवमंदिर के प्रांगण से शुरू हुआ जो सिंघिताली, चपरी, मकरी, अरसली दक्षिणी, अरसली उत्तरी, सिंदुरिया व टाउनशिप मुख्य पथ होते हुए भवनाथपुर बस्ती देवीधाम के प्रांगण में पहुंचकर समाप्त हुई। मोटरसाइकिल जुलूस में शामिल रामभक्त जय श्री राम, जय हनुमान आदि के नारे लगा रहे थे। डीजे की धुन पर बज रहे भक्तिगीत से पूरा प्रखंड भक्ति वातावरण से गुंजयमान हो गया। जुलूस को लेकर प्रशासन मुस्तैद दिखा। मौके पर देवीधाम रामनवमी पूजा समिति के गौरव राज सिंह, अमन सिंह, अर्पित सिंह, जॉर्ज, गौतम, सुभाष, अंकित, सुर्यमन्दिर पूजा समिति के वेद प्रकाश आर्य, नितीश कुमार, उज्वल जायसवाल, टाउनशिप पूजा समिति के मधुसुधन पाठक, धर्मेंद्र चौबे, मनु उपाध्याय सैकड़ो की संख्या में रामभक्त शामिल थे।

## मझिआंव में राम भक्तों ने भगवा ध्वज के साथ निकाला बाइक जुलूस



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बजरंग दल मंझिआंव के शिव मंदिर कुटी पर के नागा बाबा के निर्देशन में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य बाइक जुलूस निकाला गया। बताते चलें कि बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने सैकड़ों बाइक में भगवा ध्वज लगाकर जय श्री राम, हर हर महादेव के उद्घोष के साथ शिव मंदिर कुटी पर से प्रारंभ कर कॉलेज गेट गाहिड़ी, मंझिआव बाजार, बकोइया आमर खजुरी होते हुए पुन शिव मंदिर कुटी पर जुलूस का समापन किया गया।

## बजरंगबली की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयी शोभायात्रा



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपर बुका के अमोला टोला में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच बजरंगबली की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इससे पूर्व बुका गांव के सैकड़ों भक्तगण जयश्रीराम जय बजरंगी सहित कई भक्तिमय नारो के साथ बजरंगबली के मूर्ति की शोभायात्रा पूरे गांव में निकाली। शोभा यात्रा के दौरान काफी संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे हनुमानी झंडे के साथ भक्तिमय गाने पर थिरकते नजर आये। पूरा क्षेत्र जय बजरंगबली के उद्घोष से भक्तिमय हो गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मंदिर के गर्भ गृह में बजरंगबली की प्राण प्रतिष्ठा किये जाने के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष रामा शंकर मेहता, सचिव दिलीप पासवान, कोषाध्यक्ष रंजीत मेहता, लाल बहादुर मेहता, मिथिलेश मेहता, सीगलेश पासवान, सोनू कुशवाहा, रंजीत मेहता, राकेश कुमार मेहता सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## सगमा के बीरबल गांव में चैती छठ महापर्व पर भक्ति जागरण का आयोजन



**सगमा (आजाद सिपाही)।** चैती छठ महापर्व के अवसर पर सगमा प्रखंड के बीरबल गांव स्थित सूर्यमंदिर परिसर में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। श्रीराम सेवा समिति बीरबल के तत्वावधान में आयोजित उक्त कार्यक्रम का सुभारंभ मुख्य अतिथि धुरकी के थाना प्रभारी सदानन्द कुमार, जिप सदस्य अंजू यादव, प्रखंड प्रमुख अजय साव, बीरबल मुखिया इंद्रजीत कुशवहा के द्वारा पूजा पाठ के बाद नारियल फोड़कर किया गया। इसके पूर्व समिति के द्वारा सभी अतिथियों को भगवा अंग वस्त्र देकर समानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन में श्री राम सेवा समिति के अध्यक्ष श्रीकान्त विश्वकर्मा, संरक्षक रामजन्म गुप्ता, संयोजक पारस नाथ यादव, आशीष विश्वकर्मा, सीताराम रवानी, मणिशंकर विश्वकर्मा, महेश गुप्ता, रविन्द्र विश्वकर्मा, श्रीकान्त चन्द्रवंशी, उमेश यादव, सुधीर प्रजापति, कामेश्वर गुप्ता, चन्द्रमणि यादव, संतोष प्रजापति, विकास यादव, संदीप विश्वकर्मा, दया गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, उदय राम, चन्दन ठाकुर, धनंजय गुप्ता सहित कई लोग शामिल थे।

## हूर गांव में आरके पब्लिक स्कूल का उद्घाटन

**यह नवस्थापित स्कूल भी अपनी सफलता की ऊंचाई को प्राप्त करेगा : अलखनाथ पांडेय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिले के सदर प्रखंड के मध्या पंचायत स्थित हूर गांव में आरके पब्लिक स्कूल की एक नयी शाखा का उद्घाटन आरके स्कूल्स संस्थान समूह के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे। अपने संबोधन में निदेशक ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अपने संस्था की उपलब्धि को सामने रखते हुए कहा कि यह नव स्थापित स्कूल भी अपनी सफलता की ऊंचाई को प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि अन्य आरके पब्लिक स्कूल की भांति इस स्कूल में भी सभी सुविधाएं होंगी। स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, पुस्तकालय, खेलकूद योगा एवं अन्य कार्यक्रमों की व्यवस्थाएं उपलब्ध रहेंगी। जिससे बच्चों का संपूर्ण विकास हो सके। उन्होंने स्कूल के सफल हुए बच्चों के संदर्भ में बोलते हुए कहा कि स्कूल के विद्यार्थी लड़के लड़कियां आज सभी प्रतिष्ठित पदों पर आसीन हैं। आरके शैक्षणिक संस्थान शिक्षा एवं शिक्षण के क्षेत्र में आज विशिष्ट पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि यह नवनिर्मित स्कूल में भी प्रतिष्ठावान बच्चों को तैयार करने का भरपूर प्रयास किया जाएगा।

मौके पर राजेंद्र चौबे पूर्व प्रमुख, अनिल पांडे पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष, विनय चौबे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मुखिया बसंत चौबे, अवधेश कुशवाहा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मां सायर देवी धाम में 108 बार किया गया हनुमान चालीसा का पाठ



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध मां सायर देवी धाम मंदिर में 11 दिवसीय वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के आठवें दिन मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद की ओर से 108 बार हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। श्री रामचरित्र मानस नवाह्न परायण महायज्ञ में दैनिक हवन पूजन के पश्चात आचार्यों के साथ सभी यजमान एवं स्थानीय विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। हनुमान चालीसा पाठ में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष सत्यम कुमार मल्होत्रा, राहुल कुमार मल्होत्रा, शुभम कुमार मल्होत्रा, अशोक कुमार, रंजन कुमार सहित दर्जनों युवा के साथ हवन यज्ञ मुख्य यजमान देवेंद्र शर्मा सत्यनारायण मेहता कृष्णा प्रसाद कुशवाहा आदि शामिल थे सभी कार्यक्रमों का संचालन देवी धाम संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत के द्वारा किया गया। मौके पर मोतीचंद प्रसाद, अंबिका यादव, रविंद्र प्रसाद वर्मा, मनोज जायसवाल, प्रमोद महाजन सहित कई लोग उपस्थित थे।

**Office of the Executive Engineer**
**Konar Canal Division, Banaso, Hazaribag.**

**2nd Call e-Procurement Notice**

**e-Tender Reference No.-** WRD/KCDivision,Banaso/SBD-01/2022-23 Dated.- 27.03.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | **Residual work of Approach channel From 0.00 M To 652.00 M and clearance of siltation and Boulder pitching Work on the Slope of approach channel. Under Konar Canal Division, Banaso.** |
| 2 | Estimated Cost (Rs) | Rs. 10,91,70,190.06 (Rupees Ten crore Ninty one Lakh Seventy Thousand One Hundred Ninty – Paise Six only ) |
| 3 | Time of Completion | 30 (Thirty) Months |
| 4 | Earnest Money (Rs.) | Rs. 10,92,000.00 (Rupees Ten Lakh Ninty Two Thousand only ) |
| 5 | SBD Paper Cost (-Refundable) (Rs.) | Rs. 10,000.00 (Rupees Ten Thousand only ) |
| 6 | Date of Publication of NIT(IFB) on web site | 29.03.2023 11:00 A.M |
| 7 | Last Date/Time for submission of bids | 13.04.2023 Up to 5.00 P.M |
| 8 | Last Date/Time for receipt for bid's Fee ,security and other documents | 15.04.2023 Up to 5.00 P.M |
| 9 | Place of office for deposit of the receipt for bid's Fee ,security and other documents in hard form . | I. (a) Executive Engineer, Konar Canal Division, Banaso, Hazaribag ( Pin code – 825312 ) (b) By speed post at above Address. II. Superintendent Engineer, Tenughat Dam Circle, Tenughat. III. Chief Engineer, Water Resources Department, Hazaribagh |
| 10 | Technical Bid Opening Date | 17.04.2023 at 02:00 P.M |
| 11 | Name and address of office Inviting tender | Executive Engineer, Konar Canal Division, Banaso, Hazaribag |
| 12 | Contact no. of Procurement officer | 9431108950 |
| 13 | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-267462 |

Note:- Only e-Tenders will be accepted. Further detail can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.
**Change in estimated amount is possible.**

**Executive Engineer,**
**Konar Canal Division,**
**Banaso, Hazaribag.**

PR 293755 (Water Resource) 22-23 (D)

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department, Road Division, Daltonganj**

**e-Procurement Notice**

e-Tender Ref No- 16/ RCD/Daltonganj/2022-23/ 347 Dated:- 25.03.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | **North Koel Semra Mines Link Road of Ordinary Repair for the year 2022-23.** |
| 2. | Estimated Cost | **Rs. 1,00,00,000.00 (Rupees One Crore) Only.** |
| 3. | Bid Security (Amount) | **Rs. 2,00,000.00 (Rupees Two Lacs) Only.** |
| 4. | Time of Completion | **02 Months** |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | **10.04.2023, 10:30 AM** |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | **25.04.2023, 12:00 Noon** |
| 7. | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | **27.04.2023, 15:00 PM** |
| 8. | Date and Time of Bid opening | **28.04.2023, 12:30 PM** |
| 9. | Bid (Tender Fee & EMD)Submission Address | **Office of the Chief Engineer (Com.)-Cum- Nodal officer, e-Procurement Cell, Road Const. Dept. 1st Floor, Engineering Hostel,No.-2, Dhurwa, Ranchi. 834004** |
| 10. | Name & address of officer Inviting tender | **Executive Engineer, R.CD., Road Division, Daltonganj. 06562-225019** |
| 11. | E-mail Id | **eercdmedini-jhr@nic.in** |
| 12. | Helpline number of eProcurement cell | **0651-2401010** |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

**Executive Engineer**
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj

PR 293635 Road (22-23)_D

## कार्यक्रम : नीलांबर-पीतांबर के शहादत दिवस पर कार्यक्रम में मंत्री मिथिलेश ने कहा

# शहीद नीलांबर-पीतांबर के गांव का होगा कायाकल्प



### एक करोड़ की लागत से होगा आदिवासी बालिका छात्रावास का जीर्णोद्धार : मंत्री

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय स्थित आदिवासी बालिका छात्रावास का जीर्णोद्धार करीब एक करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इसके लिए झारखंड सरकार के अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने 98 लाख 40 हजार 900 रुपए राशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है। बहुत जल्द ही निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि आदिवासी बालिका छात्रावास जीर्णोद्धार कार्य के तहत छात्रावास के भवन की पूर्ण रूप से मरम्मति, बिजली, पेयजल, डीप बोर, बिजली व पानी का वायरिंग, रंग-रोगन आदि सभी कार्य किया जाएगा। इस छात्रावास का पूरी तरह कायाकल्प होगा। साथ ही बहुत जल्द ही आदिवासी बालक छात्रावास एवं अल्पसंख्यक छात्रावास का भी जीर्णोद्धार कराया जाएगा।

**मंत्री ने नीलांबर-पीतांबर के वंशज को माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में मंगलवार को झारखंड के वीर शहीद स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर-पीतांबर का 164वां शहादत दिवस मनाया गया।

खरवार आदिवासी एकता संघ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप जलाकर किया। इस दौरान आदिवासी नृत्य एवं गीत से मंत्री श्री ठाकुर का स्वागत किया गया। इस दौरान मंत्री ने नीलांबर-पीतांबर के वंशज को मंच पर माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वीर शहीद नीलांबर-पीतांबर का गांव चेमो-सनेया डूब क्षेत्र होने के कारण मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। परंतु वह डूब क्षेत्र ही क्यों न हो बहुत जल्द चेमो-सनेया गांव का कायाकल्प होगा। वहां बिजली, पानी, सड़क आदि सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होगी। अगले वर्ष शहादत दिवस चेमो-सनेया गांव में ही मनाया जाएगा। यही वीर शहीदों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मंत्री ने कहा कि पलामू के दुबियाखांड़ में लगने वाला आदिवासी कुंभ मेला को राजकीय मेला घोषित कराने के लिए कद्दावर नेता इंदर सिंह नामधारी 1990 से ही प्रयासरत रहे। फिर भी किसी भी सरकार ने नहीं सुनी। परंतु हेमंत सोरेन ने उक्त मेला को राजकीय मेला घोषित कर दिया।

मंत्री श्री ठाकुर ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि आज सभी लोग इस शहादत दिवस पर जाति, धर्म एवं संप्रदाय से उपर उठकर लोकतंत्र की रक्षा करने का संकल्प लें।

जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि तमाम अड़चनों के बावजूद मंत्री श्री ठाकुर चेमो-सनेया गांव को सर्वसुविधा संपन्न गांव बनायेंगे। मौके पर संजय सिंह, विजय कुमार सिंह, संजय सिंह छोटू, उमा देवी, चैतु सिंह खरवार आदि ने विचार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से तुलसी सिंह खरवार, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, दिलीप गुप्ता, शिवनाथ सिंह, जीतेंद्र ठाकुर, अशोक चंद्रवंशी, ताहिर अंसारी, फुजैल अहमद, बनारसी सिंह, अनंत लकड़ा, कुंअर सिंह, लव कुमार सिंह, मोहन पासवान, प्रमिला देवी, हिरवंती देवी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**कार्यालय :- अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पलामू)**
Email-supt.pmchpalamu@gmail.com

ज्ञापांक 292 / मेदिनीनगर, दिनांक 22.03.2023

**ई-निविदा सम्बन्धी सूचना**

मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल मेदिनीनगर पलामू में अन्तःवासी मरीजों को दिए जाने वाले पथ्य (भोजन) नाश्ता एवं Meeting अंतर्गत आपूर्ति की जाने वाली Refreshment/Snacks Pack आदि आपूर्ति हेतू प्राधिकृत निबंधित, प्रतिष्ठित संस्था / आपूर्तिकर्ता से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

**Salient Features of Bidding Document:-**

| Sl.no. | Details | Timelines/Other Particulars |
|---|---|---|
| a | **Bidding Document Fee (Non-Refundable)** | Rs. 5000/-(Rupees Five Thousand) Demand Draft issued by any Nationalize Bank in Favour of " Hospital Management Society Daltonganj, payable at Daltonganj, It will be Non- Refundable. |
| b | **Bid Security/Earnest Money Deposit (EMD)** | Rs. 50000/- (Fifty Thousand) Demand draft in favour of Hospital Management Society Daltonganj". It will be Refundable. |
| c | **Date of Publication of Tender on website** | 28/03/2023.on www.jharkhandtenders.gov.in |
| d | **Pre-Bid Conference** | 10/04/2023 at 11:00 AM in the office of the Superintendent, Medinirai Medical College Hospital, Medininagar, Palamu. |
| e | **Last date and Time for submission of Bids** | 21/04/2023 to 5:00PM |
| f | **Last date of submission of Tender Fee, EMD** | up to 22/04/2023 till 03:00PM in the office of Superintendent, Medinirai Medical College Hospital, Medininagar, Palamu, (By Hand) |
| g | **Opening of Bid** | 26/04/2023 at 01:00 PM in the office of the Tender Inviting Authority. |

**Note:- If any of the cut-off date identified above happens to be holiday, the next working day shall be implied.**

**The complete Bidding document is available on the website** www.jharkhandtenders.gov.in **. The Tenders should be submitted through e-procurement system only except Tenders Document Fee and EMD.**

अधीक्षक
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल,पलामू

**PR 293623 (District)22-23*D**

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 29 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in


## जंगल में आग बुझाने में सक्रिय भागीदारी निभायें ग्रामीण : डीएफओ



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** वन विभाग द्वारा मंगलवार को तुरियाडीह वन परिसर के रानीगंज बाजार बगीचा में वन अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में मौजूद पठारी गांव के ग्रामीणों ने जंगल में किसी हाल पर आग नहीं लगने देने में प्रत्यक्ष भागीदारी निभाने का भरोसा दिलाया। आग लगने पर तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को देने की अपील किया गया। आग लगने पर फायर ब्लोअर समेत तात्कालिक देशज उपाय करने की तकनीक ग्रामीणों को बताया गया। इस मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि, मार्च–अप्रैल मई माह में लोग अज्ञानता से जंगल में आग लगा देते हैं। जंगल में आग लगने से बड़ी क्षति होती है इससे हरे खड़े बड़े पेड़ सूख जाते हैं। जंगल की भूमि में सतही नमी सुख जाने से पौधे नष्ट होने लगते हैं। आग से झुलस कर जंगल को गंभीर क्षति होती है। जंगल में रहने वाले छोटे बड़े सैकड़ों कीट जंगल के विकास में किसान की भूमिका में होते हैं जो जलकर नष्ट हो जाते हैं। हर हाल में जागरूक होकर जंगल को आग से बचाने की जरूरत है। डीएफओ अरविंद कुमार ने कहा कि जंगल में आग लगने के बाद उसे बुझाने में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले ग्रामीण को नगद राशि देकर प्रोत्साहित किया जायेगा। अब तक सैकड़ों ग्रामीणों को उनके खाते में नगद राशि देकर प्रोत्साहित किया गया है। आग लगने की घटना होने पर ग्रामीण सूचना देने के साथ तत्काल उसे बुझाने का भी प्रयास करें कहा। ग्रामीण सरकार के ऐप से भी अपने मोबाइल से जोड़ना सुनिश्चित करें। इससे जंगल में आग लगने पर तत्काल उन्हें जानकारी होगी और आग बुझाने की तकनीक और मार्गदर्शन भी मिलेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पठारी गांव के ग्रामीण मौजूद थे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया सिंह मोटर पार्ट्स दुकान का उद्घाटन



**गारू (आजाद सिपाही)।** मनिका विधानसभा के पूर्व विधायक सह भाजपा जिलाध्यक्ष हरेकृष्णा सिंह, जीप सदस्य जीरा देवी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष तौकीर मिया, प्रखंड प्रमुख सीता देवी, पंचायत समिति सदस्य बरखा कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर गारू प्रखंड मुख्यालय के आवासीय छात्रावास के समीप सिंह मोटर पार्टस दुकान का शुभारंभ किया। सिंह मोटर पार्ट्स के प्रोपराइटर गोपी कुमार सिंह ने बताया कि गारू में ट्रैक्टर, बोलेरो आदि वाहनों का पार्ट्स नहीं मिल पाता है, जिसके कारण लोगों को लातेहार या डालटनगंज जाना पड़ता हैं। इस प्रतिष्ठान का उद्देश्य है कि, वाहनों की पार्ट्स से लेकर उचित मूल्य में वाहनों के सर्विसिंग कार्य भी किया जायेगा। मौके पर रवि कुमार सिंह, मंगल उरांव, मंजर कासमी, प्रिंस सिंह और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## नीलांबर-पीतांबर का शहादत दिवस मनाया



**हेरहंज–लातेहार (आजाद सिपाही)।** हेरहंज एवं पांकी प्रखंड के सीमावर्ती क्षेत्र जांजो ग्राम स्थित झुमेलाटांड़ में नीलाम्बर–पीताम्बर का शहादत दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में तेतरी कुंवर जमीन दाता,विशिष्ट अतिथि के रूप में पांकी विधायक शशि भूषण मेहता,लातेहार के पूर्व विधायक प्रकाश राम,भाजपा महिला प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता,लाल सूरज,आप प्रवक्ता ओमकार जायसवाल, रघुपाल सिंह कार्यक्रम स्थल पहुंचे। उपस्थित सभी अतिथियों ने सर्व प्रथम नीलाम्बर–पीतांबर के आदम कद प्रतिमा में माल्यार्पण कर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जमीन दाता तेतरी कुंवर, पांकी विधायक शशि भूषन मेहता व लवली गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। पांकी विधायक श्री मेहता ने सभा में सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार नीलांबर पीताम्बर ने देश की आजादी के लिए अपना प्राण निछावर किया,अंग्रेजों से लड़कर स्वतंत्रता दिलायी आज हमलोग उनकी याद में 28 मार्च को नीलाम्बर पिताम्बर शहादत दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। वहीं श्रीमती गुप्ता ने सम्बोधन करते हुवे कहा कि नीलाम्बर–पीताम्बर दोनों भाइयों का शहादत बेकार नहीं जायेगा दोनों भाइयों ने 1857 में अंग्रेजों से लोहा लेते हुवे शहीद हो गये। जिनकी याद में हम सभी झारखंड वासी 28 मार्च को नीलाम्बर पिताम्बर शहादत दिवस के रूप में मनाते हैं। इस शहादत दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में दोनों प्रखण्ड के लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता–अखिल झारखंड खरवार आदिवासी विकास परिषद के प्रखंड अध्यक्ष–मनोज सिंह ने किया व मंच संचालन –राजेश्वर सिंह ने किया। मौके पर–पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता,लातेहार विधानसभा पूर्व विधायक प्रकाश राम,लाल सूरज,लवली देवी,आप प्रवक्ता ओमकार जायसवाल, रघुपाल सिंह,रंजीत जायसवाल, अशोक गुप्ता, उपेन्द्र यादव,विनय सिंह,सरहुली सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष–मनीष जायसवाल,मंजीत सिंह,बिपिन सिंह, अशोक गुप्ता, व्यास यादव, बिनोद यादव समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## यूनिफाइड कमांड की बैठक, पेशरार के 150 घरों में सौर ऊर्जा और स्ट्रीट लाइट की योजना की स्वीकृति प्रदान

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में यूनिफाइड कमांड की बैठक हुई। बैठक में आरइओ, लोहरदगा को सनई–हपात पथ अधूरे कार्य को पूर्ण किये जाने, पाखर में पथ का निर्माण से संबंधित, पेशरार में बाधित विद्युत आपूर्ति को बहाल करने संबंधित निदेश दिए गए। पेशरार के 150 घरों में सौर ऊर्जा व स्ट्रीट लाइट की योजना की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में पिछले बैठक में दिए गए निदेशों की समीक्षा की गई व आवश्यक निदेश दिए गए। बैठक वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता समीरा एस, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) परमेश्वर प्रसाद, एएसपी. अभियान दीपक पांडेय, संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, संबंधित कार्यपालक अभियंता, सभी अंचल अधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## अवैध ईंट-भट्ठों के संचालन के विरुद्ध कार्रवाई करना सुनिश्चित करें : डीसी

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा खनन पदाधिकारी के ओर से अवैध इंट–भट्ठों के संचालन के विरुद्ध कार्रवाई, अवैध रूप से बालू उठाव/परिवहन पर कार्रवाई, अवैध रूप से पत्थर का खनन करनेवालों के विरुद्ध कार्रवाई की समीक्षा की। सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को पंचायत स्तरीय बालू घाटों को प्रारंभ कराने का निदेश दिया गया। साथ ही, निदेश दिया गया कि पंचायत स्तरीय बालू घाट से निकाले गये बालू का व्यवसायिक उपयोग ना हो। बैठक में बालू के स्टॉक की भी समीक्षा की गई। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि, अंचल अधिकारी सेन्हा/कैरो/भंडारा/किस्को समेत अन्य उपस्थित थे।

## चैती दुर्गा पूजा समिति बाबा मठ के 41वें पंडाल का उद्घाटन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला में चैती दुर्गा पूजा को लेकर चारो तरफ हर्ष व उमंग है। महासप्तमी की पूजा अर्चना के बाद पंडाल का पट खोल दिया गया। इधर चैती दुर्गा पूजा समिति बाबा मठ का 41वें पूजा पंडाल का उद्घाटन हिंडाल्को के (अकाउंट हेड) अमिताभ चक्रवर्ती के द्वारा किया गया। मां अंबे का विधिवत पूजा एवं आरती के साथ पट खोला गया। पट उद्घाटन में समिति के अध्यक्ष संतोष लकड़ा, केंद्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष रोहित साहू, सूरज अग्रवाल, किस्को जिप सदस्य संदीप कुमार गुप्ता, मनोज साहू सहित पूजा पंडाल समिति के सभी पदाधिकारी एवं केंद्रीय महावीर मंडल के संरक्षक एवं पदाधिकारी एवं हिंडाल्को के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इधर पूजा पंडालों में मां भगवती की महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# लातेहार में शांति व्यवस्था के लिए फ्लैग मार्च निकाला



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** आगामी रामनवमी पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए उपायुक्त लातेहार भोर सिंह यादव एवं आरक्षी अधीक्षक अंजनी अंजन के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी समेत पुलिस बल के जवानों ने चटनाही मोड़ से लेकर समाहरणालय तक फ्लैग मार्च किया। इस मौके पर उपायुक्त लातेहार ने जिलावासियों से आपसी प्रेम, सौहार्द्र एवं भाईचारे के साथ रामनवमी पर्व का मनाने की अपील किया। उन्होंने कहा रामनावमी के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण के लिए जिला के विभिन्न स्थानों पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल के जवानों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इस मौके पर आरक्षी अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो इसके लिए लातेहार पुलिस मुस्तैदी के साथ कार्य कर रही है। असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। फ्लैग मार्च के दौरान उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष मिश्रा, प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव, अंचल अधिकारी रूद्र प्रताप, थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## धूमधाम से रामनवमी त्योहार पर निकाली मंगलवारी शोभा यात्रा



**मनिका (डिंपल राजा)।** लातेहार जिले के मनिका प्रखंड स्थित मनिका बाजार के देवी मंडप के प्रांगण मे नवयुवक संघ पुजा समिति के बैनर तले आयोजित रामनवमी पुजा के चैत नवरात्रि के शुभ अवसर पर विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद भव्य मंगलवारी जुलूस यात्रा गाजे–बाजे के साथ नाचते झूमते हुए भक्तजनों ने देवी मंडप से होते हुए हाई स्कूल मैदान पहुंचकर एकत्रित होकर सेमर चौक होते हुए पचपेड़ी चौक पहुंचे क्षेत्रवासियों ने जयकारा लगाते हुए जय श्री राम जय श्री राम के नारे से पुरे मनिका क्षेत्र उद्घोष से राममय माहौल गुंज उठा।पुरे क्षेत्र मे इस आयोजन से भक्तिमय वातावरण हो गया। काफी उत्साह श्रद्धालुओं का अच्छा खासा मौहोल देखाने को मिला। लोगों में काफी खुशियां देखने को मिला शोभा यात्रा को समाप्ति करते हुए पुनः यह कार्यक्रम देवी मंडप पहुंचकर समाप्त किया गया।वही कार्यक्रम के संबोधित करते हुए पूजा समिति के अध्यक्ष राजू प्रसाद ने मंगलवारी यात्रा मे पहुंचे क्षेत्र के श्रद्धालुओं को आभार प्रकट किया। जो मंगलवारी यात्रा मे शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाये। इस कार्यक्रम में शामिल उपाध्यक्ष बजरंगी प्रसाद, भावी समाजसेवी विकास प्रसाद, गोलू कुमार, विजय प्रसाद, गोविंद पासवान, छोटू राजा, घनश्याम प्रसाद, बाबन पासवान, नीतीश भारती, आकाश भारती, सत्यम प्रसाद, रौशन साहू, चंदन कुमार, अमन भारती, ऋषभ भारती, सौरभ भारती, इस कार्यक्रम में एगारह की संख्या में किशोरिया भी शामिल हुई एवं पुजा समिति के लोग समेत सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मंगलवारी यात्रा मे हिस्सा लिया।

## बालूमाथ में पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारियों ने किया फ्लैग मार्च




**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** रामनवमी के त्यौहार को लेकर विधि व्यवस्था को देखते हुए सोमवार की शाम में पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारियों ने फ्लैग मार्च किया। यह फ्लैग मार्च बालूमाथ थाना परिसर से प्रारंभ होकर थाना चौक महावीर मंदिर बाजार टाड़ मस्जिद चौक तेली टोला भामाशाह नगर चेकनाका होते हुए गुजरी। इस फ्लैग मार्च में बालूमाथ एचडीपीओ अजीत कुमार, थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, अंचलाधिकारी आफताब आलम के साथ बालूमाथ थाना के पुलिस अवर निरीक्षक धीरज कुमार, दुती कृष्ण महतो, सुरेश मरांडी, नीतीश कुमार, संजय चौधरी, चंद्रशेखर दुबे, कैलाश बाड़ा के साथ-साथ भारी संख्या में सशस्त्र बल मौजूद रहे। एसडीपीओ अजीत कुमार ने बताया कि फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखना है। अंचलाधिकारी आफताब आलम ने कहा कि अप्रिय घटना नहीं हो इसी उद्देश्य यह फ्लैग मार्च निकाला गया है।

## प्लास हॉस्पिटल का विधायक बैजनाथ राम और मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के समीप अंबाकोठी में प्लास हॉस्पिटल खुला ।जिसका उद्घाटन मंगलवार को मुख्य अतिथि लातेहार के अस्थानी विधायक बैद्यनाथ राम, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह एवं नगर अध्यक्षा सीतामनी तिर्की ने फीता काटकर किया। मौके पर थायराइड डॉ एस पी सिंह, न्यूरो डॉक्टर गणेश कुमार, यूरोलॉजी शैलेंद्र कुमार सिंह, इमरजेंसी मेडिसिन डॉ वसंत, ऑर्थोपेडिक डॉक्टर अभिनव मिश्रा, डॉक्टर संदीप शर्मा, डॉ राजेश सिंह, डॉ रवि रंजन, डॉ पल्लवी सिंह, डॉ चंदन कुमार सिंह एवं डॉ कुंदन कुमार सिंह मौके पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक बैद्यनाथ राम ने हॉस्पिटल में व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी दी, कहा कि शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए नगर में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होगी



जिस कारण उन्हें अन्य जगह नहीं जाना पड़ेगा। श्री राम ने आगे कहा कि लातेहार जिले में मेडिकल कॉलेज के लिए जमीन देख लिया गया है। बहुत जल्द लातेहार में मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था की जाएगी। वही मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि आजकल के लोगों में अंधविश्वास भर गया है। जो ज्यादा से ज्यादा लोग अंधविश्वास के चक्कर में अपने और अपने परिजनों के जीवन संकट में डाल देते हैं। उन लोगों को अंधविश्वास से उठकर अस्पताल की और आना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि जो लोग गांव से आते हैं उन्हें निश्चित रूप से जो है उनके पास उन्हीं में उनका पूर्ण रूप से इलाज किया जाए। उन गरीब मरीजों को विश्वास दिलाया की उनका इलाज बेहतर और कम खर्च में यहां इलाज किया जाएगा, बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।मौके पर हॉस्पिटल संचालक चन्दन कुमार, ज्ञानचंद पांडे, जिला अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, राजधानी यादव, मेघा दुबे, राजमणि वकील, दुर्गा प्रसाद, सुदामा प्रसाद, अंकित पांडे एवं विशाल कुमार, राजेन्द्र सिंह, सुनील कुमार, सरजू सिंह, समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## रामनवमी को लेकर फ्लैग मार्च किया

**भंडरा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र के मसमानो, कुम्हरिया अम्बाटोली तथा भंडरा में सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा एवं थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में जनसंपर्क एवं फ्लैग मार्च किया गया। सीओ ने बताया कि रामनवमी को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए फ्लेग मार्च किया गया।मौके पर लोगों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की सलाह दी गई।इस क्रम में स्थानीय लोगों ने प्रशासनिक पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि धनराज थाना क्षेत्र का सांप्रदायिक माहौल हमेशा से सद्भावना पूर्व रहा है इस सद्भावना पूर्ण माहौल को हमेशा बनाए रखा जायेगा। समाज में शांति भंग करने वाले लोगों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस तरह का कोई प्रयास करता है तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासनिक पदाधिकारियों को दी जायेगी। इस दौरान ए एस आई लव कुश सिंह सहित काफी संख्या पुलिस बल मौजूद थे।

# किस्को पुलिस ने होंदगा और नारी नवाडीह में किया फ्लैग मार्च

### रामनवमी को लेकर थाना क्षेत्र के किस्को मुख्य चौक सहित अन्य क्षेत्रों में फ्लैग मार्च चलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**किस्को/लोहरदगा।** जिला के किस्को थाना क्षेत्र में आगामी रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराये जाने को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से अभी से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। इस दौरान किस्को थाना प्रभारी पोलीकॉर्प टोप्पो की अगुवाई में थाना क्षेत्र के मुख्य चौक होते हुए साप्ताहिक मंगलवार बाजार एवं प्रखंड मुख्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण से होकर होंदगा और नारी नवाडीह से होते हुए किस्को मुख्य चौक से किस्को थाना तक फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को रामनवमी का त्योहार आपसी भाईचारा के साथ मनाये जाने हेतु



अपील किया गया। इस बीच थाना प्रभारी पोलीकॉर्प टोप्पो ने कहा कि रामनवमी त्योहार को थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से कमर कस ली है। उन्होंने कहा कि त्योहार के उपलक्ष्य पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा कि किस्को थाना क्षेत्र में सभी समुदाय का त्योहार भाईचारे का साथ शुरू से ही मनाई जाती रही है आगामी रामनवमी त्योहार को भी पूर्वजों द्वारा स्थापित गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखते हुए मनाने का कार्य करें जिससे किस्को थाना क्षेत्र का नाम शांतिप्रिय क्षेत्र के रूप में स्थापित रहे। थाना प्रभारी ने कहा कि त्योहार के दौरान शराब पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। साथ ही रामनवमी के अवसर पर सरारती तत्वों और हुड़दंग करने वालों की खैर नहीं।

### प्रशासन की पैनी नजर रहेगी

थाना प्रभारी ने कहा कि त्योहार के दौरान हर गतिविधियों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। मौके पर एएसआइ अविनाश कुमार सिंह, एएसआई मोलेन मुर्मू, एएसआइ धर्मदेव उरांव, गोविंद सिंह एवं पुलिस के जवान शामिल थे।

## झोलाछाप डॉक्टर से दवा लेने से परहेज करें: बीडीओ



**सेन्हा–लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा के प्रांगण में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख फुलझरी देवी, 20सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, मुखिया धनबाज उरांव, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिव्यां निशी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि हम क्यों बीमार हो रहें हैं, बीमार होने से पहले बीमारी से बचाव का तरीका को आप अपनाये, जांच करा कर दवा का सेवन करें। गांव देहात में बहुत ज्यादा मात्रा में झोलाछाप डॉक्टर घूम रहे उनसे दवा लेने से परहेज करें। डा दिव्या निशी ने अतिथियों मेहमानों का धन्यवाद ज्ञापन किया। स्वास्थ्य मेला शिविर में परिवार नियोजन, आयुष्मान कार्ड,गर्भवती धात्री महिलाओं, नेत्र रोग, मलेरिया एवं फाइलेरिया जांच के अलावा अस्पताल से मिलने वाली तमाम सुविधा की जानकारी दिया गया। वही पूर्व से फाइलेरिया रोग से ग्रसित 10 लोगों को कीट दिया गया। 10 लोगो को आयुष्मान कार्ड दिया गया एवं 40 लोगों का नेत्र जांच कर चश्मा दिया गया। मौके पर प्रमुख फूलझरी देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, चिकित्सा प्रभारी डॉ दिव्या निशि के अलावे स्वास्थ्य कर्मी और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## चैत शुक्ल सप्तमी पर निकाला जुलूस



**सेन्हा–लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बाजार डांडू में रामनवमी के मेला आयोजित करने को लेकर मंगलवार को सुबह ग्रामीण राम भक्तों द्वारा चैत शुक्ल पक्ष सप्तमी के अवसर पर अपने अपने घरों में विधिव हनुमानजी का पूजन कर जुलूस निकाला गया। जुलूस मन्हे, साइटोली, गढकस्मार, तुरियाडिह, फतेहपुर, नवाडीह, आरा, जामुनटोली, बगालटोली, टेतरटोली कदमटोली, उरु, साके, चटकपुर का भ्रमण करते हुए अपने गंतव्य जगह बाजार डांडू वापस आया। 1970 ईसवी से बाजार डांडू में मेला लगाया जा रहा है। जिसमें पूर्व परंपरा के अनुसार सप्तमी के दिन से ही रामनवमी मेला का जुलूस भ्रमण करता है। जुलूस में पारंपरिक हथियार, ढोल,नगाड़ा, डीजे,बैंड और महावीरी झंडा लेकर नाचते हुए लोग घूमते हैं। लाठी,डंडा, भला, तलवार का भी खेल प्रदर्शन किया जाता है। जुलूस भ्रमण करते हुए आगे बढ़ता है। वैसे ही काफिला भी बढ़ते जाता है। वही जगह जगह ग्रामीणों द्वारा जुलूस में भ्रमण करने वाले भक्तो का गुड़,चना,सरबत देकर स्वागत किया जाता है। ग्रामीणो द्वारा बताया जाता है। कि प्रत्येक वर्ष मेला आयोजन को लेकर सप्तमी के दिन से रामनवमी का जुलूस भ्रमण करता है। जिसे जुलूस जहां–जहां भ्रमण करते हुए जाता है। वहां से लोग नवमी को बाजार डांडू में मेला के लिये आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मेला लगाने का यह निमंत्रण देने का पारंपरिक सौहार्द्र है। मेला प्रारंभ से ही प्रत्येक वर्ष शांति, सौहार्द्र एवं भाईचारगी से बाजार डांडू में संपन्न होते आ रहा है। वही मेला में दूर दूर से भी लोग खिलौना, मिठाई व अन्य चीजों का दुकान लेकर आते हैं। मेला का लुत्फ उठाते हैं।

## उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ चैती छठ महापर्व संपन्न



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ चैती छठ महापर्व संपन्न हुआ। सोमवार शाम जहां बारिश और वारिश के बीच छठ व्रतियों के द्वारा छठ घाटों के साथ–साथ अपने अपने घरों में डूबते सूर्य कोअर्घ्य दिया। इस अवसर पर सभी छठ घाटों में काफी संख्या में लोगों की भीड़ भाड़ थी। वही मंगलवार सुबह चैती छठ के अवसर में प्रखंड मुख्यालय के आदर्श नगर छठ घाट के साथ–साथ धडधड़ी नदी घाट, पुल नदी छठ घाट, अमडीहा , मंगरा समेत सभी छठ घाटों में छठ व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। इस अवसर में जहां अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर बरवाडीह थाना में पूर्व में पदस्थापित एएसआइ सूबेदार सिंह गया शहर (बिहार से) बरवाडीह मुख्य छठ घाट पहुंचकर चैती छठ पूजा में उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। उन्होंने कहा कि अपनी मनोकामना पूर्ण होने के बाद सेवा से रिटायर होने के बाद छठ पर्व मनाने यहां पहुंचे हैं। वहीं दूसरी रेलवे कॉलोनी के स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी द्वारा अपने सरकारी आवास में ही चैती छठ पर्व का आयोजन किया। जहां पर रेलवे क्लब महिला समिति के उपाध्यक्ष सुधा दुबे द्वारा अपने परिवार के साथ आस्था के चैती छठ महापर्व को आयोजन किया। मंगलवार सुबह चैती छठ महापर्व के अवसर उगते सूर्य को अर्घ्य देने प्रखंड के मुख्य छठ घाटसमेत सभी छठ घाटों में भक्तों की काफी भीड़भाड़ थी।

## विद्यालय भूमि पर अतिक्रमण कतई बर्दाश्त नहीं: अनिता सिंह



**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ उपाध्यक्ष अनिता सिंह के द्वारा यह जानकारी दी गई कि विगत कुछ कुछ समय से बालूमाथ राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय की जमीन पर अतिक्रमण की जानकारी बालूमाथ के बुद्धिजीवियों से प्राप्त हो रही थी की विद्यालय की भूमि पर बिचौलियों की नजर लग गई है, जिसके कारण विद्यालय के अतिक्रमण होने की संभावना बढ़ गई है। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक से कई बार बात की गई । प्रधानाध्यापक के द्वारा बताया गया कि अंचल अधिकारी बालूमाथ को कई बार मापी के लिए पत्र लिखा गया है परंतु विद्यालय भूमि की मापी अभी तक नहीं की जा सकी है,जिसके कारण अतिक्रमण की संभावना बनी रहती है।उपाध्यक्ष अनिता सिंह के द्वारा यह बताया गया कि 1964 में राज्यपाल के नाम से डीड करके विद्यालय को 9 एकड़ 10 डिसमिल जमीन प्राप्त हुआ ' उसके बाद से विद्यालय जमीन पर दखल लेकर कायम है बड़ा प्लॉट होने के कारण पूरी जमीन में बाउंड्री नहीं की गई थी ' जमीन दलालों ने खाली पड़ी जमीन को कब्जा करने के लिए कई तरह के हथकंडे अपनाएं ' कुछ दिनों पूर्व विद्यालय की चारदीवारी के अंदर प्रशासन के द्वारा एक भवन बनाया जा रहा था ,जिस पर अंचलाधिकारी ने नोटिस के माध्यम से नया सर्वे के नाम पर रोक लगा दी थी ' आश्चर्य की बात है कि वह भूखंड विद्यालय चहारदीवारी के अंदर था 45 दिनों तक काम बंद रहा ' अभी पुनः प्रधानाचार्य के द्वारा एवं उपाध्यक्ष जिला परिषद के द्वारा उपायुक्त को एक पत्र लिखकर दान पत्र के अनुसार जमीन की मापी कराने का आग्रह किया गया है ताकि जमीन का अतिक्रमण ना हो सके। उपाध्यक्ष अनिता सिंह ने बताया कि अंचल अधिकारी ने अनधिकृत रूप से हो रहे काम को तुरंत रोकने का आश्वासन दिया है ' साथ में उन्होंने यह भी बताया कि यदि विद्यालय भवन का अतिक्रमण को नहीं रोका जाता है तो इसकी शिकायत जिले के उपायुक्त से लेकर सरकार के सचिव तक की जाएगी ।इसी आलोक में जिप उपाध्यक्ष अनिता सिंह ने उपायुक्त भोर सिंह यादव से स्कूल की जमीन पर घर बनाये जाने की शिकायत पर उपायुक्त के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से काम को बंद कर दिया गया है।

# रामनवमी जुलूस के अच्छे वोलेंटियर्स को गुमला पुलिस करेगी पुरस्कृत



### निरीक्षण के क्रम में अखाड़ा में उपस्थित वोलेंटियर्स को टी-शर्ट बांटा गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम वकारिब ने रामनवमी पर्व के मद्देनजर सदर थाना प्रभारी के साथ विधि-व्यवस्था से संबंधित समीक्षा की तथा सभी अखाड़ा एवं निकलने वाले जुलूस के रूटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में कई निर्देश भी दिये गये। गुमला थानान्तर्गत सभी अखाड़ा आयोजकों को शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी पर्व मनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। गुमला शहरी क्षेत्र में विधि-व्यवस्था संधारण हेतु लगे सभी पोर्टेबल सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया तथा सभी कैमरों को दुरूस्त रखने का निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन के माध्यम से ड्रोन कैमरा लगवाकर विधि-व्यवस्था संधारण पर निगरानी रखने हेतु निर्देश दिया गया। पीए सिस्टम को दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया। जुलूस में डीजे के माध्यम से बजने वाले गाना का स्वयं लिस्ट प्राप्त कर समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। रामनवमी त्योहार के जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से निकालने के संबंध में अंजुमन के अध्यक्ष व सदस्यों के साथ मीटिंग करने हेतु निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में अखाड़ा में उपस्थित वोलेंटियर्स को टी-शर्ट बांटा गया। आयोजकों को पहचान पत्र बनाकर अपने वोलेंटियर्स के बीच वितरण करने का निर्देश दिया गया। रामनवमी पर्व के जुलूस को शांतिपूर्ण अनुशासनिक तरीके से संपन्न कराने वाले अखाड़ा आयोजकों को चिन्हित कर अगले दिन पुलिस प्रशासन के तरफ से उन्हें पुरस्कृत करने की घोषणा की गई।

# खरवार भोगता विकास संघ ने नीलांबर पीतांबर का शहादत दिवस मनाया



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला खरवार भोगता विकास संघ के पालकोट रोड स्थित कार्यालय में प्रथम स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर पीतांबर शाही भोगता का शहादत दिवस मनाया गया। मंगलवार को अयोजित यह कार्यक्रम नीलांबर पीतांबर शाही भोगता के 165वें शहादत दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धांजलि दी गई। संरक्षक मंगल सिंह भोगता के नेतृत्व में अध्यक्ष जीतू प्रधान द्वारा शहीद नीलांबर-पीतांबर की पूजा की गई। प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। संरक्षक मंगल सिंह भोगता ने कहा कि नीलांबर पीतांबर खरवार भोगता समाज के पूर्वज हैं। बढ़ते राजस्व के खिलाफ अंग्रेजों के शासक के साथ विद्रोह किया और सामाजिक अस्तित्व की रक्षा कर अमर हो गए। हम शहीद नीलांबर पीतांबर के कृतज्ञ है जिनके बदौलत 165 वर्ष के बाद भी समाज में हमारा अस्तित्व बरकरार है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष शिव शंकर प्रधान, भानु प्रताप प्रधान, हीरालाल प्रधान, विक्रम प्रधान, भरत प्रधान, ललिन्द्र प्रधान आदि शामिल थे।

# बाइक की डिक्की से चोरी करते रंगे हाथों पकड़ाया चोर, हुई धुनाई



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के कचहरी परिसर में मंगलवार को एक चोर चोरी करते रंगे हाथों पकड़ाया। घटना दोपहर करीब एक बजे की है। कचहरी परिसर में मौजूद लोगों ने उस चोर को चोरी करते हुए रंगेहाथों पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। लोगों ने बताया कि यह चोर एक बाइक की डिक्की को खोल कर वहां से पैसे निकाल रहा था। बाइक के मालिक ने अपने इस बाइक की डिक्की में एक लाख 29 हजार रुपये रखे थे। चोर को कहीं से यह भनक लग गई थी कि उक्त मोटरसाईकिल की डिक्की में पैसे हैं। चोर ने डिक्की से 50 हजार रुपये की एक गड्डी निकाल ली थी। इसके बाद वह उस डिक्की में शेष बचे पैसे को भी निकालने का प्रयास रहा था। चोर ने बताया कि उस के साथ उसका एक और साथी भी वहां मौजूद था। मगर अचानक गाड़ी मालिक की नजर चोर को गाड़ी की डिक्की से पैसे निकालते हुए पड़ गई। गाड़ी मालिक दौड़कर अपनी गाड़ी के पास पहुंचा और चोर को पकड़ लिया। तब तक वहां मौजूद अन्य लोगों ने भी चोर की जमकर धुनाी कर दी। आनन फानन सदर थाना प्रभारी विनोद कुमार दल बल के साथ कचहरी परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने चोर को हिरासत ले लिया और उसे थाना ले आये।

## रामनवमी : चैनपुर प्रखंड में निकाली भव्य मंगलवारी शोभायात्रा

# रामभक्तों के जय श्री राम के उद्घोषों से गूंजा पूरा क्षेत्र

### विभिन्न गांवों से पहुंचे राम भक्तों ने अपनी-अपनी कलाओं का किया प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चैनपुर।** राम नवमी को लेकर चैनपुर मुख्यालय में भव्य मंगलवारी शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में जय श्री राम के उदघोषों से पूरा चैनपुर भक्ति के सागर में गोते लगा रहा था। वहीं इस शोभा यात्रा में चैनपुर अनुमंडल के चैनपुर, डुमरी व जारी प्रखंड से लगभग 101 गांव के राम भक्त शामिल हुए। सर्वप्रथम उपस्थित सभी राम भक्तों का परंपरागत तरीके से स्वागत किया गया एवं उन्हें प्रसाद एवं शरबत दिया गया। तत्पश्चात भोजन कराकर शोभायात्रा निकाली गयी। इस दौरान थाना गेट पर चैनपुर थाना के प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने सभी भक्तों के लिए शर्बत की व्यवस्था की थी। जिसे पुलिस कर्मियों के साथ स्वयं लोगों के बीच वितरित कर लोगों की प्यास बुझा रहे थे। राम भक्तों के प्रति प्रशासन का प्रेम देखते ही बन रहा था। शोभा यात्रा चैनपुर दुर्गा मंडप से निकलकर मेन रोड होते हुए बस स्टैंड, सोहन चौक, एमएलए रोड, पीपल चौक, थाना रोड, चर्च रोड होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंच विशाल सभा में तब्दील हो गई। जहां विभिन्न गांव से पहुंचे राम भक्तों ने अपनी-अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया। उनकी कलाओं के प्रदर्शन के अनुसार उन्हें पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर मुख्य अतिथि सम्मी जी विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं संघ एवं आजाद शत्रु प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, चैनपुर मुखिया शोभा देवी, केशव चन्द्र साय के साथ मंच में ग्राम पुरोहित विश्वनाथ पाठक, मुख्य संरक्षक यमुना प्रसाद केसरी, संरक्षक चंदेश्वर प्रसाद, नंदा केसरी, नारायण बैगा, अशोक सिंह, संजय साहू मंच पर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने उपस्थित सभी राम भक्तों को राम नवमी की शुभकामना दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष यशवंत केसरी, उपाध्यक्ष सचिन कुमार, कोषाध्यक्ष संदीप भगत का मुख्य योगदान रहा। मौके पर मुख्य रूप से पुनदू शर्मा, कृष्णा प्रसाद, गणेश साहू, अरविंद मौर्य, मुकेश कुमार, संदीप भगत, नीरज मौर्य, बजरंग दल, मातृशक्ति एवं विहिपि के सभी सदस्य एवं हजारों की संख्या में राम भक्त उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने लगाया जनता दरबार, सुनी लोगों की समस्याएं

### समस्याओं के निराकरण के लिए अधीनस्थों को दिया निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उपायुक्त सुशांत गौरव के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान कामडारा प्रखंड के अरहारा निवासी मोहन बड़ाईक द्वारा अपने आवेदन के माध्यम से बताया गया कि हटिया राउरकेला रेलवे लाईन चौड़ीकरण में जमीन की मुआवजा राशि एक किस्त मिली है, पर दूसरी किस्त की राशि नहीं मिली है। आवेदक द्वारा बकाया राशि भुगतान करने की मांग की गई, उपायुक्त द्वारा आवेदन पत्र को अग्रेतर कर्रवाई हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को भेजने का निर्देश दिया गया।

जनता दरबार में गुमला प्रखंड के दुन्दुरिया निवासी संजय पोद्धर ने आवेदन समर्पित कर बताया कि वे कोरोना काल से ही मशरूम की खेती का प्रशिक्षण प्राप्त कर इसकी खेती कर रहे हैं। साथ ही तीन मजदूरों को भी जीविका दे रहे हैं। आवेदक द्वारा उपायुक्त से कुछ ऐसे प्रोजेक्ट की माग की जिससे कि वे दूसरे व्यक्तियों को। भी अपने इस उद्यम के माध्यम से लाभान्वित कर सकें। उपायुक्त ने आवेदन पत्र को संबंधित पदाधिकारी को भेजने का निर्देश दिया ।

कामडारा प्रखंड के सुरूवा बगीचाटोली ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि सुरूवा बगीचाटोली 14 परिवारों की टोली है। इस टोली में आज तक बिजली की सुविधा उपलब्ध नहीं है। आवेदकों द्वारा गांव में विद्युतीकरण की मांग की गई। उपायुक्त द्वारा आवेदन पत्र पर कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमण्डल को आवश्यक कर्रवाई करने का निर्देश दिया।

इसी तरह जनता दरबार में गुमला प्रखंड के डुमरडीह निवासी लच्छु महली द्वारा अपने जमीन समतल नहीं होने के कारण कृषि की खेती अच्छा उत्पादन नहीं हो पाने का मामला रखा। उन्होंने उपायक्त से जमीन समतलीकरण कराने की मांग की। बंगरकेला बसिया के सिरील उरॉव द्वारा अंचल अधिकारी बसिया के द्वारा दाखिल खारिज में विलम्ब करने का शिकायती पत्र उपायुक्त को दिया गया। कामडारा प्रखंड के सोमरा लोहरा द्वारा बताया कि उनकी जमीन बहुत गहरी हो गयी है। उपायुक्त से अपने जमीन में गार्डवाल चेकडेम निर्माण करने की मांग की। इसके अलावा मानदेय भुगतान, विकलांग पेंशन, राशन कार्ड, मुआवजा भुगतान आदि की शिकायतें मिली, आवेदन पत्रों को संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अविलंब अग्रतेर कर्रवाई करने हेतु भेज दिया गया।

# सीआरपीएफ ने ग्रामीणों के बीच किया सामग्रियों का वितरण

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** बिशुनपुर प्रखंड के बनारी व जोरी सीआरपीएफ कैंप में मंगलवार को 158 बटालियन के द्वारा बिशुनपुर प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र से आये ग्रामीणों के बीच सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत रेडियो, शिक्षा किट, फुटबॉल किट, क्रिकेट किट, वालीवाल किट, उर्वरक बीज सहित कई अन्य सामग्रियों का जरूरतमंद एवं गरीब लोगों के बीच वितरण किया। इस मौके पर सीआपीएफ के उप कमांडेंट सुरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सीआपीएफ के कमांडेंट राहुल कुमार के निर्देश पर सिविक एक्शन कार्यक्रम वर्ष 2023 व 24 का आयोजन किया गया है। इसी निमित्त आज बनारी व जोरी सीआरपीएफ कैंप में जरूरतमंद लोगों के बीच खेल सामग्री सहित जरूरत के अन्य सामान का वितरण किया गया। वहीं सीआरपीएफ 158 बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट सुधीर कुमार ने कहा कि जनता एवं पुलिस के बीच में जो कम्युनिकेशन गैप है उसे दूर करना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। इसी कार्यक्रम के तहत आज बिशुनपुर प्रखंड के सभी पंचायत के युवा खिलाड़ी, किसान, स्कूली बच्चों के बीच खेल सामग्री उर्वरक बीज व घरेलू उपयोग में आने वाले सामानों का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य, सहायक कमांडेंट बबलू कुमार, गुरदरी थाना प्रभारी सदानंद सिंह, सोशल एक्टिविस्ट प्रमोद कुमार सिंह, महेंद्र भगत, प्रदीप उरांव सहित विभिन्न गांव से आये ग्रामीण एवं सीआरपीएफ के जवान उपस्थित थे।




## शोक : नहीं रहे सामाजिक कार्यकर्ता अंजुमन के पूर्व सदर सलीम, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर

# हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए पूरे क्षेत्र में जाने जाते थे सलीम खान

### सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से उन्हें दी विदाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** शहर के जाने-माने समाजिक कार्यकर्ता अंजुमन के पूर्व सदर सलीम खान का पार्थिव शरीर मगंलवार को सिसई रोड स्थित कब्रस्तान में सपुर्द ए खाक कर दिया गया। सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से उन्हें विदाई दी और उनके लिए अल्लाह से दुआ की गई। जनाजे की नमाज जामा मस्जिद के इमाम मौलाना ऐनाम रब्बानी ने पढ़ाई। इस मौके पर गुमला जिला के विभिन्न प्रखंडों से भारी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे।

उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए उनके साथ बरसों समाज के लिए काम करने वाले जिनमें आशिक अंसारी, रेयाज अनवर, हाजी हुसैन खान, सलाउद्दीन अंसारी, अधिवक्ता मोहम्मद ताहा, मौजूदा अंजुमन के नाजिम ए आला अब्दुल जब्बार रिजवी, कार्यवाहक सदर इरशाद बबलू, कार्यवाहक सेक्रेट्री खुर्शीद आलम, शहजाद अनवर, रियाज खान, मो. रिजवान, अकील रहमान, कमरुद्दीन कुरेशी, गुलाम हसनैन, नुरुल हुदा नेताजी, अताउल्लाह अंसारी, समीम खान, सुल्तान अंसारी, अफसर आलम समसू जोहा उर्फ बाबर हाजी मोहम्मद नईम उद्दीन सिसई से अहमद खान वनडेगा छत्तीसगढ़ से हारून रशीद,आदि ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया। इसके अलावा, हमदर्द पंचायत के सदर मोहम्मद करीम, मोमिन अंसारी पंचायत के सदर मोहम्मद नौशाद अंसारी नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष मुसर्रत परवीन, समाजसेवी सैयदा खातून, स्पोर्ट्स एकेडमी के सैयद जुन्नु रैन, सरफराज कुरैशी, प्रोफेसर रिजवान अली, अमीन अहमद , अधिवक्ता मुमताज खान, असलम अंसारी, मास्टर मुख्तार सभी रांची, शकील अंसारी, इस्लाम अंसारी पूर्व सदर लोहरदगा वर्तमान सदर हाजी अफसर कुरैशी, मास्टर इनामुल हक अंसारी, सिसई अंजुमन इस्लामिया के सदर सलमान अंसारी सचिव समसामूल अंसारी, आफताब आलम लाडले, मौलाना अहमद रजा हाफिज जियाउल हक हाफिज जियाउद्दीन मास्टर, आलम कुरेशी, मुस्तफा कुरेशी, अहमद खान, सफदर अली, तनवीर नाज, मोहम्मद मेराज, मोहम्मद बबलू, सैयद कौशर, जुबेर आलम, मोहम्मद बन्नू, नगर परिषद के अध्यक्ष दीप नारायण उरांव उपाध्यक्ष मोहम्मद कलीम अख्तर उर्फ कल्लन अधिवक्ता सैयद मुशाहिद आजमी, अधिवक्ता सैयद मुजीब, मोहम्मद मुमताज, मीर मिराज डॉ राशिद, आरिफ नैयर उर्फ डैजी आदि ने भी गहरा शोक व्यक्त किया। उनके जनाजे में गुमला, सिसई अमबोआ, कोटाम, सीसी कतरी चैनपुर भरनो लसिया, कुडू लोहरदगा रांची, से भी काफी लोग शामिल हुए।



**अंजुमन इस्लामिया ने की शोक सभा :** अंजुमन इस्लामिया गुमला के पूर्व सदर सलीम खान के आकस्मिक निधन होने के उपरांत अंजुमन के नाजिमे आला अब्दुल जब्बार रजवी की अध्यक्षता में शोक सभा अंजुमन कार्यालय मे रखी गई। शोक सभा मे अंजुमन के कार्य. सदर इरशाद खान, पूर्व सदर हाजी खलील अशरफी, सचिव खुर्शीद आलम, नायब सदर आफताब आलम लाडले, प्रवक्ता हसन अली, जामा मस्जिद के सदर मिन्हाज खान, सुहैब आलम अधिवक्ता आदि शामिल रहे।

**सर्वधर्म सद्भावना मंच ने जताया शोक :** स्व. सलीम खान के देहांत की खबर के बाद सर्वधर्म सद्भावना मंच ने भी दुख प्रकट किया है। सर्वधर्म सद्भावना मंच के रमेश कुमार चीनी ने कहा कि सर्वधर्म सद्भावना मंच के प्रथम उपाध्यक्ष जनाब सलीम साहब का देहांत से पूरा मंच दुखी है। हम सभी लोग दुआ करते हैं कि उनके रूह को जन्नत नसीब हो तथा उनके परिवार वालों को इस मुसीबत की घड़ी में सब्र करने की ताकत मिले।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ लोक आस्था का चैती छठ महापर्व संपन्न



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही मंगलवार को संपन्न हो गया। छठ व्रती आस्था के साथ सोमवार को अस्ताचलगामी और मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर क्षेत्र में शांति के साथ सुख और समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मुख्यालय के छठव्रती शिवालय मंदिर स्थित तालाब पहुंचकर सोमवार को अस्ताचलगामी एवं मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर अपने परिवार के साथ-साथ क्षेत्र की कुशलता की कामना की। छठव्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही महिलाओं को सिंदूर लगाकर अमर सुहाग की कामना की एवं प्रसाद रूपी ठेकुआ एवं अन्य फलों का वितरण किया। इधर चैती छठ को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। इस मौके पर जगत ठाकुर, मोतीलाल, मनीष कुमार अंबष्ट, भागवत ठाकुर, गोपाल साहू, भोला गुप्ता, विजय गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# रामनवमी को लेकर एसडीपीओ के नेतृत्व में भरनो पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**भरनो (आजाद सिपाही)।** रामनवमी को लेकर भरनो पुलिस द्वारा मंगलवार को भरनो मुख्यालय में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, इंस्पेक्टर श्यामनंद मंडल थाना प्रभारी कृष्णा कुमार तिवारी, सीओ संजीव कुमार, बीडीओ तेज कुमार हस्सा ने किया। फ्लैग मार्च भरनो थाना परिसर से शुरू होकर ब्लॉक चौक, भरनो बस्ती, मिशन चौक, बाजार टांड़, डोम्बा, लोंगा, पबेया, बरंदा, स्कूल चौक होते हुए थाना परिसर पहुंचे। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने कहा कि रामनवमी पर्व सभी मिल-जुल कर आपसी भाईचारे के साथ मनायें। किसी भी अफवाह में कोई ना आये। हुड़दंगियों और अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रखी जा रही है। मौके पर पुलिस बल शामिल थे।

# समावेशी शिक्षा पर शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के निर्देशानुसार समावेशी शिक्षा पर कन्या मध्य विद्यालय भरनो में प्रधानाध्यापक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं अभिभावकों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे सैकड़ों प्रतिभागी उपस्थित हुए। प्रशिक्षक के रूप में बीआरपी शमीम एजाज, रिसोर्स शिक्षक रंजीत कुमार महतो, विरेंद्र कुमार ने दिव्यांग बच्चों को समावेशन कर समावेशी शिक्षा के तहत शिक्षित कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जाए तथा पीडब्ल्यूडी एक्ट 1995 तथा आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 के सभी दिव्यांगों के प्रकार तथा उनके पुनर्वास आदि विषयों पर विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया गया।

# बिशुनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला आयोजित

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। बीडीओ छंदा भट्टाचार्य एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ किया। बीडीओ ने स्वास्थ्य मेले में लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। स्वास्थ्य मेला में विभाग की ओर से कई स्टॉल लगाए गए थे। जिनमें एनीमिया व थैलीसीमिया जागरूकता केंद्र, बीपी व शुगर जांच, मलेरिया जागरूकता समेत अन्य केंद्र बनाकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया की गयी। इस अवसर पर विभिन्न बीमारियों से ग्रसित लगभग 250 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चिकित्सा पदाधिकारी डॉ धर्मनाथ ठाकुर, डॉ सोनाली, डीजे मिंज, डॉ निधि आनंद, रेनू मिंज, संतोष शर्मा, मुकेश कुमार मिश्रा, राकेश रंजन कुमार सहित कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# सिसई पुलिस ने मारपीट के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रेड़वा गांव निवासी राकेश साहू (32) व उसके छोटे भाई तारकेश्वर साहू (28 ) को मारपीट के आरोप में सिसई पुलिस ने उनके घर से गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। इस बाबत थानेदार आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि बीते 25 जून 22 को गांव के ही कृष्णा साहू ने मारपीट का आरोप लगाते हुए उक्त दोनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से दोनों व्यक्ति फरार थे। गुप्त सूचना मिली कि दोनों व्यक्ति घर पर हैं, इसी के आधार पर उक्त दोनों आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया।

# डुमरी प्रखंड सरहुल पूजा समिति ने धुमकुड़िया भवन में प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया



**डुमरी (गुमला)।** प्रखंड सरहुल पूजा समिति की पूजा डुमरी स्थित धुमकुड़िया भवन में संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरना पूजा समिति के अध्यक्ष जगरनाथ भगत ने की। पूजा में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस निरीक्षक चैनपुर बैजू उरांव, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला महामंत्री मिशिर कुजूर एवं बीडीओ एकता वर्मा उपस्थित हुए। सुबह 8 बजे से ही सरना स्थल डुमरी में पूजा अनुष्ठान एवं सामूहिक प्रार्थना के बाद प्रसाद वितरण किया गया। वहीं सरना स्थल से झखरा कुंबा टांगरडीह तक सामूहिक नाच गान के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमें गाजे-बाजे के साथ हजारों की संख्या सरना धर्मावलंबी पारंपरिक परिधान में शामिल हुए। मौके पर पंसस बेला देवी, मुखिया संजय उरांव, सुखमुनी देवी, अनुराधा देवी, अनपूर्णा देवी, ममता देवी, मीना देवी, मंजू कुमारी एक्का, बीरेंद्र भगत, हेमंत भगत, रविशंकर भगत, सुमेश उरांव, श्रीराम उरांव, बच्चू उरांव, रामकृपा उरांव, विजय भगत, दिनेश उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# योद्ध सिंह नामधारी मार्ग का अनावरण मेरी खुशनसीबी : महापौर

## गोपा बाबू , यदुवंश सहाय, हवलदारीराम हलदर एवं स्व. बैजनाथ सिंह के भी नाम पर होगा मार्ग




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर एवं उप महापौर मंगल सिंह ने स्वर्गीय अनिल सिन्हा चौक (विमेंस कॉलेज रोड से) महापौर आवास तक के मार्ग का बोर्ड द्वारा पारित योद्ध सिंह नामधारी मार्ग के शीलापट का अनावरण किया। महापौर अरुणा शंकर ने इस अवसर पर कहा कि यह हमारे लिए गौरव का पल है जिनके नाम से हमारे प्रमंडल में एकमात्र महिला कॉलेज उस वक्त खोला गया जब महिलाएं कॉलेज जाने में डरती थी। ताकि महिलाएं ज्यादा से ज्यादा शिक्षा ले सके उस महापुरुष के नाम से आज इस मार्ग का नामकरण कर हम सब गौरवान्वित हैं। इस अवसर पर वार्ड पार्षद प्रदीप कुमार अकेला के अलावे नामधारी परिवार से संतोष सिंह नामधारी , समाजसेवी सोनू सिंह नामधारी तथा कई नामधारी परिवार के महिला बच्चे भी उपस्थित हुए। महापौर ने कहा कि कुछ लोग इतिहास मिटाने पर विश्वास करते और मैं इतिहास को जन्म जन्म तक लोग याद रखें इस पर विश्वास करती हूं। महापौर ने कहा कि जल्द संविधान सभा के सदस्य गोपा बाबू के नाम अग्रसेन चौक से मरीन ड्राइव तक के रोड का नामकरण गोपा बाबू मार्ग,जेलहाता ओवर ब्रिज चौक से पूर्व चौक का नामकरण संविधान सभा के सदस्य स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय यदुवंश सहाय चौक, मनोहर पोथी एवं पलामू का इतिहास लिखने वाले हवलदारीराम हलदर के नाम लाल कोठा मोड़ का नाम हवलदारीराम हलदर चौक एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश रहे स्वर्गीय बैजनाथ सिंह जी के याद में भारत माता चौक (साहित्य समाज चौक) से पत्थर मील चौक तक के मार्ग का नाम बैजनाथ सिंह मार्ग बोर्ड द्वारा पारित किया जा चुका है जिसका जल्द अनावरण कर मैं गौरवान्वित महसूस करूंगी। महापौर ने कहा कि जल्द कई और भी चौक चौराहे या रोड स्वतंत्रता सेनानी तथा समाजसेवियों के नाम से नामित किए जायेंगे ताकि आने वाली पीढ़ी उन्हें याद रखें।

## महावीरी जुलूस में शामिल हुए पांकी विधायक



**पांकी/पलामू।** पांकी विधायक डां शशिभूषण मेहता के नेतृत्व मे मंगलवार को ढोल बाजे के साथ रामजानकी मंदिर से महावीरी जुलूस निकाला गया। इसमे बड़ी संख्या मे स्थानीय महिला-पुरुषों ने भाग लिया। जय श्रीराम के उद्घोष के साथ यह जुलूस अंबेडकर चौक, जरही मोड़ से थाना रोड होते कपूरी चौक होकर रामजानकी मंदिर मे आकर समाप्त हुआ। इस मौके भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता, सुनिल गुप्ता, उपेंद्र पांडेय सहित बड़ी संख्या मे लोग शामिल हुए।

# सूर्य को अर्घ्य के साथ चैती छठ संपन्न



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** लक्ष्मण घाट,रामघाट समेत सतबरवा व आसपास के कई छठ घाटों पर मंगलवार को उदयीमान भगवान भास्कर को अर्ध दिया गया। हिंदू धर्म में लोक एवं आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ है जिसे छठ व्रती 4 दिनों तक उपवास रहकर पूरे विधि विधान से पूजा करते हैं। देखा जाए तो कार्तिक मास में होने वाले छठ पूजा में गांव घर के सभी घाटों पर भीड़ काफी होती है जबकि चैत माह में होने वाले छठ पूजा में ज्यादा भीड़ औरंगाबाद बिहार के देव में देखने को मिलती है। चैती छठ में कम भीड़ होने के कारण ज्यादातर घाटों की सफाई भी नहीं हो पाती है।

# बाबा चौहरमल और रामविलास पासवान की प्रतिमा का चिराग करेंगे अनावरण : संदीप



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू ।** प्रखंड क्षेत्र के भगत तेंदुआ एनएच 98 किनारे स्थित शिरोमणि वीर बाबा चौहरमल व पूर्व केन्द्रीय मंत्री लोजपा के संस्थापक रामविलास पासवान के आदमकद प्रतिमा का मई माह में अनावरण किया जाएगा।इसकी जानकारी वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के पलामू जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने देते हुए कहा कि कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि लोजपा के सुप्रीमों सह सांसद चिराग पासवान होंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधि मंडल के द्वारा पटना स्थित आवास पर उनसे मुलाकात कर उन्हें आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में भाग लेने का आमंत्रण को स्वीकार करते हुए उन्होंने एक सप्ताह में तिथि निर्धारित करने की घोषणा की है। वहीं समिति के जिला अध्यक्ष ने बताया कि अनावरण की तिथि घोषणा होने से पहले जल्द ही हरिहरगंज के भगत तेंदुआ ग्राम स्थित स्थल पर बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय कर तैयारी शुरू कर दी जायेगी। मौके पर चिराग पासवान से मिलने पहुंचे प्रतिनिधि मंडल में पलामू वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष संदीप पासवान, गढ़वा चंदन पासवान, पलामू के जिला परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि नंद कुमार पासवान, महासचिव गढ़वा रामचंद्र पासवान के साथ ही विजय पासवान मौजूद थे।


**सं० संख्या:–5/प्रशि०(Affiliation)–05/2022**

**झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची**

पत्रांक–499, दिनांक–27.03.2023

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि DGT के पत्रांक– DGT-Aff011(51)/3/2022-O/o DIR(TC) दिनांक–24.03.2023 द्वारा नए सरकारी/निजी आई0टी0आई0 का NCVT से संबंधन (Affiliation) / कार्यरत आई0टी0आई0 में नये व्यवसाय/नये यूनिट में NCVT से संबंधन(Affiliation)/ संस्थानों के नाम एवं पता में परिवर्त्तन/आई0टी0आई0 के Shifting / कार्यरत आई0टी0आई0 का De-affiliation/Surrender Trade/Unit/LWE/PPP/CSR एवं TSPs के अन्तर्गत संचालित सभी सरकारी/निजी आई0टी0आई0 का NCVT से संबंधन/आई0टी0आई0 का SCVT से NCVT में संबंधन हेतु Online आवेदन करने के लिए NIMI Portal:- https://www.nimionlineadmission.in/iti/ दिनांक–25.04.2023 तक खुला है। NIMI Portal पर Apply करने के पूर्व निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण (प्रशिक्षण पक्ष), झारखण्ड, राँची से NOC(No Objection Certificate) लेना अतिआवश्यक है।

ह0/–
निदेशक
नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची।

PR.NO.293728
Labour Employment and Traning(22-23):D


# रेहला योगीवीर मंदिर परिसर में चल रही श्रीराम कथा में उमड़ रही श्रोताओं की भीड़



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेहला (गड़वा रोड) के सिद्धपीठ बाबा योगी वीर मंदिर परिसर में वासंतिक नवरात्र पर चल रहे श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ में बाबा भोलेनाथ की नगरी वारणसी से आये मानस मर्मज्ञ मारुति किंकर जी महाराज ने श्रद्धालुओं से खचाखच भरे धर्म सभा में अपने संगीतमयी विधा से श्रीरामचरित मानस के कई रोचक प्रसंगों को उल्लेख कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि श्रीरामचरित मानस में जनकपुर में श्रीराम, परसुराम व रावण तीनों का आगमन हुआ है। रावण समाज मे परिवर्तन तलवार के बल पर, परसुराम जी ने कुठार के बल पर और श्रीराम जी ने व्यवहार के बल पर समाज में परिवर्तन लाया। जो दबाव से परिवर्तन चाहता है, समाज के लोग उससे भयभीत रहते है और पीठ पीछे गाली देते हैं। वहीं जो प्रभाव से परिवर्तन लाता है,पीठ पीछे लोग उसकी निंदा करते हैं। जबकि स्वभाव से जो परिवर्तन करता है लोग उसकी स्तुति और प्रशंसा करते हैं। पीठ पीछे उसके यश का गुणगान होता है। उन्होंने कहा कि श्रीरामचरित मानस हृदय का मानस है। जिसमें चारधाम है। मिथिला धाम, चित्रकूट धाम, लंका धाम और अवध धाम। भगवान श्रीराम चारो धाम में आसान पर बैठे हैं। मिथिला में दूल्हा बनकर वरासन पर, चित्रकूट में तपस्वी बन कर कुशासन पर, लंका में वीर बनकर रणासन पर और अयोध्या में राजा बनकर सिंहासन पर बैठे हैं। महाराज जी ने आगे इसका विस्तार करते हुए कहा कि हमारे मानस में मन मिथिला की भूमि है, चित्रकूट में चित, लंका में अहंकार और अयोध्या बुद्धि की भूमि है। मन निर्मल हो,चित चिंतनशील हो,अंहकार परिपक्व हो और बुद्धि सयानी हो तो भगवान हृदय के मानस में विद्यमान होते हैं। मौके पर वरीय समाजसेवी सह राजनीतिज्ञ अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह, राहुल दुबे, संजू सिंह, श्याम चंद्रवंशी, डॉ वीपी शुक्ला, वृंदावन पाठक, बबन पाठक, ज्वाला गुप्ता, आलोक पाठक, पंकज मिश्रा, मंगल गुप्ता, बबलू गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।


**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- **303/2022-23/RWD/GUMLA** दिनांक :- **27.03.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ GUMLA/14/ SRPKG-02/ 2022-23 | (i) पबेया से अताकोरा भाया लोंगा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 8.500 कि0मी0)<br>(ii) छारदा से मंगलो भाया लोंगा पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.000 कि0मी0)<br>(iii) विशुनपुर से सेरका तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.000 कि0मी0)<br>(iv) रेड़वा एन0एच0–23 देवी मंदिर से नागफेनी भाया मुर्गू तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 8.300 कि0मी0)<br>(v) भरनो से तुरियाम्बा भाया कमलपुर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 5.900 कि0मी0) | 14,49,18,400.00 | चौदह करोड़ उनचास लाख अठारह हजार चार सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 2. | RWD/ GUMLA/15/ SRPKG-03/ 2022-23 | (i) ग्राम सिलाफारी से डहुड़डगॉव तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.100 कि0मी0)<br>(ii) भलमण्ड़ा अम्बाटोली से साईटोली भाया नारोटोली बासुदेव कोना तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 5.500 कि0मी0)<br>(iii) जारदा से सिंगपुर भाया तिलहाटोली तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 4.900 कि0मी0) | 5,54,42,900.00 | पाँच करोड़ चौवन लाख बयालीस हजार नौ सौ रू0 मात्र | 15 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **06.04.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **19.04.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **गुमला** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– **20.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (20.04.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– **21.04.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **गुमला** के पक्ष में एवं **गुमला** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 293666 (Rural Work Department) 22-23 (D)


# संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषिता



**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** रेहला के संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के सभागार में एक समारोह आयोजित कर सभी कक्षा के तीन टॉपरों को स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया गया। समारोह का उद्घाटन रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक,सेवानिवृत बीईओ सतेंद्र नाथ चौबे, स्कूल के निदेशक साइमन मैथ्यू एस्ले व नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों द्वारा सभी टॉपर छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। नेमधारी रजक ने कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता है। कठोर परिश्रम और लगन से ही मुकाम पाया जा सकता है। सतेंद्र नाथ चौबे ने कहा कि संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल अनुशासन और संस्कारपूर्ण शिक्षा देने के लिए जाना जाता है। निदेशक एस एम एस्ले ने कहा कि स्कूल प्रबंधन बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर तकनीकी शिक्षा देने का हमेशा प्रयासरत रहता है। मौके पर साइमन एजुकेशनल एंड वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष रंजीत तिवारी, सचिव रीना, प्राचार्य मोनिका एक्का, नूतन कुमारी, आशा कुजूर, संजय तिवारी, प्रीति चौरसिया, सत्यम सिंह, अक्षय कुमार, अमित पात्रा, हरप्रिया नायक, जोस्मिता लाकड़ा, ऊषा बरवा, वेद दूबे, मनीष तिर्की, फिलिसिया टिर्की, पूनम खेस सहित स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिका, अभिभावक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आइटीडीए) की बैठक हुई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आइटीडीए) की बैठक हुई। बैठक में समिति द्वारा प्री-मैट्रिक छात्रवृति योजना अंतर्गत निबंधित कुल 4430 छात्र-छात्राओं का योजना का लाभ दिये जाने हेतु प्रस्तावित सूची को अनुमोदित किया गया। ई-कल्याण पोर्टल पर पंजीकृत दो संस्थानों नदिया प्लस टू हिंदू उच्च विद्यालय, लोहरदगा और कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय, लोहरदगा को पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए संस्थान के रूप में अनुमोदित किया गया। इसी प्रकार पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुमोदित संस्थानों से छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन आवेदित 364 छात्र-छात्राओं के सूची को अनुमोदित किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, आइटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, अग्रणी बैंक प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित थे।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

उपरोक्त लालपुर थाना काण्ड सं0–161/13, दिनांक–11.06.13, धारा– 406/420/467/469/471/120 बी0 भा0द0वि0 में प्राथमिकी अभियुक्त 1.निजामुदीन अंसारी पे0–स्व0 भीकु अंसारी 2. श्रीमति नूरजहाँ खातुन, पति– निजामुद्दीन अंसारी दोनो सा0–असवद एन्क्लेव नियर आलम नर्सिंग होम थाना–बरियातु जिला–राँची 3. गिरीश चन्द्र राय, पे0–महाबीर प्रसाद राय, सा0–फ्लैट न0–401 अभिलाशा एन्क्लेव कुसुम बिहार रोड़ न0–6 थाना–बरियातु, जिला–राँची का द0प्र0सं0 की धारा–82 के अन्तर्गत माननीय न्यायालय से इस्तेहार निर्गत किया गया है।

**Court of Sri Raj kumar Pandey**
**Civil Judge Senior Division XI, Ranchi**
Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF
A PERSON ACCUSED **Lalpur-161/2013**
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)

1. नाम व शिाल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)

(1) निजामुदीन अंसारी पे0–स्व0 भीकु अंसारी (2) श्रीमति नूरजहाँ खातुन, पति–निजामुद्दीन अंसारी दोनो सा0–असवद एन्क्लेव नियर आलम नर्सिंग होम थाना–बरियातु जिला–राँची (3) गिरीश चन्द्र राय, पे0–महाबीर प्रसाद राय, सा0–फ्लैट न0–401 अभिलाशा एन्क्लेव कुसुम बिहार रोड़ न0–6 थाना–बरियातु, जिला–राँची।

2. किया है या करने का उस पर शुवहा है। — जो व–मुजिब दफा मजमूअए तावीरात हिन्द के सजा के लायक है (2)

3. नाम — और व–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआवा यकैफियतदीगईहै कि(3) जब

4. फरार हुआ है या रूपोश ाहै तके वारन्ट मजकुर उसपर जरी न हो सके। — पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि (3) जब

4. मोकाम।

**U/S-** 406/420/467/469/471/120 बी0 भा0द0वि0 — मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि मजकुर साकिन ब–मोकाम(5) अ–हजुर(6)

6. इस अदालतव रूबरू मेरे। — ब–तारीख 17.03.2023 माह नालिश–मजकुर करे जवाब देही के लिए हाजिर हो आज तारीख 14.02.2023 माह सन्

**Court of Sri Raj kumar Pandey**
**Civil Judge Senior Division XI, Ranchi**

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि प्राथमिकी अभियुक्त (1) निजामुदीन अंसारी, (2) श्रीमति नूरजहाँ खातुन, (3) गिरीश चन्द्र राय, कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक/ Court of Sri Raj kumar Pandey Civil Judge Senior Division XI, Ranchi के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

पुलिस उपाधीक्षक, नगर, राँची। – 9431706139
थाना प्रभारी, लालपुर, राँची। – 9431706159

**वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।**

PR 293808 Police (22-23)_D


# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल अभिभावक-शिक्षक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर में शिक्षकों व अभिभावकों के बीच बेहतर समायोजन और विद्यालयीन गतिविधियों के सुचारु रुप से संचालन के दृष्टिकोण से नवीन अभिभावकों व छात्रों के लिए दिशानिर्देश (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। 350 से अधिक अभिभावक इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम का मुख्य ध्येय विद्यालय के सुचारु संचालन व अनुशासित विद्यार्थी का निर्माण करना है। कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से आरंभ होकर 10:30 बजे तक वर्गवार अलग-अलग कक्षों में संचालित किया गया। कक्षा प्री-नर्सरी तक विद्यार्थियों व अभिभावकों का दिशानिर्देशन डां पल्लवी सिंह के द्वारा कक्षा प्राथमिक (प्रथम से पंचम) तक विद्यार्थियों व अभिभावकों का दिशानिर्देशन मिस शिवांगी आनन्द एवं मीनु सिंह के द्वारा इसी प्रकार उच्चतर नवीन छात्रों व अभिभावकों का दिशानिर्देशन दिलीप कुमार मिश्रा एवं नबेन्दुदास के द्वारा किया गया। अभिभावकों के द्वारा भौतिक विज्ञान, रासायन विज्ञान, कम्प्यूटर, गणित एवं जीवविज्ञान के प्रयोगशालों का भ्रमण सह निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात 11 बजे विद्यालय के प्राचार्य डां एके सिंह के द्वारा अभिभावकों के साथ औपचारिक बातचीत की गई। उन्होंने विद्यालय युनिफॉर्म, अनुशासन, व्यक्तित्व विकास, सुलेख, अतिरिक्त कक्षाएं, ओलंपियाड इत्यादि के बारे में विस्तार से चर्चा की। अन्त में अभिभावकों के द्वारा इस कार्यक्रम की खूब सराहना की गई।

### नाबालिग के साथ हुई हैवानियत मामले में राज्य बाल संरक्षण आयोग ने लिया स्वतः संज्ञान

# आयोग की टीम पहुंची घटना की जांच-पड़ताल करने

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/कतरास।** लिलोरी मंदिर स्थित जिला परिषद पार्क में कुछ दिन पूर्व चार हैवानों की हैवानियत का शिकार बनी गजलीटॉड की 15 वर्षीय दलित नाबालिक लड़की के परिजन घटना के बाद से डरे सहमे है। हालांकि गैंगरेप घटनाक्रम को लेकर कतरास पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वही घटनाक्रम को लेकर स्वतः संज्ञान लेते हुए मंगलवार की दोपहर



झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की दो सदस्यीय टीम कतरास पहुंची। टीम ने पीड़ित युवती व उसकी मां से मिलकर घटनाक्रम की पूरी जानकारी ली। टीम में शामिल दो सदस्यों में सुनील कुमार वर्मा एंव डॉ आभा वीरेंद्र अकिंचन ने घटनास्थल कतरास थाना क्षेत्र के लिलोरी मंदिर स्थित जिला परिषद पार्क का निरीक्षण कर घटनाक्रम की जानकारी प्राप्त की। उसके बाद टीम ने राजेंद्र बालिका उच्च विद्यालय कतरास का औचक निरीक्षण कर स्कूल से संबंधित जानकारी और गजलीटांड़ स्थित आवास पहुंच दुष्कर्म पीड़ित नबालिक लड़की व उसके माता पिता से घटनाक्रम पूरी जानकारी हासिल कर उनके ब्यान को नोट किया।

**आयोग अपने स्तर से जांच कर आगे की कार्रवाई करेगी**

इस दौरान आयोग की सदस्या आभा वीरेंद्र अकिंचन ने बताया की आयोग इस मामले को स्वतः संज्ञान लेते हुए अपने स्तर से पूरी घटनाक्रम की जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई करेगी। लड़की के माता पिता फिलहाल सभी कुछ बताने के स्थिति में नही है। ये सब लोग घटनाक्रम को लेकर काफी सहमे हुई है। लड़की से भी बातचीत हुई है और हमलोगो ने लड़की के माता पिता को दस दिनो का समय दिया है ताकि पीड़ित परिजन इस घटना से उबर सके, फोन नंबर दिया गया है। परिजन कुछ बताना चाहेंगे तो हमलोगो से सम्पर्क करेंगे। बहुत कुछ बाते हुई भी है लेकिन बच्ची का मामला है जिसे सार्वजनिक नही किया जा सकता है। बाल संरक्षण आयोग टीम के साथ उत्तम मुखर्जी, नरेश दास, उमेश ऋषि, राहुल कुमार सुपन, मुकेश कुमार दास, जीतु कुमार, राजेश कुमार, सुदेश दास, चंदन राम, अरुण ऋषि, अजय राम सहित कई अन्य स्थानीय लोग भी मौजूद थे।

## महासप्तमी पर निकाली भव्य कलश यात्रा



**राजगंज (आजाद सिपाही)।** चैती दुर्गा पूजा समिति राजगंज के महासप्तमी के अवसर पर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली। गाजे बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा में 501 युवती व महिलाएं सर पर कलश लिए व सैंकड़ो श्रद्धालु भगवा पताका लेकर चल रहे थे। इस दौरान जय श्री राम व जय माता दी के जयकारे से पूरा इलाका गुंजयमान हो रहा था। कलश यात्रा राजगंज मंदिर परिसर से निकल पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुये गल्ही कुल्ही स्तिथ बड़का बांध पहुंची। जहां आचार्य मनोज पांडेय, मुन्ना पांडेय, गंगेश पांडेय, बासुदेव पांडेय की अगुवायी में वैदिक मंत्रोच्चार के नवपत्रिका पूजन किया गया व कलशों में जल भरण किया गया तत्पश्चात मंदिर परिसर पहुंचा। इस दौरान महासप्तमी पूजन किया गया व पंडाल व प्रतिमा का उद्धघाटन किया गया। मौके पर प्रमोद चौरासिया, सचिव संदीप अग्रवाल, विनोद दे, सुबोध चौरासिया, पीताम्बर कुटरियार, दीपू दे, पिंटू दे, सुनील साव, निखिल दत्ता, भोला साव, अजय चौरासिया, उज्ज्वल कुम्हार, हरि विश्वकर्मा, राजू गोराई, राजू कुम्हार आदि मौजूद थे।

## बीएसएल कर्मियों को दीर्घकालीन सेवा सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो ।** बोकारो स्टील प्लांट में 25 सालों की सेवा दे चुके 113 इस्पातकर्मियों को 28 मार्च को आयोजित दीर्घकालीन सेवा पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया गया। मानव संसाधन विकास के प्रेक्षागृह में आयोजित इस समारोह में बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश, अधिशासी निदेशक (संकार्य) बी के तिवारी, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) अमिताभ श्रीवास्तव, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद, मुख्य महाप्रबंधक तथा अन्य वरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह के आरम्भ में मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) हरी मोहन झा ने सभी का स्वागत



किया। निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश ने अपने संबोधन में पच्चीस वर्षों की सेवा पूरी कर चुके कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई दी और कहा कि बोकारो इस्पात संयंत्र एक संगठन मात्र नहीं, परंतु एक परिवार है। उन्होंने दीर्घकालीन सेवा सम्मान प्राप्त कर रहे कर्मियों को अपने अनुभव संयंत्र से जुड़ रहे नए कर्मियों से साझा करने का आह्वान भी किया। अन्य मंचासीन अधिकारियों ने भी दीर्घकालीन सेवा सम्मान प्राप्त कर रहे बीएसएल कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। समारोह के दौरान 28 अधिशासी व 85 अनधिशासियों को दीर्घ कालिक सेवा प्रमाण पत्र व उपहार अतिथियों द्वारा दिये गए। कार्यक्रम का संचालन वरीय प्रबंधक (कार्मिकं) डॉ नन्दा प्रियदर्शिणी एवं प्रबंधक (कार्मिक) रितिका शुक्ला ने कियां। अंत में महाप्रबंधक (कार्मिक) पी सेन ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य जागरूकता मेला का किया गया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिछरी /बेरमो।** पेटरवार प्रखंड के पिछरी दक्षिणी पंचायत स्थित राजकीय मध्य विधालय में स्वास्थ्य मेला सह जागरूकता मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह, प्रमुख शारदा देवी, जिला परिषद सदस्य अशोक मुर्मू, पिछरी दक्षिणी मुखिया प्रमिला देवी, झामुमो नेता घुन्नु हाँसदा, पेटरवार के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुंदन राज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बेरमो विधायक ने जयमंगल सिंह ने कहा कि एक दिवसीय कैंप में स्वास्थ्य संबंधित स्टाल लगाये गये है। कुल 16



स्टॉल लगाए गए हैं जिसमें सभी कर्मचारी उपलब्ध हैं। लोग अपने स्वास्थ्य का भी जांच करा सकते हैं और आसपास के लोगों को भी इसकी जानकारी दें। इस मेला में आयुष्मान कार्ड, शुगर टेस्ट स्क्रीनिंग एंड मेडिसिन, एनएचएम अंतर्गत आईईसी, लेप्रोसी ओपीडी टीबी मलेरिया, शिशु कुपोषण जांच, महिला ओपीडी, परामर्श एवं दवा वितरण, पीसीपीएनडीटी, ईएनटी, आरटीआई/एसटीआई, एड्स, सिफलाइज एंड कैंसर चेकअप, सामान्य ओपीडी, योगा स्टॉल, ओआरएस, जिंक कॉर्नर का स्टॉल लगाये गए थे। मौके पर मुख्य रूप से अभय ठाकुर, कॉंग्रेस के युवा नेता गणेश मिश्रा, आशीष पाल, दुर्गा महतो, मिडिया प्रभारी बिकी महतो, प्रधानाध्यापक धनेश कुमार महतो, अंबरीश पौधार, नीलकंठ दास, मनिष मिश्रा, अबू कलाम, गोपी महतो, मिथलेश सोनी, शिवप्रसाद, उपेंद्र कुमार, विजय मरांडी, मगंल हांसदा, ललन टुडू, अनिल मुर्मू, पंकज मिश्रा, तपन मिश्रा, डॉ रिचा सिंह, डॉ मृण्मय महतो, डॉ श्वेता श्रीवास्तव, डॉ विनम्र किशोर विधाता, डॉ आकाश जैन, डॉ संजय कुमार, डॉ कुंदन राज सहीत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## आरएसपी कॉलेज के जर्जर भवन को लेकर एनएसयूआइ ने किया प्राचार्य का घेराव



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** आरएसपी कॉलेज बेलगाडिया के जर्जर भवन को देखते हुये एनएसयूआई के जिला सचिव चितरंजन कुमार सिंह ने अपनी टीम तथा छात्रों के साथ मिलकर कॉलेज प्राचार्य का घेराव करते हुए कॉलेज भवन की दुर्दशा से वाकिफ कराया। चितरंजन का कहना है कि धनबाद के सबसे पुराने कॉलेज की ऐसी दुर्दशा हो गयी है कि ये कॉलेज नहीं बल्कि डरावना भवन प्रतीत होता है। यहां छात्र-छात्राएं अपना भविष्य उज्जवल बनाने के उद्देश्य से आते हैं परंतु उन छात्रों के जान पर भी खतरा बना रहता है। क्या कॉलेज प्रशासन किसी घटना होने का इंतजार कर रही है इसके साथ ही छात्राओं का शौचालय और लाइब्रेरी की ओर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रशासन को बताया गया की शौचालय की हालत बद से बदतर हो गयी है और कॉलेज में लाइब्रेरी होते हुए भी वह कभी खुलती नहीं कॉलेज इस मामले पर अपना ध्यान केंद्रित करें अन्यथा एनएसयूआई आंदोलन के लिए बाध्य होगी। मौके पर कॉलेज अध्यक्ष संजय तिवारी, उपाध्यक्ष अभिषेक कश्यप, महासचिव शिवम कुमार, सचिव अमित कुमार, मोहित सिंह, नेहाल अंसारी, दीक्षा, शहनाज, राजलक्ष्मी विश्वकर्मा, खुशी, शीतल, खुशी एवं दर्जनों एनएसयूआई के सदस्य मौजूद थे ।

## कीर्तन से घर लौट रहे पिता-पुत्र हुए सड़क दुर्घटना का शिकार, पिता की हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बलियापुर।** बलियापुर के डांगापाड़ा निवासी सागर दास के पुत्र राजेश कुमार दास (33 वर्ष) की सोमवार की देर की रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बलियापुर हटिया मैदान में आयोजित अखंड हरी कीर्तन देखने के बाद राजेश अपने बेटे ईशु के साथ बाइक से वापस घर लौट रहे थे, तभी स्मार्ट बाजार के समीप किसी अज्ञात वाहन ने पिता-पुत्र को अपने चपेट में ले लिया। इस घटना में ईशु को हल्की चोटें आई जबकि राजेश को गंभीर स्थिति में बलियापुर सीएचसी लाया गया। वहां से उसे एसएनएमएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया गया। जहां



डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद से पूरे गांव में मातम पसर गया है। मां गीता देवी पत्नी बंदना दास समेत पूरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे पत्नी, 3 पुत्र समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गया है। घटना की सूचना पर मंगलवार को उप प्रमुख आशा देवी, दिलीप कुमार महतो, पूर्व मुखिया खगेन महतो, स्वपन महतो आदि ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया।

## सिंदरी मंदिर में भव्य अनुष्ठान का आयोजन



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** चैत नवरात्र के अवसर पर जय माता दी मंदिर रांगामाटी, सिंदरी में भव्य अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार की संध्या महाअष्टमी आरती में झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह शामिल होंगी। वहीं 8 बजे से चौबीस घंटे का अष्टयाम प्रारंभ होगा। इस वर्ष नवमी को कन्या भोजन के साथ दरिद्र नारायण भोज का आयोजन भी किया गया है। इससे पूर्व कमेटी ने मंदिर प्रांगण में सिंदरी के संवाददाताओं को माता की चुनरी ओढ़ाकर और सेवावीर सम्मान प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। पत्रकारों को यह सम्मान पत्रकारिता के जरिये समाज में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए दिया गया। मौके पर मंदिर के अध्यक्ष अविनाश सिंह, संरक्षक रंजीत कुमार, सचिव कुमार राजेश, कोषाध्यक्ष प्रशांत चंद्र हुई, सत्यदेवनारायण सिंह, इन्द्र मोहन सिंह, अतुल सिंह, भीम प्रसाद, प्रिय रंजन कुमार, गौरव सिंह, तेजू सिंह, राजेश मालाकार, किशोर प्रसाद, हरेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, सचिन, राजेश दास, वरुण कोले, मंदिर के पुरोहित फानिंद्र नाथ रॉय, छोटन मुखर्जी एवं अनिल झा उपस्थित थे।

## रामनवमी को लेकर तेतुलमारी, ईस्ट बसुरिया व कतरास में फ्लैग मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेतुलमारी/कतरास।** रामनवमी एवं रमजान पर्व को लेकर मंगलवार को तेतुलमारी थाना प्रभारी आशीष यादव, ईस्ट बसुरिया ओपी प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। वही कतरास थाना के दरोगा मुनेश्वर तिवारी ने भी पुलिस जवानों के साथ मिलकर कतरी नदी किनारे से सब्जी पट्टी



होते हुए पूरे क्षेत्र में रामनवमी एवं रमजान पर्व को लेकर फ्लैग मार्च किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने की अपील करते हुए बताया कि सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस के अनुसार रामनवमी एवं रमजान पर्व पर आपसी भाईचारे एवं शांति सद्भाव के साथ मनाए किसी भी समुदाय के धार्मिक भावना को आहत न पहुंचाये। किसी भी तरह के भ्रामक सूचना वीडियो फोटो आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया में पोस्ट करने से बचे। किसी भी अप्रिय घटना होने पर तुरंत स्थानीय प्रशासन को सूचित करें रामनवमी के जुलूस का संचालन निर्धारित रूट से ही करें। किसी भी कीमत पर जुलूस संचालन में रूट बदलाव ना करें जुलूस में डीजे का प्रयोग प्रतिबंधित है तथा अत्यधिक ध्वनि में लाउडस्पीकर पर भी रोक है। मौके पर कतरास थाना के दर्जनों जवान मौजूद थे।

## गांधी शिल्प बाजार का हुआ समापन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में दस दिवसीय गांधी शिल्प बाजार का समापन मंगलवार को हुआ। सभी शिल्पकारों को वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मेला में भागेदारी का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) द्वारा प्रायोजित एवं आयोजक, ऑल इंडिया परिवर्तन सेवा समिति द्वारा लगाये गये इस फेयर में लगभग देश अलग-अलग 20 राज्यों से करीब 250 शिल्पकार अपने हैंडमैड उत्पाद लेकर पहुंचे थे। 100 स्टॉलों में जूट, डोकरा, बांस, टेराकोटा, काष्ठ शिल्प, कारपेट, भागलपुरी सिल्क, साउथ इंडियन डिजायनर साड़ी, फर्नीचर, कशिदाकारी सूट, राजस्थानी जूती, गुजराती सूट-साड़ी, शांति निकेतन बैग, आर्टिफिशियल ज्वेलरी इत्यादि उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की गयी। धनबाद में शिल्प कलाकारों को इस बाजार के माध्यम से मार्केटिंग प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने की दिशा में एक अच्छी पहल साबित हुयी। पहली बार आए शिल्पकारों की कलात्मक वस्तुओं से धनबाद वासी काफी प्रभावित हुए। लोगों ने अपनी पसंद की चीजों की जमकर खरीदारी की। 17 से 26 मार्च तक के लिए आयोजित इस मेले की अवधि मौसम की वजह से दो दिन बढ़ाकर 28 मार्च तक किया गया था। मौसम की खलल के बावजूद शिल्पकारों के उत्पादों की अच्छी बिक्री हुई। शिल्पकारों ने अच्छी बिक्री और कलात्मक वस्तुओं की चाहत और रुझान रखने वाले इस जिले में कद्रदानो को देखकर काफी संतुष्ट होकर दुबारा अपने कलात्मक उत्पादों को लेकर धनबाद आने की इच्छा जाहिर की। कई राज्यों से पहली बार धनबाद आयीं महिला शिल्पकारों के कलात्मक उत्पादों को लोगों ने खूब पसंद किया।

## गौ हत्या पर लगे पूर्णतः रोक, नहीं तो होगा व्यापक आंदोलन : रमेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सेल्यूट तिरंगा संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखण्ड प्रभारी रमेश पांडेय के एवं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रंजन चौधरी के नेतृत्व में मंगलवारं को वेडिंग बेल्स गेस्ट हाउस में भव्य मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें रमेश पांडेय के द्वारा सैकड़ो युवाओं को तिरंगा पट्टा ओर भगवा वस्त्र देकर संगठन में सदस्यता ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा उपस्थित हुए। वही प्रदेश व जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहे। इस दौरान रमेश पांडेय ने कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बात करते हुए कहा कि झारखण्ड में गो हत्या पर पूर्णतः रोक लगनी



चाहिए। झारखण्ड सरकार व प्रशासन सख्ती से गो हत्या पर रोक लगाने का कार्य करे। अन्यथा सेल्यूट तिरंगा संगठन पूरे जोरो से आंदोलन करेगी। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता बॉबी पांडेय, प्रदेश कार्यकारी समिति अध्यक्ष रवि संकर तिवारी, किन्नर समाज की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष श्वेता देवी, अनिल शर्मा, सुजीत झा, जितेंद, मनिसा, पूनम, दिषु, नीरज चंद्रवंशी, अमलेश, नागेंद्र, राकेश, विजय सहाय, रोशनी पांडे, फुल जोशी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## रामनवमी को लेकर चंद्रपुरा में निकाला फ्लैग मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंद्रपुरा/बेरमो।** रामनवमी को लेकर चंद्रपुरा थाना प्रभारी कार्तिक महतो के नेतृत्व में तेलो में दलबल के साथ फ्लैग मार्च किया गया। जो महतो मार्केट से होकर हरिजन टोला, तेलीबांध, मिचाटांड़ लालबांध, मस्जिद टोला, नेहरू स्कूल चौक, लालाजी चौक समेत तेलो के विभिन्न टोलों का पैदल मार्च करते हुए महतो मार्केट पहुंचे। इस दौरान थाना प्रभारी कार्तिक महतो ने कहा कि रामनवमी में विधि व्यवस्था के साथ शांतिपूर्ण वातावरण बना रहे, जिससे किसी तरह की कोई अप्रिय घटना ना हो। सभी चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहेगी। उन्होंने लोगो से भी अपील किया जुलूस के दौरान किसी तरह की कोई बात होती है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस



को देने का काम करे। पुलिस तुरंत करवाई करेगी। उन्होंने अखाड़ा दल के पदाधिकारियों को भी निर्देश दिया कि अपने सभी स्वयं सेवकों को ड्रेस कोड जरूर दे। फ्लैग मार्च में चंद्रपुरा प्रशासन की ओर से जीतमोहन स्वामी, राजेश कुमार दांगी, रतन कुमार, मदन कुमार, विक्रम कुमार मुर्मू के साथ तेलो मध्य पंचायत के मुखिया युगल महतो, तेलो पश्चिमी पंचायत मुखिया जितेंद्र शर्मा, पंसस सदानन्द महतो, मंटू महतो, ईश्वर महतो, डॉ आरपी यादव, रोहनलाल महतो समेत पुलिस बल के जवान सामिल थे।

## नावाडीह में हुआ स्वास्थ्य मेला का आयोजन




**नावाडीह/बेरमो(आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन नावाडीह स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में किया गया। स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ नावाडीह प्रमुख पूनम देवी, उप प्रमुख हरिलाल महतो, सीओ अशोक कुमार सिन्हा, बीडीओ संजय सांडिल्य, चिकित्सा प्रभारी कामेश्वर महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर प्रमुख पुनम देवी ने कहा कि नावाडीह प्रखंड में इस तरह का कैंप हमेशा लगाया जाए ताकि यहां के गरीब परिवारों को लाभ मिल सके। मेले में सामान्य ओपीडी, डेन्टल सर्जन, महिला ओपीडी, एनसीडी बीपी सुगर आरटीआईएसआईटी, एड्स जागरूकता, युवा मैत्री केन्द्र अनिमिया परामर्श एवं दवा वितरण, पीपी मलेरिया कार्यक्रम, परिवार नियोजन परामर्श एवं सामगती वितरण सहित कुल 18 स्टोल लगाया गया था। जिसमें अनेक रोगों के स्पेशलिस्ट चिकित्सक मौजूद थे। उन्होंने मरीजों का बारी-बारी से इलाज किया। इस स्वास्थ्य मेले में डूमरी आजसू प्रभारी यशोदा देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष बृजलाल हांसदा, उपाध्यक्ष गणेश महतो, आजसू पार्टी जिला सचिव बोबी पटेल, प्रखंड साधन सेवी लालचंद महतो, डॉ सरोज कुमारी, डॉ राजेश प्रसाद, डॉ राकेश भारती, डॉ संतोष कुमार, डॉ जयदेव पंडित, डॉ श्रीनिवास, मलेरिया निरीक्षक भानू महतो, प्रधान सहायक मधुर गिरी सहित काफी संख्या में मरीज शामिल हुए।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ हुआ चैती पर्व छठ का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली (बेरमो)।** उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर छठ व्रतियों ने चार दिनो से चल रहे आस्था का पर्व छठ का समापन की। यह पर्व प्रत्येक वर्ष चैत तथा कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। पूरे कोलयांचल फुसरो हिंदुस्तान पुल के समीप, करगली फिल्टर प्लांट, चंद्रपुरा, जरीडीह बाजार इत्यादि स्थानों पर आस्था का अर्घ्य दिया गया। आज सर्वार्थ सिद्धि और रवि नामक शुभ योग भी था, जिससे इस दिन का महत्व बढ़ गया। वर्तियो द्वारा बांस की टोकरी( दौड़ा) में बांस का सूप में फल प्रसाद रख घाट, तलाब, नदी गये। दौड़ा वर्तियां स्वयं या घर के सदस्य अपने सिर पर रखकर घाट तक गये। प्रसाद में गन्ना, गुर की बनी



प्रसाद (ठेकुआ), फल इत्यादि शामिल थे। घाट के किनारे प्रसाद से भरी दौड़ा रखकर सूप में प्रसाद रखकर सूर्य देवता को नमन किया गया। जिसमें घर के सदस्य व पड़ोसी सहित कई श्रद्धालू शामिल हुए। घरवालों तथा श्रद्धालुओ ने मिलकर अर्घ्य दिलवाये। उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही लोकआस्था का महापर्व छठ संपन्न हो गया। उसके बाद व्रतियों ने 36 घंटे का निर्जला वर्त का दही, लस्सी व अन्य खाद्य सामग्री ग्रहण कर तोड़ी। इस दौरान वर्तियों ने भगवान भास्कर से सुख समृद्धि और पूरे दुनिया में शांति के लिए कामना की।



इसके पूर्व सोमवार को आस्था का महापर्व का तीसरा दिन अस्ताचलगामी सूर्य को वर्तियो ने अर्घ्य दी। इस अर्घ्य की सिर्फ धार्मिक मान्यताएं नहीं बल्कि विज्ञान में भी इसके कई फायदों के बारे में बताया गया है।

सूर्य देवता को बांस के बने जिस सूप और डाले में रखकर प्रसाद अर्पित किया जाता है, उसे सामाजिक रूप से अत्यंत पिछड़ी जाति के लोग बनाते हैं। इससे सामाजिक संदेश एकदम स्पष्ट है।

सूर्यषष्ठी व्रत में लोग उगते हुए सूर्य की भी पूजा करते हैं साथ ही डूबते हुए सूर्य की भी उतनी ही श्रद्धा से पूजा करते हैं। इसमें कई तरह के संकेत छिपे हैं। ये पूरी दुनिया में भारत की आध्यात्मकि श्रेष्ठता को दिखाता है।

**क्लबों और समाजसेवी संस्थाओं का रहा योगदानः**

छठ पर्व को लेकर विभिन्न क्लबों और समाजसेवी संस्थाओं के योगदान अभूतपूर्व रहा। सड़क की सफाई, पानी छिड़काव से लेकर लाइट लगवाने तक में संस्थाएं व क्लबों के सदस्यों ने अपना योगदान दिया। संध्या अर्घ्य के समय दौड़ा ले जाते वक्त इन संस्थाओं के लोगों ने दौडे में अपनी तरफ से श्रद्धा पूर्वक फल और नारियल प्रसाद के रूप में दिये। वही मंगलवार को आम का दातुन, गाय का दूध, पीने का पानी आदि की व्यवस्था की गई थी।

# टाटा स्टील मेरामंडली इस्पात सुरक्षा पुरस्कार से सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** नरेंद्रपुर स्थित टाटा स्टील मेरामंडली (टीएसएम) को उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक संयुक्त कमिटी अन सेफटी ऐंड इस्पात उद्योग में सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण (जेसीएसएसआइ) से सम्मान जनक 'इस्पात सुरक्षा पुरस्कार' प्राप्त किया। यह पुरस्कार विशिष्ट राष्ट्रीय सुरक्षा संगठन जेसीएसएसआइ द्वारा अपने वार्षिक इस्पात सुरक्षा पुरस्कार समारोह 22 मार्च को रांची में आयोजित किया गया था और टीएसएम को विभिन्न क्षेत्रों में 12 पुरस्कार हासिल किया ।

कैलेंडर वर्ष 2021/ 22 के दौरान ₹एकीकृत इस्पात संयंत्रों में कोई घातक दुर्घटना नहीं घटी, जबकि 2021 के दौरान एकीकृत इस्पात संयंत्रों में चुक्ति भीतिक (ठोका) श्रमिक से जुड़ी कोई घातक दुर्घटना नहीं हुई। ये पुरस्कार टीएसएम के विभिन्न विभागों को दिए गये, जैसे कोक ओवन, ब्लास्ट फर्नेस, सिंटर प्लांट्स, रॉ मैटेरियल हैंडलिंग सिस्टम, स्टील मेल्टिंग शॉप्स, शेयर्ड सर्विस, रोलिंग मिल्स और मेरामंडली संयंत्र की इंजीनियरिंग और परियोजनाएं सुरक्षा में उनके योगदान को देखते हुए दिया गया। टीएसएम के इंजीनियरिंग और परियोजनाएं ने लगातार चौथी बार पुरस्कार जीत हासिल किया, यानी 2018-2019, 2019-2020, 2020-2021 और 2021-2022। टीएसएम की ओर से उपेंद्र प्रसाद यादव मुख्य वर्कप्लेस सेफ्टी, सुब्रत कुंडू मुख्य ऑपरेशन ब्लास्ट फर्नेस, जुगनू कोठारी मुख्य ऑपरेशन सिंटर प्लांट, पुष्पेंद्र कुमार मुख्य बाय उत्पाद संयंत्र कोक ओवन, राजेश कुमार दुबे प्रमुख, केंद्रीय रखरखाव के साथ दूसरे ने पुरस्कार प्राप्त किया।

# धोखाधड़ी एवं बरतने योग्य एहतियात विषय पर ऑनलाइन संगोष्ठी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** 27 मार्च को भुवनेश्वर आंचलिक कार्यालय में बैंकों में धोखाधड़ी एवं बरतने योग्य एहतियात विषय पर ऑनलाइन संगोष्ठी आयोजित की गयी। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में स्वागत संबोधन आंचलिक प्रबंधक महोदय मलयदास एस द्वारा किया गया। उन्होंने संगोष्ठी में आमंत्रित सभी का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि स्वरूप प्रधान कार्यालय से राजभाषा प्रमुख मउ मैत्रा, सहायक महाप्रबंधक, राजभाषा विभाग द्वारा बताया गया कि विभिन्न धोखाधड़ी से हम छोटे -छोटे सुरक्षात्मक कदमों के सहयोग से बच सकते है।

मुख्य वक्ता के रूप में वेद प्रकाश ओझा, मुख्य प्रबंधक, सुरक्षा विभाग द्वारा पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से बहुत सारे धोखाधड़ी के माध्यम और उनसे बचाव के बारे में बताया गया। प्रतिक्रिया सत्र में नराकास बैंक भुवनेश्वर के सदस्य, एलआइसी के राजभाषा प्रभारी बिपिन एक्का द्वारा भी सुरक्षित उपायों के बारे में बताया गया।

इंदौर अंचल के अमरीश कुमार, मुख्य प्रबंधक, राजभाषा विभाग द्वारा उक्त संगोष्ठी से ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त होने हेतु सराहना की गयी। इस संगोष्ठी में 32 राजभाषा अधिकारियों द्वारा सहभागिता की गयी। कार्यक्रम संचालन सोनिया सावंत वरिष्ठ प्रबंधक, राजभाषा द्वारा किया गया।

# वेदांता लांजीगढ़ के छात्रों ने तीरंदाजी प्रतियोगिता में जीते 14 मेडल



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। मेटलर्जिकल ग्रेड एल्यूमिना के भारत के प्रमुख उत्पादक वेदांता लिमिटेड लांजीगढ़ ने स्थानीय समुदायों में युवाओं और बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों में एक नया मील का पत्थर हासिल किया है। एक शानदार तीरंदाजी प्रशिक्षण पहल के छात्रों ने हाल ही में सुंदरगढ़ में आयोजित स्टेट स्कूल मीट में 14 पदक जीत हासिल की। कुल मिलाकर,उन्होंने प्रतियोगिता में अंडर-17 और अंडर-14 श्रेणियों में 5 स्वर्ण, 4 रजत और 5 कांस्य पदक जीते, जिसमें ओडिशा के 200 से अधिक छात्रों ने भाग लिये थे। उनकी उपलब्धि की सराहना करते हुए जीजी पाल वेदांता लिमिटेड के अतिरिक्त सीइओ एल्युमिना बिजनेस ने कहा कि खेलों में भाग लेना हमारे युवाओं में कई जीवन मूल्यों को विकसित करने का एक शानदार तरीका है, जिसमें कड़ी मेहनत, फोकस, दृढ़ संकल्प और अनुशासन शामिल हैं। हमारे जमीनी स्तर के खेल प्रशिक्षण पहलों के छात्रों द्वारा जारी उत्कृष्ट प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए खुशी हो रही है।

# यूनियन बैंक बालेश्वर ने बालिका छात्रावास को वाटर प्यूरीफायर दिया




भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। 24 मार्च को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय बालेश्वर द्वारा बैंक की इंपॉवर हर पहल के अंतर्गत सत्यसाई विद्या मंदिर, ओटी रोड के बालिका छात्रावास में वाटर प्यूरीफायर प्रदान किया। इस मौके पर निरंजन बारिक क्षेत्र प्रमुख गजेंद्र नाथ दास, उप क्षेत्र प्रमुख तथा दामोदर नायक, विद्यालय के प्रधानाचार्य उपस्थित थे। इस मौके पर विद्यालय परिसर में एक शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों का खाता खोलने का प्रयास किया गया।

# पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन संबलपुर ने सैनिटरी नैपकिन बांटे



संबलपुर (आजाद सिपाही)। पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन , संबलपुर की अध्यक्ष अंजनी सिंह के नेतृत्व में रेल नगर, संबलपुर में महिलाओं और लड़कियों को सैनिटरी नैपकिन वितरित करने की एक नेक पहल की। उनके साथ पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर की उपाध्यक्ष रुचिका सिंह और अन्य सदस्य भी थे। उन्होंने महिलाओं और लड़कियों के साथ बातचीत की और उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता पर परामर्श दिया। यह मासिक धर्म स्वच्छता और अच्छे स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर द्वारा एक नेक सामाजिक पहल है।

# एनटीपीसी ने झारखंड चेस फेस्टिवल में उभरती युवा प्रतिभाओं को दिया बढ़ावा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर / हजारीबाग ।** हजारीबाग जिला शतरंज संघ (एचडीसीए) एनटीपीसी माइनिंग झारखंड शतरंज महोत्सव 2023 के बैनर तले 21 से 28 मार्च तक 22वें झारखंड शतरंज महोत्सव का आयोजन किया गया। यह पहली बार है, जब एनटीपीसी कोयला माइनिंग मुख्यालय, रांची ने सह-ब्रांडिंग के लिए शतरंज घटना चैंपियनशिप आयोजित की है। नमन विद्या, हजारीबाग परिसर में इस टूर्नामेंट में पूरे झारखंड राज्य से लगभग 300 से 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया। शतरंज टूर्नामेंट अंडर -7, 9, 11, 13 ओपन और गर्ल्स चेस चैंपियनशिप - 2023 और झारखंड स्टेट सब जूनियर एफआइडीइ (इंटरनेशनल शतरंज फेडरेशन, जो अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता और रैंकिंग को नियंत्रित करता है) रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप 2023 का आयोजित किया गया। इसके विजेताओं को झारखंड राज्यराष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चुना जायेगा और खिलाड़ियों को झारखंड से राष्ट्रीय स्तर पर खेलने और प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

एनटीपीसी खनन झारखंड शतरंज महोत्सव का उद्घाटन विद्या भूषण, सदर एसडीएम, हजारीबाग ने किया। यह पहली बार है कि हजारीबाग जिला शतरंज संघ छात्रों के लिए इतनी बड़ी राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गयी। पार्थ मजूमदार, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने आयोजन के सफल आयोजन के लिए एचडीसीए को बधाई दी। चैंपियनशिप के अंतिम दिन 28 मार्च को विजेताओं को गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया गया।

# तीन जोड़ी ट्रेनों का ब्रजराजनगर और दो जोड़ियों का बेलपहाड़ में स्टापेज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** यात्रियों की सुविधा और यात्रा करने वाली जनता की मांगों को देखते हुए छह महीने की अवधि के लिए प्रायोगिक आधार पर बेलपहाड़ और ब्रजराजनगर में निम्नलिखित ट्रेनों का ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

**ब्रजराजनगर में ठहराव :** 24 मार्च को दोनों तरफ से चलने वाली 18477/18478 पुरी-योग नगरी-पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस ब्रजराज नगर में रुकेगी। यह ट्रेन पुरी से निकल कर 10 बजकर 58 मिनट पर ब्रजराज नगर पहुंचेगी और 11 बजे ऋषिकेश के लिए रवाना होगी। वापसी में यह ट्रेन ऋषिकेश से 12.23 बजे ब्रजराज नगर पहुंचेगी और 12.25 बजे पुरी की ओर रवाना होगी।

22866/22865 पुरी-मुंबई एलटीटी-पुरी एक्सप्रेस पुरी से 28 मार्च और मुंबई से एलटीटी 30 मार्च को ब्रजराज नगर में रुकेगी। यह ट्रेन पुरी से निकल कर 1409 बजे ब्रजराज नगर पहुंचेगी और 1411 बजे मुंबई एलटीटी की ओर रवाना होगी। वापसी में यह ट्रेन मुंबई एलटीटी से निकल कर 2310 बजे ब्रजराज नगर पहुंचेगी और 2312 बजे पुरी की ओर रवाना होगी। 20813/20814 जोधपुर-पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस जोधपुर से 25 मार्च को और पुरी से 29 मार्च को ब्रजराज नगर में रुकेगी। यह ट्रेन जोधपुर से निकल कर 00.24 बजे ब्रजराज नगर पहुंचेगी और 00.26 बजे पुरी की ओर रवाना होगी। वापसी में यह ट्रेन पुरी से निकल कर 00.46 बजे ब्रजराज नगर पहुंचेगी और 00.48 बजे जोधपुर की ओर रवाना होगी।

**बेलपाहाड़ में ठहराव :** 18477/18478 पुरी-योग नगरी-पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस 24 मार्च को दोनों तरफ से छूटने वाली बेलपाहाड़ में रुकेगी। यह ट्रेन पुरी से निकल कर 11.09 बजे बेलपाहाड़ पहुंचेगी और 11.11 बजे ऋषिकेश के लिए रवाना होगी। वापसी में यह ट्रेन ऋषिकेश से निकल कर 12.06 बजे बेलपहाड़ पहुंचेगी और 12.08 बजे पुरी की ओर रवाना होगी।



































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**